पञ्चसंग्रहः

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला [प्राकृत ग्रन्थाङ्क-१०]

पञ्चसंग्रहः

[संस्कृतटीका-प्राकृतवृत्ति-हिन्दीभाषानुवादसहितः]

—सम्पादक—

पण्डित हीरालाल जैन, सिद्धान्तशास्त्री

भारतीय ज्ञानपीठ, काशी

प्रथम आवृत्ति
११०० प्रति

भाद्रपद, वीर नि० २४८७
वि० सं० २०१७
अगस्त १९६०

मूल्य
पन्द्रह रुपये

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्व० पुण्यश्लोका माता मूर्तिदेवीकी पवित्र स्मृतिमें तत्सुपुत्र साहू शान्तिप्रसादजी द्वारा

संस्थापित

भारतीय ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन-ग्रन्थमाला

प्राकृत ग्रन्थाङ्क १०

इस ग्रन्थमालामें प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, हिन्दी, कन्नड, तामिल आदि प्राचीन भाषाओंमें उपलब्ध आगमिक, दार्शनिक, पौराणिक, साहित्यिक और ऐतिहासिक आदि विविध-विषयक जैन साहित्यका अनुसन्धानपूर्ण सम्पादन और उसका मूल और यथासम्भव अनुवाद आदिके साथ प्रकाशन होगा। जैन भण्डारोंकी सूचियाँ, शिलालेख-संग्रह, विशिष्ट विद्वानोंके अध्ययन-ग्रन्थ और लोकहितकारी जैन-साहित्य ग्रन्थ भी इसी ग्रन्थमालामें प्रकाशित होंगे।

ग्रन्थमाला सम्पादक

डॉ. हीरालाल जैन,
एम० ए०, डी० लिट्०

डॉ. आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्ये,
एम० ए०, डी० लिट्०

प्रकाशक

मन्त्री, भारतीय ज्ञानपीठ,
दुर्गाकुण्ड रोड, वाराणसी

मुद्रक—बाबूलाल जैन फागुल्ल, सन्मति मुद्रणालय, दुर्गाकुण्ड रोड, वाराणसी

स्थापनाब्द
फाल्गुन कृष्ण ६
वीर नि० २४७०

विक्रम सं० २०००
१८ फरवरी सन् १९४४

सर्वाधिकार सुरक्षित

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्वर्गीय मातेश्वरी, मातेश्वरी साहु शान्तिप्रसाद जैन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

JNĀNAPĪTHA MŪRTIDEVĪ JAINA GRANTHAMĀLĀ
PRAKRIT GRNTHA, No. 10

PAÑCASANGRAHA

SANSKRIT ṬĪKĀ, PRĀKRIT VṚITTI AND HINDI TRANSLATION

EDITOR

Pandit **HIRALAL JAIN** Siddhantashastri

Published by

BHĀRATĪYA JNĀNAPĪṬHA, KĀSHĪ

First Edition
1100 Copies

BHĀDRAPAD, VIRA SAMVAT 24[illegible]
V. S. 2017
AUGUST 1960

Price
Rs. 15/-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

BHĀRATĪYA JNĀNAPĪTHA Kashi

FOUNDED BY

SĀHU SHĀNTIPRASĀD JAIN

IN MEMORY OF HIS LATE BENEVOLENT MOTHER

SHRĪ MŪRTIDEVĪ

BHĀRATĪYA JNĀNAPĪTHA MŪRTIDEVĪ JAIN GRANTHAMĀLĀ

PRAKRIT GRANTHA No. 10

IN THIS GRANTHAMĀLĀ CRITICALLY EDITED JAIN ĀGAMIC, PHILOSOPHICAL, PAURANIC, LITERARY, HISTORICAL AND OTHER ORIGINAL TEXTS AVAILABLE IN PRAKRIT, SANSKRIT, APABHRANSHA, HINDI, KANNADA, TAMIL ETC., WILL BE PUBLISHED IN THEIR RESPECTIVE LANGUAGES WITH THEIR TRANSLATIONS IN MODERN LANGUAGES

AND

CATALOGUES OF JAIN BHANDARAS, INSCRIPTIONS, STUDIES OF COMPETENT SCHOLARS & POPULAR JAIN LITERATURE WILL ALSO BE PUBLISHED.

General Editors

Dr. Hiralal Jain, M. A., D. Litt.
Dr. A. N. Upadhye, M. A., D. Litt.

Publisher

Secy., Bharatiya Jnanapitha, Durgakund Road, Varanasi

Founded on
Phalguna krishna 9.
Vira Sam. 2470

Vikrama Samvat 2000
18 Febr. 1944.

All Rights Reserved

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रधान सम्पादकोंका वक्तव्य

कर्म और कर्मफलका चिन्तन मानव जीवनकी एक प्राचीनतम प्रवृत्ति है। प्रत्येक व्यक्ति यह देखना और जानना चाहता है कि वह जो कुछ करता है उसका क्या फल होता है। इसी अनुभवके आधारपर वह यह भी निश्चित करता है कि किस फलकी प्राप्तिके लिए उसे कौन-सा काम करना चाहिए। इस प्रकार मानवीय सभ्यताका समस्त ऐतिहासिक, सामाजिक व धार्मिक चिन्तन किसी-न-किसी प्रकार कर्म और कर्मफलको अपना विषय बनाता चला आ रहा है।

कर्म व कर्मफल सम्बन्धी चिन्तनकी दृष्टिसे संसारके समस्त दर्शनोंको दो भागोंमें विभक्त किया जा सकता है—एक वे दर्शन हैं जो कर्मफल सम्बन्धी कारण-कार्य परम्पराको इस जीवन-भर तक चलनेवाली ही मानते हैं। वे यह विश्वास नहीं करते कि इस देहके विनष्ट हो जानेपर उसके कार्योंकी कोई परम्परा आगे चलती है। ऐसी मान्यता रखनेवाले दर्शनोंको भौतिकवादी कहा जाता है, क्योंकि उसके अनुसार जीवन सम्बन्धी समस्त प्रवृत्तियाँ पञ्चभूतोंके मेलसे प्राणीके गर्भ या जन्म-कालसे प्रारम्भ होती हैं और आयुके अन्तमें शरीरके विनष्ट होकर पञ्चभूतोंमें मिल जानेपर उसकी समस्त प्रवृत्तियोंका अवसान हो जाता है।

इसके विपरीत दूसरे प्रकारके वे दर्शन हैं जो मानते हैं कि पञ्चभूतात्मक शरीरके भीतर एक अन्य तत्त्व, जीव व आत्मा, विद्यमान है जो अनादि और अनन्त है। उसकी अनादि-कालीन सांसारिक यात्राके बीच किसी विशेष भौतिक शरीरको धारण करना और उसे त्यागना एक अवान्तर घटनामात्र है। आत्मा ही अपने भौतिक शरीरके साधनसे नाना प्रकारकी मानसिक, वाचिक व कायिक क्रियाओं द्वारा नित्य नये संस्कार उत्पन्न करता, उसके फलोंको भोगता और उन्हींके अनुसार एक योनिको छोड़ दूसरी योनिमें प्रवेश करता रहता है, जब तक कि वह विशेष क्रियाओं द्वारा अपनेको शुद्ध कर इस जन्म-मरण रूप संसारसे मुक्त होकर सिद्ध नहीं हो जाता। ऐसी ही मुक्ति व सिद्धि प्राप्त करना मानव-जीवनका परम उद्देश्य होना चाहिए और इसी उद्देश्यकी पूर्तिके लिए आचार्योंने धर्मका उपदेश दिया है। इस प्रकारकी मान्यताओंको स्वीकार करनेवाले दर्शन अध्यात्मवादी कहलाते हैं।

जैन-दर्शन अध्यात्मवादी है और कर्म-सिद्धान्त उसका प्राण है। जैन कर्म-सिद्धान्तमें यह चिन्तन बड़ी गम्भीरता, सूक्ष्मता और विस्तारसे किया गया है कि विश्वके मूल तत्त्व क्या हैं और उनमें किस प्रकारके विपरिवर्तनों द्वारा प्रकृति और जीवनके नाना रूपोंकी विचित्रता उत्पन्न होती है। जैन मान्यतानुसार विश्वके मूल तत्त्व दो हैं—जीव और अजीव अथवा चेतन और जड़। निर्जीव अवस्थामें पृथ्वी, जल, अग्नि व वायु ये सब एक ही जड़ तत्त्वके रूपान्तर हैं, जिसे जैन-दर्शनमें पुद्गल कहा गया है। आकाश और काल भी जड़ तत्त्व हैं, किन्तु वे उपर्युक्त पृथ्वी आदिके समान मूर्तिमान् नहीं अमूर्त्त हैं। जीव व आत्मा इन सबसे पृथक् तत्त्व है जिसका लक्षण है चेतना। वह अपनी सत्ताका भी अनुभव करता है और अपने आस-पासके पर पदार्थोंका भी ज्ञान रखता है। उसकी इन्हीं दो वृत्तियोंको जैन-सिद्धान्तमें दर्शन और ज्ञानरूप उपयोग कहा गया है। दैहिकावस्थामें यह जीव अपनी रागद्वेषात्मक मन-वचन-कायकी प्रवृत्तियों द्वारा सूक्ष्मतम पुद्गल परमाणुओंको ग्रहण करता है और उनके द्वारा नाना प्रकारके आभ्यन्तर संस्कारोंको उत्पन्न करता है। जिन सूक्ष्म परमाणुओंको जीव ग्रहण करता है उन्हें ही जैन सिद्धान्तमें कर्म कहा गया है। उनके आत्म-प्रदेशोंमें आ मिलनेकी प्रक्रियाका नाम आस्रव है, और इस मेलके द्वारा जो शक्तियाँ व आत्म-स्वरूपकी विकृतियाँ उत्पन्न होती हैं उनका नाम बन्ध है। कर्म-बन्धकी इसी प्रक्रियाको विधिवत् समझाना जैन कर्म-सिद्धान्तका विषय है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जैन-साहित्यमें कर्म-सिद्धान्तका सबसे प्राचीन प्रतिपादन पूर्वोमें किया गया था। जैन-धर्मके अन्तिम तीर्थंकर भगवान् महावीरने जो उपदेश दिया उसको उनके गणधरों व साक्षात् शिष्योंने बारह अंगोंमें विभक्त किया। इन्हें ही द्वादशांग श्रुत या जैनागम कहा जाता है। बारहवें श्रुतांगका नाम दृष्टिवाद है और उसीके भीतर विद्यमान चौदह खण्डोंका नाम 'पूर्व' है। वे पूर्व इस कारण कहलाये कि भगवान् महावीरने उन्हींका सर्वप्रथम उपदेश दिया था। नाना उल्लेखोंपरसे यह भी अनुमान किया जाता है कि उनमें भगवान् महावीरसे भी पूर्वके तीर्थंकरों द्वारा उपदिष्ट सिद्धान्तोंका समावेश किया गया था, और इसीलिए वे पूर्व कहलाये। दुर्भाग्यसे वे पूर्व नामक ग्रन्थ कालक्रमसे विनष्ट हो गये। तथापि जैन-समाजके दिगम्बर और श्वेताम्बर ये दोनों सम्प्रदाय इस सम्बन्धमें एकमत हैं कि उक्त १४ पूर्वोमें दूसरा पूर्व आग्रायणीय नामक था और उसीके भीतर कर्म-सिद्धान्तका सूक्ष्म विवेचन किया गया था। उसीके आधारसे पश्चात्कालमें दिगम्बर सम्प्रदायके क्रमशः षट्खण्डागम व उनकी धवला टीका, कषायप्राभृत और उसकी चूर्णि व जयधवला टीका, गोम्मटसार व उसकी टीकाएँ तथा प्राकृत व संस्कृत पञ्चसंग्रह नामक ग्रन्थोंकी रचना हुई, तथा श्वेताम्बर सम्प्रदायमें भी कर्मप्रकृति, पञ्चसंग्रह तथा उनके कर्म-ग्रन्थोंका निर्माण हुआ।

प्रस्तुत पञ्चसंग्रह नामक ग्रन्थ कर्म-सिद्धान्तकी उक्त दिगम्बर परम्पराकी एक विशिष्ट रचना है, जो हाल ही प्रकाशमें आई है। उसके पाँच प्रकरणोंके नाम हैं—जीवसमास, प्रकृति-समुत्कीर्तन, कर्मस्तव, शतक और सत्तरी। इनमेंसे प्रथम तीन अधिकारोंके नाम तो उनके विषयको सूचित करनेवाले हैं, किन्तु शतक और सत्तरी विषयको नहीं, किन्तु विषयको प्रतिपादन करनेवाली मूल सौ और सत्तर गाथाओंको देखकर रख दिये गये हैं। यथार्थतः ये नाम मूल ग्रन्थमें पाये भी नहीं जाते। शतककी प्रथम मूलगाथामें कहा गया है कि यह बन्ध-समास प्रकरण संक्षेप रूपसे कर्मप्रवाद नामक श्रुतसागरका निस्यन्दमात्र वर्णन किया गया है। इसी प्रकार सत्तरीकी प्रथम मूलगाथामें कर्ताने कहा है कि मैं यहाँ बन्धोदय व सत्त्व प्रकृति-स्थानोंको दृष्टिवादके निस्यन्द रूप संक्षेपसे कहता हूँ तथा ७१ वीं मूलगाथामें कहा है कि मैंने उक्त विषयका प्रतिपादन उस दृष्टिवादके आधारसे किया है जो दुर्गमनीय, निपुण, परमार्थ, रुचिर और बहुभङ्गी युक्त है।

श्वेताम्बर पञ्चसंग्रहमें भी अन्तिम दो प्रकरणोंके नाम ये ही शतक और सत्तरी पाये जाते हैं। उसके प्रथम तीन प्रकरणोंके नाम सत्त्वकर्मप्राभृत, कर्मप्रकृति और कषायप्राभृत ध्यान देने योग्य हैं। दिगम्बर परम्परामें कषायप्राभृत गुणधर आचार्यकृत गाथात्मक रचना है और उसमें रागद्वेषात्मक बन्धहेतुओंका ही प्ररूपण किया गया है। षट्खण्डागमकी धवला टीकाके अनुसार दृष्टिवादके द्वितीय पूर्व आग्रायणीयके पाँचवें अधिकारका नाम च्यवनलब्धि था और उसके २० पाहुडोंमेंसे चतुर्थ पाहुडका नाम था कर्म-प्रकृति। इसी कर्म-प्रकृति पाहुड़के अन्तर्गत कृति, वेदना आदि २४ अधिकार थे जिनका संक्षेप परिचय षट्खंडागम व उसकी धवला टीकामें कराया गया है और उसे संतकम्मपाहुड़ भी कहा गया है। इस प्रकार जहाँ तक कर्म-सिद्धान्तका सम्बन्ध है, न केवल विषयकी दृष्टिसे किन्तु अपने प्राचीनतम ग्रन्थोंके नामों तकमें दिगम्बर और श्वेताम्बर सम्प्रदायोंके बीच कोई विशेष भेद नहीं पाया जाता।

प्रस्तुत पञ्चसंग्रहके पाँचों अधिकारोंमें मूल गाथाओंकी संख्या ४४५ तथा भाष्यगाथाओंकी संख्या ८६४ कुल १३०९ दिखाई देती है। प्रथम दो अधिकारोंमें भाष्यगाथाएँ नहीं हैं, तथा दूसरे प्रकरण प्रकृति-समुत्कीर्तनमें गाथाएँ केवल १० ही है, किन्तु कर्म प्रकृतियोंको गिनानेवाला बहुत-सा अंश प्राकृत गद्यमें है, जो षट्खंडागमके प्रथम खंड जीवट्ठाणकी प्रकृति-समुत्कीर्तन नामक प्रथम चूलिकासे प्रायः जैसेका-तैसा उद्धृत किया गया है और अधिकारका नाम भी वही है। समस्त रचना गोम्मटसारसे भी खूब मेल खाती है। गोम्मटसारका भी दूसरा नाम पञ्चसंग्रह है। वहाँ भी जीवकाण्डकी प्रथम गाथामें **'जीवस्स परूवणं वोच्छं'** रूपसे अधिकारके विषयका निर्देश किया गया है जो इस संग्रहमें भी जैसाका तैसा पाया जाता है। उसी प्रकार कर्मकाण्डके आदिमें 'पयडिसमुक्कित्तणं वोच्छं' रूपसे जैसी अधिकारकी सूचना की गई है ठीक वैसी ही यहाँपर पाई जाती है। गोम्मटसारका तीसरा अधिकार 'बंधुदयसत्तजुत्तं ओघादेसे **थवं** वोच्छं' इस

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकार कर्मस्तव अधिकारकी सूचनासे प्रारंभ होता है और यहाँ 'बंधोदयसंतजुयं वोच्छामि थवं णिसामेह' इस प्रतिज्ञा वाक्यके साथ। चतुर्थ अधिकार कर्मकाण्डकी ७८५ वीं गाथामें **'पयडीणं पच्चयं** वोच्छं'के प्रतिज्ञा-वाक्यसे प्रारम्भ होता है, और यहाँ 'जं पच्चइओ बंधो हवइ'। पाँचवाँ प्रकरण दोनोंमें उक्त प्रकार व्यवस्थित रीतिसे मेल नहीं खाता। गोम्मटसारकी कुल गाथा संख्या १७०५ है, जिनमेंकी बहुत-सी, विशेषत: प्रस्तुत पञ्चसंग्रहके आदिके दो-तीन भागोंमें क्रमबद्ध जैसीकी तैसी पाई जाती हैं। यही कारण है कि इसके संस्कृत टीकाकार सुमतिकीर्तिने अपनी पुष्पिकाओंमें इसे गोम्मटसार व लघुगोम्मटसार सिद्धांतके नामसे उल्लिखित किया है। जो भी हो किन्तु इसमें सन्देह नहीं कि गोम्मटसार और प्रस्तुत पञ्चसंग्रहमें असाधारण मेल है। बीस प्ररूपणाओं द्वारा जीव समास निरूपण इन दोनोंमें समान है।

गोम्मटसारके कर्ता नेमिचंद्र सिद्धांत-चक्रवर्ती और उसका रचना-काल १०वीं शतीके सम्बन्धमें कोई सन्देह नहीं। किन्तु प्रस्तुत पञ्चसंग्रहके कर्ता और उनके रचनाकालका कोई निश्चय नहीं पाया जाता। प्रस्तुत ग्रंथकी भूमिकामें सम्पादकने कल्पना की है कि इसकी एक गाथा धवला टीकामें भी पाई जाती है, इस-लिए इसकी रचना उससे पूर्वकालकी होनी चाहिए, तथा कर्मप्रकृतिके कर्ता शिवशर्म ही श्वेताम्बर पञ्चसंग्रह अंतर्गत शतकके रचयिता भी माने जाते हैं, अतः उसका रचनाकाल इसकी पूर्वावधि कहा जा सकता है, और इस प्रकार इसकी रचना विक्रमकी ५वीं और ८वीं शतीके मध्यवर्ती कालमें हुई है। किन्तु पूर्वोक्त समस्त ग्रन्थ-परम्पराके प्रकाशमें यह कल्पना निर्णायक नहीं मानी जा सकती। विषयकी दृष्टिसे सम्पादकने हमारा ध्यान इसकी कुछ गाथाओंकी ओर आकर्षित किया है। इसके प्रथम अधिकारकी गाथा १०२–१०४ में द्रव्यवेदोंकी विपरीतताका उल्लेख किया गया है, जबकि धवलाकारने स्पष्ट कहा है कि वेद अन्तर्मुहूर्तक नहीं होते, क्योंकि जन्मसे लेकर मरण पर्यन्त एक ही वेदका उदय पाया जाता है। यही बात अमितगतिने अपने संस्कृत पञ्चसंग्रहकी गाथा १९१ में कही है। उसी प्रकार प्रस्तुत ग्रन्थके प्रथम प्रकरण १९३ की गाथामें सम्यग्दृष्टि जीवकी छह अधस्तन पृथिवियों, ज्योतिषी, वाणव्यंतर और भवनवासी देवों तथा समस्त स्त्री पर्यायोंके अतिरिक्त बारह मिथ्यावादोंमें भी उत्पत्तिका निषेध किया गया है। किन्तु धवला और गोम्मट-सारमें एक ही प्रकारसे उक्त निरूपण किया गया है जिसमें बारह मिथ्यावादका कोई उल्लेख नहीं है। यथार्थतः ये दोनों प्रकरण उक्त रचनाको धवलासे पूर्वकी नहीं, किन्तु उससे पश्चात्कालीन इंगित कर रहे हैं। धवलाकारने अपने पूर्ववर्ती सिद्धान्त ग्रन्थोंका यत्र-तत्र स्पष्ट उल्लेख किया है। यदि यह पञ्चसंग्रह उनके सम्मुख होता तो कोई कारण नहीं कि वे उसका उल्लेख न करते, विशेषतः बीस प्ररूपणाओंके प्रसंगमें जहाँ उन्हें शंका-समाधान रूपमें कहना पड़ा है कि उनके निर्देश सूत्रोंमें नहीं हैं। अन्य किन्हीं रचनाओंमें भी इस ग्रन्थका उल्लेख प्रकाशमें नहीं आया। संस्कृत पञ्चसंग्रहके कर्ता अमितगतिके सम्मुख कोई पूर्व-रचित पञ्चसंग्रह अवश्य था, जिसके अन्तिम दो प्रकरणोंके नाम शतक और सत्तरी थे। यह बात माने बिना उनके द्वारा स्वीकार किये गये इन नामोंकी सार्थकता सिद्ध नहीं होती, क्योंकि वहाँ स्वयं इन प्रकरणोंमें सौ और सत्तर पद्योंसे अधिक पाये जाते हैं। सम्भव है प्रस्तुत पञ्चसंग्रहका मूलगाथा भाग ही उनके सम्मुख रहा हो। यदि यह बात ठीक हो तो इसके मूलरचनाकी उत्तरावधि वि० सं० १०७३ सिद्ध होती है, क्योंकि यही उस संस्कृत पञ्चसंग्रहकी रचनाका काल है। किन्तु इन दोनों रचनाओंमें जो अनेक भेद पाये जाते हैं, जिनका उल्लेख प्रस्तुत ग्रन्थके सम्पादकने अपनी भूमिकामें किया है, उन्हें देखते हुए यह बात भी सर्वथा सन्देहके परे नहीं कही जा सकती। इस प्रकार इस रचनाका काल-निर्णय अभी भी विशेष अध्ययनकी अपेक्षा रखता है। हो सकता है कि मूलतः ये पाँचों प्रकरण पृथक् स्वतन्त्र गाथा-संग्रह थे, जिन्हें एकत्र कर व अन्य कुछ गाथाएँ जोड़कर भाष्यकारने पञ्चसंग्रह नामसे प्रगट किया हो। इस सम्बन्धमें यह भी विचार-णीय है कि जब पूर्वों व पाहुड़ोंकी परम्परामें षट्खण्डागम व धवला टीकाके काल तक कर्मसिद्धान्तका विवेचन बन्ध, बन्धक, बन्धनीय और बन्ध विधान इन चार अधिकारों द्वारा ही किया जाता रहा, तब यह पाँच अधिकारों-की परम्परा कब कहाँसे चल पड़ी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पञ्चसंग्रहका यह सर्व-प्रथम प्रकाशन है और उसमें उस समस्त साहित्यका समावेश कर दिया गया है जो मूल संग्रहके आश्रयसे निर्मित हुआ है। इसमें मूल और भाष्य गाथाओंके अतिरिक्त १७वीं शतीमें सुमतिकीर्ति द्वारा रचित टीका भी है, एक प्राकृत वृत्ति भी है तथा श्रीपालसुत डड्ढकृत संस्कृत पञ्चसंग्रह भी है। मूलका पाठ हिन्दी अनुवाद, पादटिप्पण तथा गाथानुक्रमणी व भूमिका परिश्रमसे तैयार किये गये हैं, जिसके लिए हम इसके सम्पादक पं० हीरालाल शास्त्रीको हृदयसे धन्यवाद देते हैं। इस प्रकाशन-के लिए ज्ञानपीठके अधिकारी अभिनन्दनीय हैं। इस ग्रन्थके द्वारा जैन कर्म-सिद्धान्तके अध्ययनको और भी अधिक गति मिलेगी, ऐसी आशा है।

शोलापुर
१५-६-६०

हीरालाल जैन,
आ० ने० उपाध्ये
प्रधान सम्पादक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्पादकीय वक्तव्य

पन्द्रह वर्षसे भी अधिक हुए, जब मुझे प्राकृत पञ्चसंग्रहकी मूल प्रति ऐलक पन्नालाल सरस्वती भवन ब्यावरसे प्राप्त हुई और तभी मैंने उसकी प्रतिलिपि कर ली। उसके पश्चात् अन्य कार्योंमें व्यस्त रहनेसे इच्छा रहनेपर भी मैं उसका अनुवाद प्रारम्भ नहीं कर सका। दिनाङ्क ८–३–५३ को अनुवाद करना प्रारम्भ किया, पर वह भी लगातार चालू नहीं रह सका और बीच-बीचमें व्यवधान पड़ता रहा। अन्तमें सन् १९५७ के दिसम्बरमें वह पूरा किया जा सका और उसके पश्चात् वह प्रकाशनार्थ भारतीय ज्ञानपीठ काशी-को सौंप दिया गया। सम्पादक-मण्डलकी स्वीकृति मिल जानेपर ग्रन्थ प्रेसमें दे दिया गया। इसी समय पञ्च-संग्रहकी अधूरी संस्कृत टीका हस्तगत हुई और उसके प्रकाशनार्थ भी सम्पादक-मण्डलको लिखा गया। उसके भी प्रकाशनकी स्वीकृति मिलनेपर मूल और अनुवादके साथ नवमें फार्मसे उसका छपना प्रारम्भ कर दिया गया। इसी बीच प्राकृतवृत्तिकी प्रति आमेरके भण्डारसे और डड्ढाकृत संस्कृत पञ्चसंग्रहकी प्रति ईडरके भण्डारसे प्राप्त हुई। दोनोंकी उपयोगिता समझकर उनके भी प्रकाशनार्थ सम्पादक-मण्डलने स्वीकृति दे दी और अनु-वादके अन्तमें दोनोंको मुद्रित करनेका निर्णय किया गया। फलस्वरूप १८ मासमें यह सम्पूर्ण ग्रन्थ मुद्रित हो सका है। इस प्रकार पूरे पन्द्रह वर्षके पश्चात् पञ्चसंग्रहके सानुवाद-प्रकाशनकी भावना पूर्ण हुई। इसके लिए मैं भारतीय ज्ञानपीठके संस्थापक, संचालक और सम्पादक-मण्डलका आभारी हूँ।

ग्रंथके सम्पादनमें पहले मूलगाथा दी गई है, उसके नीचे संस्कृत टीका (जहाँसे वह उपलब्ध हुई) और उसके नीचे हिन्दी अनुवाद दिया गया है। अमितगतिकृत मुद्रित मूल-संस्कृत पञ्चसंग्रहके जो श्लोक मूल गाथाके छायानुवाद रूप हैं, उन्हें गाथारम्भमें रोमन अङ्कोंके द्वारा टिप्पण-अङ्क देकर टिप्पणीमें सर्वप्रथम स्थान दिया गया है। दूसरे ग्रन्थोंमें पायी जानेवाली या समता रखनेवाली गाथाओंके ऊपर हिन्दी अङ्कोंमें टिप्पण-अङ्क देकर उसके नीचे टिप्पणीमें स्थान दिया गया है। तदनन्तर प्रतियोंमें प्राप्त होनेवाले पाठ-भेदों-को (+) इत्यादि प्रकारके चिह्न-विशेष देकर टिप्पणीमें स्थान दिया गया है। इन तीनों प्रकारकी टिप्पणियोंमें से प्रथम प्रकारकी टिप्पणीको ग्रन्थारम्भसे लेकर ग्रन्थ-समाप्ति तक चालू रहनेके कारण प्रथम स्थान देना उचित समझा गया है।

संस्कृत टीका-गत जो पद्य जिस ग्रन्थके रहे हैं, उनकी सूचना टिप्पणीमें यथास्थान कर दी गई है। डड्ढाकृत संस्कृत पञ्चसंग्रहमें जो टिप्पणियाँ दी गई हैं, वे सब आदर्श प्रतिके हासियेपर लिखी हुई प्राप्त हुई हैं। प्रतिकी प्राचीनता, लेखनकी समता और अर्थ-बोधकी सरलता आदि कई बातें ऐसी हैं जो हमें यह कहनेके लिए प्रेरित करती हैं कि इन टिप्पणियोंको स्वयं ग्रन्थकार श्री डड्ढाने ही लिखा है।

पञ्चसंग्रह जैसे प्राचीन एवं दुर्गम ग्रन्थके अनुवादका काम कितना कठिन रहा है, यह उसके अभ्या-सियोंसे छिपा न रहेगा। मैंने शक्ति-भर पूरी सावधानी रखी है, फिर भी यदि कहीं कोई चूक रह गई हो, तो विद्वान् पाठकोंसे निवेदन है कि वे उसका सुधार कर लेवें और उससे मुझे सूचित करें।

किसी भी ग्रन्थकी प्रस्तावना लिखनेका कार्य अनुवादसे अधिक कठिन होता है। फिर जिसके कर्त्ता आदिका पता न हो, और दि० श्वे० दोनों सम्प्रदायोंमें मान्य रहा हो, तथा जिसपर दोनों सम्प्रदायके आचार्योंने स्वतन्त्र चूर्णि और टीका-टिप्पण आदि लिखे हों, उसकी प्रस्तावना लिखनेका कार्य तो और भी अधिक गुरुतर एवं समय-साध्य होता है। उसके लिए पर्याप्त समय और पर्याप्त ऐतिहासिक सामग्री अपेक्षित है। मेरे लिए समय और साधन दोनोंकी कमी रही है, इसलिए चाहते हुए भी मैं उन सब बातोंपर प्रकाश नहीं डाल सका हूँ, जिनपर कि उसकी आवश्यकता थी। फिर भी कुछ महत्त्वपूर्ण बातोंकी मैंने प्रस्तावनामें चर्चा की है और आशा करता हूँ कि इस विषयके अधिकारी विद्वान् अपेक्षित सभी मुख्य बातोंपर अनुसन्धान करेंगे और उसे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठकोंके सामने रखेंगे। खास तौरसे वे 'पञ्चसंग्रहकार कौन हैं, उनका समय क्या रहा,' इस महत्त्वपूर्ण प्रश्नके समाधानके लिए अपनी अनुसन्धान-प्रवृत्तिको आगे बढ़ावें, ऐसा मेरा नम्र निवेदन है। प्रस्तावनाके लिए ग्रन्थको और आगे रोकना मैंने उचित नहीं समझा और इसलिए जैसी भी सम्भव हो सकी है, वैसी लिखकर उसे पाठकोंके सम्मुख उपस्थित करना ही उचित समझा है।

प्रतियोंकी प्राप्तिके लिए मैं श्री ऐलक पन्नालाल दि० जैन सरस्वती भवन ब्यावर, दि० जैन पंचायती मन्दिर, खजूर मस्जिद दिल्ली, दि० जैनशास्त्र-भण्डार ईडर और श्रीमहावीर-शास्त्र-भण्डार जयपुरके संचालकों और व्यवस्थापकोंका आभारी हूँ, जिन्होंने कि अपने-अपने भण्डारोंसे अलभ्य प्राचीन प्रतियाँ प्रस्तुत संस्करणके लिए भेजी हैं। पं० परमानन्दजी शास्त्रीने भी अपनी हस्तलिखित मूल प्रति और प्राकृतवृत्ति मिलानके लिए दी, इसलिए मैं उनका भी आभारी हूँ।

ग्रन्थके अधिकार-विभाजनमें श्री पं० कैलाशचन्द्रजी सिद्धान्त-शास्त्रीने समय-समयपर समुचित परामर्श दिया और संस्कृत टीकाके भी साथमें प्रकाशनार्थ प्रेरणा दी, इसके लिए मैं उनका भी आभारी हूँ। ग्रन्थगत अनेक संदिग्ध पाठोंके निर्णय करनेमें तथा अनुवाद-सम्बन्धी कितनी ही गुत्थियोंके सुलझानेमें श्री० पं० फूलचन्द्रजी सिद्धान्तशास्त्रीका सदैवकी भाँति पूर्ण साहाय्य प्राप्त हुआ है, इसलिए मैं उनका भी बहुत आभारी हूँ। सिद्धान्त ग्रन्थोंके गहरे अभ्यासी श्री० ब्र० रतनचन्द्रजी नेमिचन्द्रजी सहारनपुरसे भी समय-समयपर समुचित सूचनाएँ मिलती रही हैं, और श्री० पं० महादेवजी चतुर्वेदी, व्याकरणाचार्य काशीसे अनेक संदिग्ध पाठोंके संशोधनमें भरपूर सहयोग मिला है; एतदर्थ मैं उनका भी आभारी हूँ।

ग्रन्थ-मुद्रणके समय प्रूफ़-संशोधनार्थ मुझे भारतीय ज्ञानपीठ काशीमें तीन बार लम्बे समय तक ठहरना पड़ा। उस समय मेरी सुख-सुविधा एवं मुद्रण आदिकी समुचित व्यवस्था करनेमें ज्ञानपीठके व्यवस्थापक और उनके स्टाफके समस्त सदस्योंका जो प्रेममय व्यवहार रहा है, उसके लिए मैं किन शब्दोंमें अपनी कृतज्ञता व्यक्त करूँ। सन्मति-मुद्रणालयके कम्पोजीटर्स और कर्मचारियों तकका मेरे साथ मधुर व्यवहार रहा है, इसके लिए मैं उन सबका आभारी हूँ।

श्रावक-शिरोमणि श्रीमान् साहू शान्तिप्रसादजी द्वारा संस्थापित एवं सौ० श्री रमारानी द्वारा संचालित यह भारतीय ज्ञानपीठ अपने पवित्र सदुद्देश्योंकी पूर्तिमें उत्तरोत्तर अग्रेसर रहे, यही अन्तिम मङ्गल-कामना है।

भारतीय ज्ञानपीठ, काशी
२९-४-६०

—हीरालाल शास्त्री
साढ़ूमल (झाँसी)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तावना

मूलग्रन्थ प्रति-परिचय

अ यह प्रति श्री ऐलक पन्नालाल दि० जैन सरस्वती भवन ब्यावरकी है। प्राकृत पञ्चसंग्रहकी जितनी भी प्रतियाँ हमें मिल सकीं, उनमें यह सबसे प्राचीन है और अत्यन्त शुद्ध भी है। हमने इसीको आधार बनाकर पञ्चसंग्रहकी प्रतिलिपि की, अतः यह हमारे लिए आदर्श-प्रति रही है।

इस आदर्श-प्रतिका आकार १३ × ५ इंच है। पत्र-संख्या ७९ है। पत्रके प्रत्येक पृष्ठपर पंक्ति-संख्या १० है और प्रत्येक पंक्तिमें अक्षर-संख्या लगभग ५० के है। इस प्रकार पञ्चसंग्रहकी समस्त गाथाओं, अंक-संदृष्टियों और गद्यांशोंका श्लोक-प्रमाण लगभग ढाई हजार है।

प्रतिके प्रथम पत्रके ऊपरी पृष्ठपर 'पंचसंग्रह ग्रंथ, दिगम्बर जैन मन्दिर गोजगढ़, राज सवाई जैपुर' लिखा है। प्रतिके अन्तमें लेखक-प्रशस्ति इस प्रकार पाई जाती है—

"संवत् १५३७ वर्षे आषाढ़ सुदि ५ श्रीमूलसंघे नंद्याम्नाये बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे श्रीकुन्दकुन्दाचार्यान्वये भट्टारकश्रीपद्मनन्दिदेवास्तत्पट्टे भट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेवास्तत्पट्टे भट्टारकश्रीजिनचन्द्रदेवास्तच्छिष्यमुनिश्रीभुवनकीर्त्तिस्तदाम्नाये खंडेलवालान्वये राउकागोत्रे साधु थेल्हा तद्भार्या थेल्हसिरी, तत्पुत्रास्त्रयो धीरा दानपूजातत्पराः साधु नापा, द्वितीय माणा, तृतीय पेता। नापा-भार्या गोगल, तत्पुत्र दासा। एतेषां मध्ये साधु नापाख्येन इदं ग्रन्थं लिखाप्य बाई गूजरिजोगु दत्तं विद्वद्भिः पठ्यमानं चिरं नंदतु ॥०॥श्री॥"

उक्त प्रशस्तिसे सिद्ध है कि यह प्रति ४८० वर्ष प्राचीन है। इसे खंडेलवाल-वंशीय एवं रांवका-गोत्रीय नापासाहुने लिखवाकर किसी ब्रह्मचारिणी बाई गूजरिजोगुके पठनार्थ प्रदान किया है। नापासाहुने अपने जन्मसे किस नगर या ग्रामको पवित्र किया, इस बातका पता उक्त प्रशस्तिसे नहीं लगता है। संभव है कि प्रशस्तिमें दी गई भट्टारक-परम्पराकी विशेष छान-बीन करनेपर नापासाहुकी जन्म-भूमि आदिका कुछ पता लग जावे।

ब यह प्रति भी श्री ऐलक पन्नालाल दि० जैन सरस्वती भवनकी है। उपलब्ध प्रतियोंमें प्राचीनताकी दृष्टिसे इसका दूसरा स्थान है और यह भी पूर्व प्रतिके समान शुद्ध है। हाँ, प्राकृत भाषा-सम्बन्धी अनेक पाठ-भेद इसमें पाये जाते हैं, जिन्हें हमने यथास्थान टिप्पणमें ब संकेतके साथ दिया है। दोनों प्रतियोंमें एक मौलिक अन्तर है। शतक-प्रकरणकी गाथा नं० ६ आदर्शप्रतिमें नहीं है, जबकि वह इस प्रतिमें तथा इसके अतिरिक्त उपलब्ध अन्य अनेक प्रतियोंमें पाई जाती है।

इस प्रतिका आकार लेना हम भूल गये। पत्र-संख्या १०६ है। पत्रके प्रत्येक पृष्ठपर पंक्ति-संख्या १० है और प्रत्येक पंक्तिमें अक्षर-संख्या ३४-३५ के लगभग है। इस प्रतिमें ग्रन्थ-समाप्तिकी सूचना करते हुए निम्न गद्य-सन्दर्भ भी पाया जाता है—

"इति पंचसंग्रहः समाप्तः ॥ श्री ॥ ★ ॥ वासपुधत्तं त्रयाणामुपरि नवानां मध्यं ४–५–६–७–८–९॥ श्री क्वचित्समाप्तौ चेति दृश्यते ॥७।८॥ अंतःकोडाकोडिसंज्ञा सागरोपमैककोट्युपरि कोटीकोटीमध्यं। अन्तः-कोडाकोडिसंज्ञा गोमटसारटीकायां समयूणकोडाकोडिप्पहुदि समयाहियकोडि त्ति ॥"

इस गद्य-सन्दर्भमें किसी पाठकने तीन बातोंकी जानकारी दी है—पहली बातमें वर्षपृथक्त्वका प्रमाण बतलाया है कि तीन वर्षसे ऊपर और नौ वर्षसे नीचेके मध्यवर्ती कालको वर्षपृथक्त्व कहते हैं। दूसरी बात 'इति' शब्दके सम्बन्धमें बतलाई है कि इति शब्दका प्रयोग कहीं 'समाप्ति'के अर्थमें भी देखा जाता है। तीसरी बात जो बतलाई गई है, वह एक सैद्धान्तिक मत-भेदको व्यक्त करती है। एक मतके अनुसार एक सागरोपम कोटि वर्षसे ऊपर और एक सागरोपम कोटाकोटि वर्षसे नीचेके कालको 'अन्तःकोडाकोडी' कहते हैं। किन्तु गोम्मटसारकी टीकामें एक समयाधिक कोटिवर्षसे लेकर एक समय-कम कोटाकोटिवर्ष तकके कालको अन्तः-कोडाकोडी कहा गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसके पश्चात् लेखकने अपनी प्रशस्ति इस प्रकार दी है—

"॥श्री॥ संवत् १५४८ वर्षे आसो सुदि ३ शनौ सागवाडाशुभस्थाने श्री आदिनाथ चैत्यालये श्री मूलसंघे सरस्वतीगच्छे बलात्कारगणे श्रीकुन्दकुन्दाचार्यान्वये भ० श्री विजयकीर्त्ति तच्छिष्य आ० श्री अभयचन्द्रदेवाः तच्छिष्य मु० महीभूषणेन कर्मक्षयार्थं स्वयमेव लिखितं ॥छ॥ शुभं भवतु ॥"

॥ श्री ॥ श्री ॥ श्री ॥ श्री ॥ श्री ॥ श्री ॥ श्री ॥

इस प्रशस्तिमें लेखकने प्रायः सभी आवश्यक बातोंकी जानकारी दे दी है। तदनुसार यह प्रति आजसे ४६९ वर्ष पूर्वकी लिखी हुई है। इसके लेखक मुनि महीभूषणने सागवाड़ाके श्री आदिनाथ चैत्यालयमें बैठकर कर्म-क्षयके लिए स्वयं ही अपने हाथसे इसे लिखा है। इस दृष्टिसे इस प्रतिका महत्त्व बहुत अधिक है कि वह एक मुनिके हाथसे लिखी हुई है और उस समय—जब कि जीवराज पापड़ीलाल जैसे सम्पन्न गृहस्थ सहस्रों जैन मूर्त्तियोंके निर्माण और प्रतिष्ठापनमें लग रहे थे, तब एक साधु कर्म-सिद्धान्तके एक प्राचीन ग्रन्थको लिखकर कर्म-क्षयके लिए अपनी आत्म-साधनामें संलग्न थे। आज भी यह अनुकरणीय है।

उक्त प्रशस्तिके पश्चात् भिन्न वर्णकी स्याही और बारीक कलमसे लिखा है—

"मुनिश्रीरविभूषणस्तच्छिष्य ब्रह्मगणजीष्णोरिदं पुस्तकं ॥"

तत्पश्चात् भिन्न कलमसे 'ब्र० वछराज' लिखा है। तदनन्तर इसके नीचे अन्य स्याही और अन्य कलमसे लिखा है—

"इदं पुराणं आचार्य श्री रामकीर्त्तिको छै"

ऊपरके इन उल्लेखोंसे पता चलता है कि मुनि महीभूषणके पश्चात् उक्त प्रति मुनि श्री रविभूषणके शिष्य ब्रह्मगण जिष्णुके पास रही है। तदनन्तर ब्र० बच्छराजजीके अधिकारमें रही है, जो कि अपना नाम तक भी शुद्ध नहीं लिख सकते थे। उनके पश्चात् यह प्रति 'श्री रामकीर्ति' के पास रही है। उनके ज्ञान और भावनाका अनुमान इस जरा-सी पंक्तिसे ही हो जाता है कि वे पंचसंग्रह जैसे कर्म-सिद्धान्तके ग्रन्थको एक पुराण ही समझते हैं और इसपर अपना अधिकार बतलानेके लिए स्वयं ही अपने आपको "आचार्यश्री" बतलाते हुए "रामकीर्त्तिको छै" लिख रहे हैं। ये आचार्य नहीं, किन्तु कोई ऐसे भट्टारक प्रतीत होते हैं, जिन्हें उक्त पंक्तिके प्रारम्भिक 'इदं' पदका 'अस्ति' क्रियाके साथ सम्बन्ध जोड़ने और पद-विभक्तिको शुद्ध लिखनेका भी संस्कृत ज्ञान नहीं था।

उपरि-निर्दिष्ट दोनों प्रतियोंके अतिरिक्त हमें जयपुर-शास्त्र भण्डारकी दूसरी दो और प्रतियाँ भी श्री कस्तूरचन्द्रजी काशलीवालकी कृपासे प्राप्त हुईं, जो कि ऐलक सरस्वती भवनकी प्रतियोंके बादकी लिखी हुई हैं। इनमें प्रायः वे ही पाठ उपलब्ध हुए, जो कि ऊपरकी दोनों प्रतियोंमें पाये जाते हैं। किन्तु अपेक्षाकृत ये दोनों प्रतियाँ कुछ स्थलोंपर अशुद्ध लिखी दृष्टि-गोचर हुईं, अतएव उनके साथ प्रेस-कापीका मिलान करनेपर भी उनके पाठ-भेद देना हमने आवश्यक नहीं समझा और इसीलिए उन प्रतियोंका कोई परिचय भी नहीं दिया जा रहा है।

संस्कृत टीका प्रतिका परिचय

द यह प्रति श्रीदि० जैन पंचायती मन्दिर खजूर मस्जिद दिल्लीके प्राचीन शास्त्र-भण्डारकी है। यद्यपि यह प्रति अत्यन्त जीर्ण-शीर्ण और खण्डित है, तथापि उक्त शास्त्रभण्डारके संरक्षकोंने उसका जीर्णोद्धार करके उसे पढ़ने और प्रतिलिपि करनेके योग्य बना दिया है। वर्तमान प्रतिमें प्रारम्भके दो पत्र तथा १८१ और १९४ का पत्र तो बिलकुल ही नहीं हैं, १८२ वाँ पत्र आधा है और २४–२५वाँ पत्र खण्डित एवं गलित है तथा बीचके कितने ही पत्रोंमें पानी लग जानेके कारण स्याही फैल गई है। इस प्रतिके अन्तमें पत्र-संख्या यद्यपि २०१ दी हुई है तथापि उसकी प्रतिलिपि करते समय ज्ञात हुआ कि प्रारम्भसे लेकर ५४वें पत्रके उत्तरार्धकी १३वीं पंक्ति तक तो पञ्चसंग्रहकी केवल मूल गाथाएँ ही लिखी गई हैं, टीकाका प्रारम्भ तो इस पत्रके उत्तरार्धकी १३वीं पंक्तिके 'खीयंति ॥३३॥ च्छ्वासाः ४ प्रत्येकशरीरं'से होता है। इस स्थलको देखते

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हुए यह स्पष्ट ज्ञात हो जाता है कि इस प्रतिके लेखकको भी प्रस्तुत टीका प्रारम्भसे नहीं प्राप्त हुई है, प्रत्युत मूल पञ्चसंग्रह और उसकी संस्कृत टीकाकी खण्डित प्रतियाँ ही प्राप्त हुई हैं और लेखकने उसकी पूर्वापर छान-बीन किये विना ही प्रतिलिपि करते हुए एक ही सिलसिलेसे पत्रोंपर अङ्क-संख्या डाल दी है।

पत्र ५४के जिस स्थलसे टीकाका 'प्रत्येकशरीरं' अंश प्रारम्भ होता है, वह यह सूचित करता है, कि इस प्रतिके लेखकके सामने प्रस्तुत टीकाका प्रारम्भिक अंश नहीं रहा है। गहरी छान-बीनके बाद ज्ञात हुआ कि टीकाका जो अंश उपलब्ध हो रहा है, वह पञ्चसंग्रहके तीसरे कर्मस्तवकी ४० वीं गाथाके चतुर्थ चरणका टीकांश है। इस प्रकार यह निष्कर्ष निकला कि पञ्चसंग्रहके समग्र प्रथम, द्वितीय प्रकरणोंकी, तथा तृतीय प्रकरणके प्रारम्भसे लेकर ४० गाथाओंकी टीका अनुपलब्ध है। फिर भी यह उचित समझा गया कि जहाँसे भी टीका उपलब्ध है, वहाँसे ही मुद्रित कर देना चाहिए। अन्यथा कालान्तरमें यह अवशिष्ट अंश भी नष्ट हो जावेगा।

उपलब्ध प्रतिका आकार ८१/२ × ४१/२ इञ्च है। पत्र-संख्या २०१ है। प्रत्येक पत्रमें पंक्तिसं० पत्र ५५ तक १६ और आगे १५ हैं। प्रत्येक पंक्तिमें अक्षर-संख्या ५०–५२ है। यदि प्रारम्भकी अप्राप्त टीकाके पत्रोंकी संख्या ५४ ही मान ली जाय तो प्रस्तुत टीका १० हजार श्लोक प्रमाण सिद्ध होती है। इसमेंसे यदि मूल ग्रन्थकी गाथाओंका लगभग दो हजार प्रमाण कम कर दिया जावे, तो टीका परिमाण आठ हजार श्लोक-प्रमाण ठहरता है। प्रस्तुत प्रतिके अन्तमें निम्न पुष्पिका पाई जाती है—

"सं० १७११ वर्षे शाके १५७६ प्रवर्तमाने आश्विन सुदि ९ सोमवासरे श्रीपट्टणानगरे चतुर्मासि कृता। श्रेयोऽर्थ कल्याणमस्तु।"

प्रतिके इस लेखनकालसे ज्ञात होता है कि यह टीका-प्रति टीका-रचनाके ठीक ९१ वर्षके बाद लिखी गई है। यद्यपि लेखक या लिखानेवालेका इसमें कोई उल्लेख नहीं है तथापि 'चतुर्मासि' कृता पदसे यह अवश्य ज्ञात होता है कि किसी अच्छे ज्ञानी साधु, भट्टारक या ब्रह्मचारीने पटना नगरमें किये हुए चौमासेमें इसे लिखा है। इस प्रतिके अक्षर अत्यन्त सुन्दर हैं और प्रायः सभी संदृष्टियोंकी रेखाएँ लाल स्याहीसे खींची गई हैं।

इस टीका-प्रतिको देखते हुए ऐसा स्पष्ट ज्ञात होता है कि इस प्रतिके लिखे जानेके पश्चात् किसी विद्वान्ने उसे पढ़ा है और संशोधन भी किया है जो कि हासियेपर भिन्न स्याही और भिन्न कलमसे अंकित है।

प्राकृतवृत्ति-परिचय

संस्कृत-टीकाकी प्रशस्तिके पश्चात् परिशिष्ट रूपमें जो प्राकृत वृत्ति-सहित मूल पंचसंग्रह मुद्रित (पृ० ५४७ई०) किया गया है, उसकी दो प्रतियाँ हमें उपलब्ध हुई—एक श्री कस्तूरचन्द्रजी काशलीवालकी कृपासे जयपुर शास्त्र-भण्डारकी और दूसरी पं० परमानन्दजी शास्त्रीकी कृपासे—जिसपर कि ऐलक पन्नालाल दि० जैन सरस्वती भवन बम्बईकी मुहर लगी हुई है। इन दोनोंमें पहली बहुत प्राचीन है और दूसरी एक दम अर्वाचीन। वस्तुतः इसे नवीन ही कहना चाहिए, क्योंकि यह १५-२० वर्ष पूर्वकी ही लिखी हुई है और बहुत ही अशुद्ध है। इस प्रतिके लेखकने जिस प्राचीन प्रति परसे उसकी प्रतिलिपि की, वह सम्भवतः प्राचीन लिपिको ठीक पढ़ नहीं सका और इसीलिए उसकी प्रत्येक पंक्ति अशुद्धियोंसे भरी हुई है।

जयपुर-शास्त्र-भण्डारकी जो प्रति प्राप्त हुई, उसके आधारपर ही प्राकृत-वृत्तिकी प्रेस कापी की गई है। प्रतिलिपि करते हुए हमें यह अनुभव हुआ कि जहाँ एक ओर वह प्रति उपरिनिर्दिष्ट समस्त प्रतियोंमें सर्वाधिक प्राचीन है, वहाँपर उसकी लिखावट भी अति दुरूह है। इसके लिखनेमें—खासकर नहीं पढ़े जा सकनेवाले सन्दिग्ध पाठोंके शुद्ध रूपकी कल्पना करनेमें हमें पर्याप्त परिश्रम करना पड़ा है, तथापि कितने ही स्थल संदिग्ध ही रह गये और उनके स्थानपर या तो [ ] इस प्रकारके खड़े कोष्ठकके भीतर कल्पित पाठ लिखा गया, अथवा (?) ऐसे गोल कोष्ठके भीतर प्रश्नवाचक चिह्न देकर छोड़ देना पड़ा। इस प्रतिका आकार १२ × ४१/२ इंच है और पत्र संख्या ९८ है। वेष्टन नं० १००४ है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रतिके अन्तमें जो लेखक-प्रशस्ति पाई जाती है, वह इस प्रकार है—

"संवत् १५२६ वर्षे कार्तिक सुदि ५ श्रीमूलसंघे सरस्वती गच्छे बलात्कारगणे श्रीकुन्दकुन्दाचार्यान्वये भ० श्रीपद्मनन्दिस्तत्पट्टे भ० श्रीशुभचन्द्रदेवास्तत्पट्टे भ० श्रीजिनचन्द्रदेव भ० श्रीपद्मनन्दिसिक्ष (शिष्य) मु० मदनकीर्त्तिस्तच्छिष्य ब्र० नरसिंघ तस्योपदेशात् खण्डेलवालान्वये वाकुल्या वालगोत्रे सं पचाइण भार्या केलू तयो त्र जैता भार्या जैतश्री तयोः पुत्र जिणदास सं० पचाइणाख्येन इदं शास्त्रं लिखापितम् ।"

इस प्रशस्तिसे स्पष्ट है कि इस प्रतिको ब्र० नरसिंहके उपदेशसे खण्डेलवाल वंशीय और बाकलीवाल-गोत्रीय संघी या संघपति पचाइणने लिखवाया ।

प्राकृतवृत्तिके पश्चात् (पृ० ६६३ ई०) श्रीडड्ढाकृत संस्कृत पञ्चसंग्रह मुद्रित किया गया है। इसकी एक मात्र प्रति ईडरके शास्त्र-भण्डारसे प्राप्त हुई है जिसका वेष्टन नं० २१ है। इसका आकार १२×५ इञ्च है। पत्र-संख्या ९५ है। प्रति-पृष्ठ पंक्ति-संख्या १० और प्रति-पंक्ति अक्षर-संख्या ३५-३६ है। प्रति साधारणतः शुद्ध है, किन्तु पडिमात्रा और गुजराती टाइपकी अक्षर-बनावट होनेसे पढ़नेमें दुर्गम है। कागज बाँसका और पतला है। प्रतिके अन्तमें लेखन-काल नहीं दिया है, तथापि वह लिखावट आदिकी दृष्टिसे, ३०० वर्षके लगभग प्राचीन अवश्य है।

पञ्चसंग्रह-परिचय

समस्त जैन वाङ्मयमें पंचसंग्रहके नामसे उपलब्ध या उल्लिखित ग्रन्थोंकी तालिका इस प्रकार है—

(१) **दि० प्राकृतपञ्चसंग्रह**—उपलब्ध सर्व पञ्चसंग्रहोंमें यह सबसे प्राचीन दि० परम्पराका ग्रन्थ है। मूल प्रकरणोंके समान उनके संग्रह करनेवाले और उनपर भाष्य-गाथाएँ लिखनेवाले इस ग्रन्थकारका नाम और समय अभी तक अज्ञात है। पर इतना तो निश्चय पूर्वक कहा ही जा सकता है कि श्वेताम्बराचार्य श्री चन्द्रर्षिमहत्तरके द्वारा रचे गये पंचसंग्रहसे यह प्राचीन है। मूलप्रकरणोंके साथ इसकी गाथा-संख्या १३२४ है। गद्यभाग लगभग ५०० श्लोक प्रमाण है। यह प्रस्तुत ग्रन्थ पहली बार प्रकाशित हो रहा है।

(२) **श्वे० प्राकृत पञ्चसंग्रह**—कर्मसिद्धान्तकी जिन मान्यताओंमें दिगम्बर-श्वेताम्बर आचार्योंका मतभेद रहा है, उनमेंसे श्वे० परम्पराके अनुसार मन्तव्योंको प्रकट करते हुए प्राचीन शतक आदि पाँच ग्रन्थोंका संक्षेप कर स्वतन्त्ररूपसे इस ग्रन्थकी रचना की गई है। इसमें शतक आदि मूलग्रन्थोंकी गाथाएँ नहीं हैं। समस्त गाथा-संख्या १००५ है। रचना कुछ क्लिष्ट होनेसे ग्रन्थकारने इस पर स्वोपज्ञ वृत्ति भी लिखी है। जिसका प्रमाण आठ हजार श्लोक है। इसपर मलयगिरिकी संस्कृत टीका भी है। यह ग्रंथ उक्त दोनों टीकाओंके साथ मुक्ताबाई ज्ञानमन्दिर डभोइ (गुजरात) से सन् १९३८ में प्रकाशित हुआ है। श्वे० मान्यतासे इसका रचनाकाल विक्रमकी सातवीं शताब्दी है।

(३) **दि० संस्कृत पञ्चसंग्रह (प्रथम)** दि० प्रा० पञ्चसंग्रहको आधार बनाकर उसे यथासम्भव पल्लवित करते हुए आ० अमितगतिने इसकी संस्कृत श्लोकोंमें रचना की है। इसके पाँचों प्रकरणोंकी श्लोक-संख्या १४५६ है। लगभग १००० श्लोक-प्रमाण गद्य-भाग है। इसका रचना-काल वि० सं० १०७३ है। यह मूल रूपमें सर्व-प्रथम माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला बम्बईसे सन् १९२७ में प्रकाशित हुआ और पीछे पं० वंशीधरजी शास्त्रीके अनुवादके साथ सोलापुरसे प्रकाशित हुआ है।

(४) **दि० सं० पञ्चसंग्रह** (द्वितीय)—इसकी रचना भी दि० प्रा० पञ्चसंग्रहको आधार बनाकर की गई है। इसमें अमितगतिके सं० पञ्चसंग्रहकी अपेक्षा अनेक विशेषताएँ हैं जिनका दिग्दर्शन आगे कराया जायगा। इसके रचयिता श्रीपालसुत श्री डड्ढा हैं, जो एक जैन गृहस्थ हैं। इसकी समस्त श्लोक-संख्या १२४३ है और गद्य-भाग लगभग ७०० श्लोक प्रमाण है। इसका रचनाकाल अनुमानतः विक्रमकी सत्तरहवीं शताब्दी है। इसकी एकमात्र प्रति ईडरके भण्डारसे प्राप्त हुई। यह पहली बार इसी ग्रन्थके साथ परिशिष्ट रूपमें प्रकाशित हो रहा है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(५) **दि० प्रा० पञ्चसंग्रह टीका**—दि० प्राकृत पञ्चसंग्रहपर यह एकमात्र संस्कृत टीका उपलब्ध हुई है, वह भी अपूर्ण। इस प्रतिका विशेष परिचय प्रति-परिचयमें दिया जा चुका है। टीका बहुत सरल है; मूलके भावको उत्तम रीतिसे प्रकट करती है। टीकाकारने अर्थको स्पष्ट करनेके लिए मूल प्राकृत या संस्कृत पञ्चसंग्रहमें दी गई संदृष्टियोंके अतिरिक्त अनेकों और भी संदृष्टियाँ लिखी हैं। इस टीकाके रचयिता श्री सुमतिकीर्त्ति हैं, जो सम्भवतः भट्टारक थे। इस टीकाकी रचना वि० सं० १६२० के भादों सुदी १० को हुई है।

(६) **दि० प्राकृत पञ्चसंग्रह मूल और प्राकृत वृत्ति**—प्रा० पञ्चसंग्रहके मूल आधार जो पाँच मूल ग्रन्थ हैं, उनके ऊपर श्री **पद्मनन्दिने** प्राकृत वृत्तिकी रचना की है, जिसकी शैली प्राचीन चूर्णियोंके समान है। यह मूल और वृत्ति दोनों ही अपनी एक खास महत्ता रखती है, यह आगे बताया जायगा। इसके मूल प्रकरणोंकी गाथा-संख्या ४१८ है और प्राकृतवृत्तिका परिमाण लगभग ४००० श्लोक है। ये दोनों ही प्रथम बार इसी ग्रन्थके साथ परिशिष्टमें प्रकाशित हो रहे हैं। प्राकृतवृत्तिका रचनाकाल भी अभी तक अज्ञात ही है।

इनके अतिरिक्त और भी अनेक पंचसंग्रहोंका उल्लेख मिलता है। उनमेंसे गोम्मटसार जीवकांड-कर्मकाण्डको भी पञ्चसंग्रह कहा जाता है; उनमें भी उक्त ग्रन्थोंके समान बन्धक, बन्धव्य, आदि पाँचों विषयोंका प्रतिपादन किया गया है। दि० प्राकृत पञ्चसंग्रहके संस्कृत टीकाकार तो इसी कारण इतने अधिक भ्रमित हुए हैं कि उन्होंने प्रत्येक प्रकरणकी समाप्ति करते हुए "इति श्रीपञ्चसंग्रहापरनाम लघुगोम्मटसार टीकायां" लिखा है और टीकाके अन्तमें भी "इति श्री लघुगोम्मटसार टीका समाप्ता" लिखा है। श्री हरि दामोदर बेलंकरने अपने श्री जिनरत्न कोशमें 'पञ्चसंग्रह दीपक" नामके एक और भी ग्रन्थका उल्लेख किया है। इसके रचयिता श्री इन्द्रवामदेव हैं। उन्होंने इसे गोम्मटसारका पद्यानुवाद बतलाया है और उसके पाँचों प्रकरणोंकी श्लोक-संख्या क्रमशः ८२५ + १४१ + १२५ + १८७ + २२० दी है, जिनका योग १४९८ होता है। यह अभी तक मेरे देखनेमें नहीं आई, इसलिए इसके विषयमें इससे अधिक और कुछ नहीं कहा जा सकता है।

उक्त जिनरत्नकोशमें हरिभद्रसूरि-द्वारा बनाये गये एक और पञ्चसंग्रहका उल्लेख किया गया है। पर हरिभद्रसूरि-रचित ग्रन्थोंकी जितनी भी सूचियाँ मेरे देखनेमें आई हैं, उनमेंसे किसीमें भी मैंने इस ग्रन्थका नाम नहीं देखा। इसके प्रकाशमें आनेपर ही उसके विषयमें कुछ विशेष जाना जा सकेगा।

उपर्युक्त विवेचनसे इतना तो स्पष्ट है कि पञ्चसंग्रहके आधारभूत बन्ध, बन्धक आदि पाँचों द्वार जैन दर्शनके लक्ष्यभूत मुख्य विषय हैं और इसीलिए दोनों सम्प्रदायके आविर्भाव होनेके पहलेसे ही जैन आचार्योंने उनपर प्रकरण-ग्रन्थोंकी रचना की और उनके आधारपर दोनों ही सम्प्रदायोंके आचार्योंने 'पञ्चसंग्रह' यही नाम देकर उनपर तदाधारसे स्वतन्त्र ग्रन्थोंकी रचनाएँ की और अनेक टीका-टिप्पणियों और चूर्णियोंको लिखा।

जैन वाङ्मयमें पञ्चसंग्रह नामके अनेक ग्रन्थ उपलब्ध हैं, जिनमेंसे कुछ प्राकृतमें और कुछ संस्कृतमें रचे गये हैं। इनमेंसे कुछ दिगम्बराचार्योंके द्वारा रचे गये हैं और कुछ श्वेताम्बराचार्योंके द्वारा। यहाँ एक बात खास तौरसे ज्ञातव्य है और वह यह कि इन दोनों सम्प्रदायोंके द्वारा रचे गये या संकलन किये गये पंचसंग्रहोंमें जिन पाँच ग्रंथों या प्रकरणोंका संग्रह है, उनमेंसे एकाधको छोड़कर प्रायः सभी ग्रन्थों या मूल प्रकरणोंके रचयिताओंके नामादि अभी तक भी अज्ञात हैं और इसीसे उन मूल ग्रन्थोंकी प्राचीनता प्रमाणित होती है। मूलग्रन्थोंके अध्ययन करनेपर ऐसा ज्ञात होता है कि उनकी रचना उस समय हुई है, जबकि जैन-परम्परा अक्षुण्ण थी और उसमें दिगम्बर-श्वेताम्बर जैसे भेद उत्पन्न नहीं हुए थे। कालान्तरमें जब इन दोनों भेदोंने जैन-परम्परामें अपना स्थान दृढ़ कर लिया, तब पूर्व-परम्परासे चले आये श्रुतको उन्होंने अपनी-अपनी मान्यताओंके अनुरूप निबद्ध करना प्रारम्भ किया। संस्कृत-ग्रन्थोंमें जैसे तत्त्वार्थसूत्र अपनी-अपनी मान्यता-गत पाठ-भेदोंके साथ दोनों सम्प्रदायोंमें सम्मानित है और दोनों ही सम्प्रदायोंके आचार्योंने उसपर टीका-टिप्पण और भाष्यादि लिखे हैं, ठीक उसी प्रकार प्राकृत ग्रन्थोंमें हमें एकमात्र पंचसंग्रह ही

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ऐसा ग्रन्थ अभी तक उपलब्ध हुआ है, जिसके मूल-प्रकरण दोनों सम्प्रदायोंमें थोड़ेसे पाठ-भेदोंके साथ समानरूपसे सम्मान्य हैं और दोनों ही सम्प्रदायके आचार्योंने उसपर प्राकृत भाषामें भाष्य-गाथाएँ और चूर्णियाँ, तथा संस्कृत भाषामें टीका और वृत्ति आदि रची हैं।

दोनों सम्प्रदायोंके इन पञ्चसंग्रहोंमें निबद्ध, संकलित या संगृहीत वे पाँच ग्रन्थ या प्रकरण कौनसे हैं, पाठकोंको यह जिज्ञासा होना स्वाभाविक है, अतः सर्वप्रथम उन प्रकरणोंका परिचय दिया जाता है। दि० पञ्चसंग्रहके पाँचों प्रकरणोंके नाम दो प्रकारसे मिलते हैं, जो इस प्रकार हैं—

प्रथम प्रकार	द्वितीय प्रकार
१ जीवसमास	१ बन्धक
२ प्रकृतिसमुत्कीर्त्तन	२ बध्यमान
३ बन्धस्तव	३ बन्धस्वामित्व
४ शतक	४ बन्ध-कारण
५ सप्ततिका	५ बन्ध-भेद

श्वे० पञ्चसंग्रहके पाँचों प्रकरणोंके नाम दो प्रकारसे मिलते हैं, जो कि इस प्रकार हैं—

प्रथम प्रकार	द्वितीय प्रकार
१ सत्कर्मप्राभृत	१ बन्धक
२ कर्मप्रकृति	२ बन्धव्य
३ कषायप्राभृत	३ बन्ध-हेतु
४ शतक	४ बन्ध-विधि
५ सप्ततिका	५ बन्ध-लक्षण

दि० परम्पराके पञ्चसंग्रहके प्रथम प्रकारवाले पाँचों प्रकरण संग्रहकारके बहुत पहलेसे स्वतन्त्र ग्रन्थके रूपमें चले आ रहे थे। संग्रहकारने देखा कि उनकी रचना संक्षिप्त या सूत्रात्मक है, तो उसने पूर्व-परम्परागत ग्रन्थोंके नामोंको और उनकी गाथाओंको ज्यों-का-त्यों सुरक्षित रखकर और उन गाथाओंको मूलगाथाका रूप देकर उनपर भाष्य-गाथाओंकी रचना की। दूसरे प्रकारके नाम मिलते हैं अमितगतिके पञ्चसंग्रहमें, जिन्होंने पूर्वोक्त प्राचीन प्राकृत पञ्चसंग्रहका संस्कृत भाषामें कुछ पल्लवित पद्यानुवाद किया है। परन्तु उन्होंने भी प्रत्येक प्रकरणके अन्तमें नाम वे ही प्राचीन दिये हैं। द्वितीय प्रकारके नामोंका तो उल्लेख उन्होंने ग्रन्थके प्रारम्भमें किया है। परन्तु अर्थकी दृष्टिसे द्वितीय प्रकारके नामोंकी संगति प्रथम प्रकारके नामोंके साथ बैठ जाती है। यथा—

१ बन्धक नाम कर्मके बाँधनेवालेका है, जीवसमासमें कर्म-बंध करनेवाले जीवोंका ही चौदह मार्गणा और गुणस्थानोंके द्वारा वर्णन किया गया है।

२. बध्यमान नाम बंधनेवाले कर्मोंका है; प्रकृतिसमुत्कीर्त्तन नामक द्वितीय अधिकारमें उन्हीं कर्मोंकी मूलप्रकृतियों और उत्तर प्रकृतियोंका वर्णन किया गया है।

३. बन्ध-स्वामित्व और बन्धस्तव एकार्थक ही हैं।

४. शतक यह नाम वस्तुतः गुण-कृत नहीं, अपितु संख्याकृत है अर्थात् इस प्रकरणकी मूल प्राचीन-गाथाएँ १०० ही हैं, इसलिए इसे शतक कहते हैं और इसमें कर्मबन्धके कारण आदिका ही वर्णन है, अतः ये दोनों नाम भी परस्परमें संगत बैठ जाते हैं।

५. सप्ततिका यह नाम भी संख्याकृत है, क्योंकि इस प्रकरणकी मूल-गाथाएं भी ७० ही हैं और उनमें कर्मबन्धके योग, उपयोग, लेश्या आदिकी अपेक्षा भेदों या भंगोंका वर्णन किया गया है।

इस प्रकारसे दि० परम्पराके पञ्चसंग्रहोंमें पाये जानेवाले दोनों प्रकारके नामोंमें कोई मौलिक अन्तर या भेद नहीं है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किन्तु श्वे० पञ्चसंग्रहकी स्थिति कुछ भिन्न है। उसके रचयिताने स्वयं ही दोनों प्रकारके नाम दिये हैं। जिनमें प्रथम प्रकारके नामोंका उल्लेख करते हुए कहा है कि यतः इस ग्रन्थमें शतक आदि पाँच ग्रन्थ यथास्थान संक्षिप्त करके संग्रह किये गये हैं, अतः इस ग्रन्थका नाम पञ्चसंग्रह है। अथवा इसमें बन्धक आदि पाँच अधिकार वर्णन किये गये हैं, इसलिए भी इसका पंचसंग्रह यह नाम यथार्थ या सार्थक है[1]।

प्राकृत और संस्कृत पञ्चसंग्रहकी तुलना

आ० अमितगतिने अपने संस्कृत पञ्चसंग्रहकी रचना यद्यपि प्राकृत पञ्चसंग्रहके आधारपर ही की है, तथापि उनकी रचनामें अनेक विशेषताएँ या विभिन्नताएँ हैं, जिनका विश्लेषण हम निम्नप्रकारसे कर सकते हैं—

(१) मौलिक मत-भेद या विशेष मान्यताओंका निरूपण
(२) पल्लवित वैशिष्ट्य
(३) व्युत्क्रम या आगे-पीछे वर्णन
(४) स्खलन या विषयका छोड़ देना
(५) शैली-भेद
(६) कुछ विशिष्ट ग्रन्थ या ग्रन्थकारोंके उद्धरण-उल्लेख आदि

१. मौलिक मत-भेद या विशेष मान्यताओंका निरूपण

१. प्रा० पञ्चसंग्रहके प्रथम प्रकरणमें वेदमार्गणाके भीतर द्रव्य और भाववेदकी जीवोंके सदृशता और विसदृशता वर्णन करनेवाली दो गाथाएँ इस प्रकार हैं—

तिव्वेद एव सव्वे वि जीवा दिट्ठा हु दव्वभावादो।
ते चेव हु विवरीया संभवंति जहाकमं सव्वे ॥१०२॥
इत्थी पुरिस णउंसय वेया खलु दव्व-भावदो होंति।
ते चेव य विवरीया हवंति सव्वे जहाकमसो ॥१०४॥

दोनों गाथाएँ अर्थकी दृष्टिसे प्रायः समान हैं, इसलिए अमितगतिने दूसरी गाथाके आधारपर केवल एक श्लोक रचा है—

स्त्रीपुन्नपुंसका जीवाः सदृशाः द्रव्य-भावतः।
जायन्ते विसदृशाश्च कर्मपाकनियन्त्रिताः ॥१९२॥

ऊपरकी दोनों गाथाओंका और इस श्लोकका अर्थ एक ही है कि जीव कर्मोदयसे द्रव्य और भाववेदकी अपेक्षा स्त्री, पुरुष और नपुंसकरूपमें कभी सदृश भी होते हैं और कभी विसदृश भी होते हैं। किन्तु सं० पञ्चसंग्रहकारके सम्मुख संभवतः अन्य मान्यता भी उपस्थित थी और इसलिए प्रा० पञ्चसंग्रहमें उसके नहीं होते हुए भी उन्होंने उसे यहाँ स्थान दिया, जो कि इस प्रकार है—

नान्तर्मौहूर्त्तिका वेदास्ततः सन्ति कषायवत्।
आजन्ममृत्युतस्तेषामुदयो दृश्यते यतः ॥१९१॥

कषायोंके उदयके समान वेदोंका उदय अन्तर्मुहूर्त्तमात्र कालावस्थायी नहीं है; क्योंकि जन्मसे लेकर मरण-पर्यन्त एक जीवके एक ही वेदका उदय देखा जाता है।

---

१. **सयगाइ पंच गंथा जहारिहं जेण एत्थ संखित्ता।**
दाराणि पंच अहवा तेण जहत्थाभिहाणमिणं ॥
(श्वे० पंचसं० द्वा० १ गा० २)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२. पञ्चसंग्रहके प्रथम प्रकरणमें गुणस्थानोंकी प्ररूपणाके पश्चात् जीवसमासोंका निरूपण करते हुए अमितगति कहते हैं--

चतुर्दशसु पञ्चाद्यः पर्याप्तस्तत्र वर्तते।
एतच्छास्त्रमतेनाद्ये गुणस्थानद्वयेऽपरे ॥१६॥
पूर्णः पञ्चेन्द्रियः संज्ञी चतुर्दशसु वर्तते।
सिद्धान्तमततो मिथ्यादृष्टौ सर्वे गुणे परे ॥१७॥

अर्थात् इस शास्त्रके मतसे आदिके दो गुणस्थानोंमें सभी जीवसमास होते हैं। किन्तु सिद्धान्तके मतसे केवल मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें ही सर्वजीवसमास होते हैं।

३. दूसरे प्रकृतिसमुत्कीर्त्तन नामके प्रकरणमें प्रा० पञ्चसंग्रहकारने बन्धयोग्य प्रकृतियोंकी संख्या १२० और उदय-योग्य प्रकृतियोंकी संख्या १२२ बतलाई है और यह मान्यता दि० और श्वे० सभी कर्म-विषयक ग्रन्थोंके अनुरूप ही है। पर इस स्थलपर सं० पञ्चसंग्रहकार उक्त मान्यतानुसार बन्ध और उदयके योग्य प्रकृतियोंकी संख्या बतलानेके अनन्तर लिखते हैं—

मतेनापरसूरीणां सर्वाः प्रकृतयोऽङ्गिनाम्।
बन्धोदयौ प्रपद्यन्ते स्वहेतुं प्राप्य सर्वदा ॥

कुछ आचार्योंके मतसे सभी अर्थात् १४८ प्रकृतियाँ ही अपने-अपने निमित्तको पाकर बन्ध और उदयको प्राप्त होती हैं।

४. सं० पञ्चसंग्रहके चौथे प्रकरणमें स्थितिबन्धका वर्णन करते हुए श्लोकाङ्क २०८ के नीचे एक गद्य-भाग इस प्रकारका मुद्रित है—

"**पञ्चसंग्रहाभिप्रायेणेदं; सिद्धान्ताभिप्रायेण** पुनरायुषोऽप्याबाधो नास्ति; स्थितिः कर्मनिषेचनम्"।

प्रयत्न करनेपर भी मैं इस पंक्तिके द्वारा सूचित किये गये पंचसंग्रह और सिद्धान्तके अभिप्राय-भेदको नहीं समझ सका। यहाँ प्रकरण यह है कि आयुकर्मके सिवाय शेष सात कर्मोंका जो स्थितिबन्ध हुआ है, उसमेंसे उनका आबाधा काल घटाकर जो स्थितिबन्ध शेष रहता है, उतना उनका कर्म-निषेककाल होता है। किन्तु आयुकर्मका जितना स्थितिबन्ध होता है, उतना ही कर्म-निषेककाल होता है। (देखो प्रा० पंचसंग्रह प्रकरण चौथेकी गा० ३९५)। इसी गाथाके आधारपर जो श्लोक इस स्थलपर अमितगतिने दिया है, वह भी गाथाके छायानुवाद रूप ही है। वह गाथा और श्लोक इस प्रकार हैं—

गाथा—आबाधूणट्ठिदी कम्मणिसेओ होइ सत्तकम्माणं।
ठिदिमेव णिया सव्वा कम्मणिसेओ य आउस्स ॥३९५॥

श्लोक—आबाधो नास्ति सप्तानां स्थितिः कर्मनिषेचनम्।
कर्मणामायुषो वाचि स्थितिरेव निजा पुनः ॥२०८॥

गाथाके अनुसार ही श्लोकका अर्थ भी है, फिर यह विचारणीय बात है कि इसी श्लोकके नीचे मत-भेदकी सूचक उपर्युक्त पंक्ति दी हुई है। माणिकचन्द-ग्रन्थमालासे प्रकाशित पञ्चसंग्रहमें जो उक्त श्लोक मुद्रित है उसपर गौर करनेसे पाठककी दृष्टि उसके प्रथम चरण और उसपर दी गई टिप्पणीकी ओर जानेपर इस समस्याका समाधान सहजमें हो जाता है। प्रथम चरण इस प्रकार मुद्रित है—

"**आबाधो नास्ति सप्तानां**"

ज्ञात होता है कि इसके सम्पादकको आदर्श प्रतिमें भी ऐसा ही पाठ उपलब्ध हुआ और इसीलिए इसके नीचेकी पंक्तिको प्रमाण मानकर उन्होंने भी एक टिप्पणी इसपर दे दी, जो इस प्रकार है—

"अपरसिद्धान्ताभिप्रायेण सप्तकर्मणामाबाधो नास्ति। तर्हि किमस्ति? कर्मनिषेचनम्। × × × पञ्चसंग्रहाभिप्रायेण सप्तानां कर्मणामाबाधाऽस्ति, आयुष्कर्मणोऽपि ज्ञातव्यम्।"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस टिप्पणीके देनेमें सम्पादक-महोदयको उक्त श्लोकके नीचे दी गई उक्त पंक्ति ही प्रेरक हुई है और उस पंक्तिको उन्होंने सं० पञ्चसंग्रहके रचयिता आ० अमितगतिकी ही लिखी समझ ली है। पर वास्तविक स्थिति इसके प्रतिकूल है। यथार्थमें यह पंक्ति किसी पुराने पाठकने उक्त अशुद्ध पाठको शुद्ध मान करके और उस पाठपर चिह्न लगाकर टिप्पणीके तौरपर प्रतिके हासियेपर लिखी होगी। कालान्तरमें उस प्रतिकी प्रतिलिपि करनेवाले लेखकने उसे मूलका अंश समझकर उसे उक्त श्लोकके पश्चात् ही लिख दिया। इस प्रकार मूलपाठ 'आबाधो नास्ति' इस पदकी (आबाधा + ऊना + अस्ति) सन्धिको नहीं समझ सकनेके कारण जैसी भूल पुराने पाठकसे हो गई थी, ठीक वैसी ही भूल अशुद्ध पाठ और उक्त पंक्तिके सामने होनेपर इसके सम्पादकसे भी हो गई है और उसीके फलस्वरूप उन्होंने भी उक्त भ्रमोत्पादक टिप्पणी दे दी है।

इस सारे कथनका निष्कर्ष यह है कि इस स्थलपर उक्त पंक्ति न तो सं० पञ्चसंग्रहका अंग है और न उसे वहाँपर होना चाहिए। फिर उसके आधारपर दी गई टिप्पणीकी व्यर्थता तो स्वतः सिद्ध हो जाती है। पञ्चसंग्रहादि कर्मग्रन्थ और सिद्धान्तग्रन्थ सभी उक्त विषयमें एक मत हैं।

२. पल्लवित वैशिष्ट्य

प्रा० पञ्चसंग्रहके प्रथम प्रकरणमें ज्ञान मार्गणाके भीतर अवधिज्ञानका वर्णन केवल दो गाथाओंमें किया गया है। पर अमितगतिने उसे पर्याप्त पल्लवित किया है और षट्खण्डागम तथा धवला टीकाके आधारसे चार श्लोकोंके द्वारा कितनी ही नवीन बातोंकी सूचना की है। जैसे—तीर्थङ्कर, देव और नारकियोंके अवधिज्ञान सर्वाङ्गसे उत्पन्न होता है, किन्तु शेष जीवोंके यदि वे मिथ्यादृष्टि हैं तो नाभिके नीचे सरट, मर्कट, काक, खर आदि अशुभ चिह्नोंसे प्रकट होता है और यदि वे सम्यग्दृष्टि हैं, जो नाभिके ऊपर शंख, पद्म, श्रीवत्स आदि शुभ चिह्नोंसे उत्पन्न होता है। (देखो सं० पञ्चसंग्रह, प्रथम प्रकरण, श्लोक २२३–२२५)

इसी प्रकारका पल्लवित वैशिष्ट्य संस्कृत पञ्चसंग्रहमें अनेक स्थलोंपर दृष्टिगोचर होता है, जिसकी तालिका इस प्रकार है—

प्रथम जीवसमास प्रकरणमें अनन्तके नौ भेद (श्लोक ६–७), ग्यारह प्रतिमाएँ (श्लो० २९–३२), वर्ग, वर्गणा और स्पर्धक (श्लो० ४५–४६), गुणस्थानोंमें औदार्यकादि भाव (श्लो० ५२–५८), गुणस्थानोंमें जीवोंकी संख्या आदि (श्लो० ५९–९१), चतुर्गतिनिगोद (श्लो० १११), स्थावरकायिक जीवोंके आकार (श्लो० १५४) त्रसनालीके बाहिर त्रसोंकी उपस्थिति (श्लो० ११६) तैजस्कायिक और वायुकायिक आदि जीवोंकी विक्रिया आदि (श्लो० १८१–१८५), द्रव्य-भाववेदकी अपेक्षा नौ भेद (श्लो० १९३–१९४), तीनों वेदवालोंके चिह्न-विशेष (श्लो० १९५–१९८), मति, श्रुत अवधिज्ञानके भेद-प्रभेद (श्लो० २१४–२२६), कषाय, नोकषाय और क्षायोपशमिकचारित्र (श्लो० २३४–२३७), द्रव्य-भाव-लेश्याओंका वर्णन (श्लो० २५४–२६३), पञ्च लब्धियोंका विस्तृत स्वरूप (श्लो० २८६ से २८९ तक तथा इनके मध्यवर्ती विस्तृत गद्यभाग) और तीन सौ तिरेसठ पाखण्डवादियोंका विस्तृत विवेचन (श्लो० ३०९–३१६ तथा इनके बीचका गद्य भाग) किया गया है।

प्रा० पंचसंग्रहमें चारों संज्ञाओंका केवल स्वरूप ही कहा गया है। किन्तु अमितगतिने प्रकरणोपयोगी होनेसे स्वरूपके साथ ही यह भी बतलाया है कि किस गुणस्थान तक कौन-सी संज्ञा होती है। (देखो सं० पञ्चसंगह प्रक० १, श्लो० ३४५–३४७)

प्रा० पञ्चसंग्रहके दूसरे प्रकरणमें उद्वेलना-प्रकृतियोंकी केवल संख्या ही गिनाई गई है। किन्तु सं० पञ्चसंग्रहकारने साथमें उद्वेलनाका लक्षण भी दे दिया है, जो कि प्रकरणको देखते हुए बहुत उपयोगी है।

प्रा० पञ्चसंग्रहके तीसरे प्रकरणमें चूलिकाधिकारके भीतर नौ प्रश्नोंका उत्तर प्रकृतियोंके नाममात्र गिनाकर दिया गया है। किन्तु सं० पञ्चसंग्रहकारने इस स्थलपर गद्य और पद्य भागके द्वारा प्रत्येक प्रश्नका सहेतुक विस्तृत वर्णन किया है, जो कि अभ्यासी व्यक्तिके लिए अत्युपयोगी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सं० पञ्चसंग्रहके चौथे प्रकरणमें अमितगतिने जिन विशिष्ट विषयोंकी चर्चा की है उनका संस्कृत-टीकाकारने यथास्थान निर्देश कर उन श्लोकोंको भी अधिकांशमें उद्धृत कर दिया है। इसके लिए देखिए—गा० १०२,१०३–१०४,१४०,१७८–१७९,२१५,२२६,२८८,३०४,३६३–३९४,३९५,४६६,४८९,४९५, ५०२,५१४–५१५ और ५१६–५१९की संस्कृतटीका और हिन्दी अनुवाद।

इसी चौथे प्रकरणमें स्थितिबन्धका उपसंहार करते हुए आयुर्बन्ध-सम्बन्धी अन्य कितनी ही बातोंका वर्णन सं० पञ्चसंग्रहकारने किया है। (इसके लिए देखिए श्लो० २५८–२६०)

प्रा० पञ्चसंग्रहकी गा० ४६६ में शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागबन्धके स्वामियोंका वर्णन किया गया है। गाथा-पठित 'शेष' पदसे कितनी और कौन-सी प्रकृतियाँ प्रकृतमें ग्राह्य हैं, इसका भी उहापोह अमितगतिने श्लो० २९० से २९२ तक किया है, जिसकी चर्चा उक्त गाथाके विशेषार्थमें इन श्लोकोंके उद्धरणके साथ कर दी गई है।

प्रा० पञ्चसंग्रहके पाँचवें प्रकरणमें समुद्घातगत केवलीको अपर्याप्त मानकर नामकर्मके बीस प्रकृतिक आदि उदयस्थानोंका वर्णन नहीं किया गया है। किन्तु अमितगतिने (पृष्ठ १७९ पर) **'उदये विंशतिः'** श्लोकको आदि लेकर **'अत्रैकत्रिंशतं स्थानं'** श्लोक तक समुद्घातगत केवलीके सर्व उदयस्थानोंका वर्णन किया है। (देखो, प्रकरण ५, श्लोक ५७४ से ५८३ तक)

३. व्युत्क्रम वर्णन

प्रा० पञ्चसंग्रहकारने प्रथम प्रकरणका आरम्भ करते हुए जिन बीस प्ररूपणाओंके कथनकी प्रतिज्ञा की है, उनका वर्णन भी उन्होंने अपने उसी क्रमसे किया है। तदनुसार सं० पञ्चसंग्रहकारको भी इसी क्रमसे वर्णन करना चाहिए था। गो० जीवकाण्डमें भी इसी क्रमको अपनाया गया है। किन्तु अमितगतिने ऐसा नहीं किया। उन्होंने बीस प्ररूपणाओंकी संख्या गिनाते हुए ग्रन्थके आरम्भमें (श्लो० नं० ११ में) प्राणोंको पर्याप्तियोंसे पूर्व और संज्ञाको प्राणोंके पश्चात् न गिनाकर उपयोगके पश्चात् गिनाया और उन संज्ञाओंका वर्णन भी क्रम-प्राप्त पाँचवें स्थानपर न करके अपने क्रमके अनुसार बीसवें स्थानपर किया है। इस क्रम-भंगका क्या कारण या रहस्य रहा है; वे ही जानें।

प्राकृत पञ्चसंग्रहके प्रथम प्रकरणकी अन्तिम (२००-२०६) सात गाथाओंमें वर्णित विषयका वर्णन भी संस्कृत पञ्चसंग्रहकारको प्रकरणके अन्तमें ही करना चाहिए था। पर उन्होंने वैसा न करके गाथाङ्क २०० का विषय श्लोकाङ्क ३२७ में, गा० २०१ का श्लो० ३०१ में, गा० २०२ का श्लो० २९४ में, गा० २०३ का श्लो० २९५ में, गा० २०४ का श्लो० २९६ में और गा० २०५ का श्लो० ३३९ में किया है।

प्रा० पञ्चसंग्रहके प्रथम प्रकरणमें लेश्याओंका समग्र वर्णन क्रम-प्राप्त लेश्या मार्गणामें न करके कितनी ही बातोंका वर्णन बीसों प्ररूपणाओंका वर्णन कर देनेके बाद प्रकरणका उपसंहार करते हुए किया है। प्रा० पञ्चसंग्रहकारका यह क्रम-भङ्ग कुछ खटकता-सा है। सं० पञ्चसंग्रहकारको भी सम्भवतः यह बात खटकी और उन्होंने उक्त दोनों स्थलोंका वर्णन एक ही क्रम-प्राप्त स्थान लेश्यामार्गणाके भीतर कर दिया। अतएव मूलग्रन्थको देखते हुए यह व्युत्क्रम-वर्णन भी अमितगतिकी बुद्धिमत्ताका सूचक हो गया है। (देखो प्रा० पञ्चसंग्रह गा० १४२-१५३ तथा १८३-१९२ और सं० पञ्चसंग्रह श्लो० २५३-२८२)

उदीरणा-योग्य एक सौ बाईस प्रकृतियोंमेंसे सम्यक्त्वप्रकृति, सम्यग्मिथ्यात्व, तीर्थंकर और आहारकद्विकके विना मिथ्यात्वगुणस्थानमें एक सौ सत्तरह प्रकृतियोंकी उदीरणा होती है। यहाँ पर उदीरणाके अयोग्य पाँच, और सर्व अनुदीर्ण प्रकृतियाँ इकतीस हैं। मिथ्यात्व आदि पाँच प्रकृतियोंकी उदीरणा-व्युच्छित्ति होती है। सासादनमें नरकानुपूर्वीके विना उदीरणा-योग्य प्रकृतियाँ एक सौ ग्यारह हैं, उदीरणाके अयोग्य ग्यारह और अनुदीर्ण प्रकृतियाँ सैंतीस हैं। यहाँ पर अनन्तानुबन्धी-चतुष्क आदि नौ प्रकृतियोंकी उदीरणा-व्युच्छित्ति होती है। मिश्रमें तिर्यञ्च, मनुष्य और देव-आनुपूर्वीके विना, तथा सम्यग्मिथ्यात्वके साथ उदीरणाके योग्य प्रकृतियाँ सौ हैं। उदीरणाके अयोग्य बाईस और अनुदीर्ण प्रकृतियाँ अड़तालीस हैं। यहाँ पर एक सम्यग्मिथ्यात्वकी उदीरणा-व्युच्छित्ति होती है। अविरतमें उदीरणाके योग्य एक सौ चार हैं, क्योंकि यहाँ सभी आनुपूर्वियोंकी और सम्यक्त्वप्रकृतिकी उदीरणा होने लगती है। उदीरणाके अयोग्य अट्ठारह और अनुदीर्ण प्रकृतियाँ चवालीस हैं। यहाँ पर अप्रत्याख्यानावरण-चतुष्क आदि सत्तरह प्रकृतियोंकी उदीरणा-व्युच्छित्ति होती है। देशविरतमें सत्तासी प्रकृतियोंकी उदीरणा होती है, उदीरणाके अयोग्य पैंतीस है, अनुदीर्ण प्रकृतियाँ इकसठ हैं और प्रत्याख्यानावरण-चतुष्क आदि आठ प्रकृतियोंकी उदीरणा-व्युच्छित्ति होती है। प्रमत्तविरतमें आहारकद्विकके साथ उदीरणा-योग्य प्रकृतियाँ इक्यासी हैं, उदीरणाके अयोग्य इकतालीस हैं अनुदीर्ण प्रकृतियाँ सड़सठ हैं। सातावेदनीय, असातावेदनीय और मनुष्यायुकी उदीरणा छठे गुणस्थान तक ही होती है आगे नहीं होती, ऐसा बतला आये हैं, अतएव इस गुणस्थानमें स्त्यानगृद्धि, निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला, आहारक-शरीर, आहारक-अंगोपांग, सातावेदनीय, असातावेदनीय और मनुष्यायु; इन आठ प्रकृतियोंकी उदीरणा-व्युच्छित्ति होती है। अप्रमत्तविरतमें उदीरणाके योग्य तिहत्तर, उदीरणाके अयोग्य उनंचास और अनुदीर्ण प्रकृतियाँ पिचहत्तर हैं। यहाँ पर सम्यक्त्वप्रकृति आदि चार प्रकृतियाँ उदीरणासे व्युच्छिन्न होती हैं। अपूर्वकरणमें उदीरणाके योग्य उनहत्तर, उदीरणाके अयोग्य तिरेपन, और अनुदीर्ण प्रकृतियाँ उन्यासी हैं। यहाँ पर हास्यादि छह नोकषायोंकी उदीरणा-व्युच्छित्ति होती है। अनिवृत्तिकरणमें उदीरणाके योग्य तिरेसठ, उदीरणाके अयोग्य उनसठ और अनुदीर्ण प्रकृतियाँ पचासी है। यहाँ पर तीनों वेद और संज्वलन क्रोध, मान, मायाकषाय, इन छह प्रकृतियोंकी उदीरणा-व्युच्छित्ति होती है। सूक्ष्मसाम्परायमें उदीरणाके योग्य सत्तावन, उदीरणाके अयोग्य पैंसठ और अनुदीर्ण प्रकृतियाँ इक्यानवे हैं। यहाँ पर एकमात्र संज्वलनलोभकी उदीरणा-व्युच्छित्ति होती है। उपशान्तकषायमें उदीरणा-योग्य छप्पन, उदीरणाके अयोग्य छयासठ और अनुदीर्ण प्रकृतियाँ बानवे हैं। यहाँ पर वज्रनाराचादि दो संहननोंकी उदीरणा-व्युच्छित्ति होती है। क्षीणकषायके उपान्त्य समय तक चौवन प्रकृतियोंकी उदीरणा होती है, अतः वहाँ पर उदीरणाके अयोग्य अड़सठ और अनुदीर्ण प्रकृतियाँ चौरानवे जानना चाहिए। यहाँ पर निद्रा और प्रचला इन दो प्रकृतियोंकी उदीरणाव्युच्छित्ति होती है। इसी गुणस्थानके अन्तिम समयमें उदीरणाके योग्य बावन, उदीरणाके अयोग्य सत्तर और अनुदीर्ण प्रकृतियाँ छ्यानवे हैं। अन्तिम समयमें ज्ञानावरणकी पाँच, दर्शनावरणकी चार और अन्तरायकी पाँच; इन चौदह प्रकृतियोंकी उदीरणा-व्युच्छित्ति होती है। सयोगिकेवली गुणस्थानमें तीर्थङ्कर-प्रकृतिको मिलानेसे उदीरणाके योग्य उनतालीस, उदीरणाके अयोग्य तेरासी और अनुदीर्ण प्रकृतियाँ एक सौ नौ हैं। यतः अयोगिकेवली गुणस्थानमें किसी भी प्रकृतिकी उदीरणा नहीं होती, अतः वहाँ पर उदयसे व्युच्छिन्न होनेवाली बारह प्रकृतियोंमेंसे नौकी उदीरणा सयोगिकेवली गुणस्थानमें ही होती है। शेष तीन (साता-असाता वेदनीय और मनुष्यायु) की उदीरणा छठे गुणस्थानमें होती है, यह पहले बतला आये हैं। इस प्रकार तेरहवें गुणस्थानमें उनतालीस प्रकृतियोंकी उदीरणा-व्युच्छित्ति होती है। अयोगिकेवलीके उदीरणा और उदीरणा-व्युच्छित्तिके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

योग्य कोई भी प्रकृति शेष नहीं रही है। अतएव उदीरणाके अयोग्य एक सौ बाईस और अनुदीर्ण प्रकृतियाँ एक सौ अड़तालीस जानना चाहिए। (देखो संदृष्टि-संख्या १२)

इस प्रकार उदीरणासे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियोंका वर्णन समाप्त हुआ।

गुणस्थानोंमें प्रकृतियोंके क्षयका क्रम—

[मूलगा०३८] [1]अण मिच्छ मिस्स सम्मं अविरयसम्माइ-अप्पमत्तंता।
सुर-णिरय-तिरिय-आऊ णिययभवे चेय खीयंति[1] ॥४९॥

[मूलगा०३९] [2]सोलह अट्ठेक्केक्के छक्केक्क चेय खीणमणियट्टी।
एयं सुहुमसराए खीणकसाए य सोलसयं[2] ॥५०॥

[मूलगा०४०] बावत्तरी दुचरिमे तेरह चरिमे अजोइणो खीणा।
अडयालं पयडिसयं खविय जिणं णिव्वुयं वंदे[3] ॥५१॥

अथ गुणस्थानेषु प्रकृतिसत्त्वं गाथापञ्चदशकेनाऽऽह—क्षपकश्रेण्यपेक्षयेदं गाथासूत्रं कथ्यते—['अण मिच्छ मिस्स सम्मं' इत्यादि।] अविरतसम्यक्त्वाद्यप्रमत्तान्ताः अविरतसम्यग्दृष्टयो वा देशसंयता वा प्रमत्तसंयता वा अप्रमत्तसंयता वा अनन्तानुबन्धि-क्रोध-मान-माया-लोभकषायान् ४ मिथ्यात्वं १ मिश्रं सम्यग्मिथ्यात्वं २ सम्यक्प्रकृतिं च क्षयं कुर्वन्ति क्षायिकसम्यग्दृष्टयो भवन्ति। पश्चात् वैमानिकदेवाः सञ्जाताः। बद्धायुष्कात् घर्मायां नारकाः सञ्जाताः, पश्चात् भोगभूमिजास्तिर्यञ्चो वा जाताः। तत्र सुर-नरक-तिर्यगायूंषि निज-निजभवे सुर-नरक-तिर्यग्भवे क्षयन्ति क्षपयन्ति। अबद्धतत्त्रयायुष्को जीवो मनुष्यायुष्कं भुज्यमानः सन् क्षपकश्रेणिषु चटति ॥४९॥

अनिवृत्तिकरणादिषु क्षययोग्यप्रकृतीनां क्रममाह—['सोलह अट्ठेक्केक्के' इत्यादि।] सप्तप्रकृतीनां असंयतादिचतुर्गुणस्थानेषु कस्मिंश्चिदेकस्मिन् क्षपितत्वात् नरक-तिर्यग्-देवायुषां चाऽबद्धायुष्कत्वेनाऽसत्त्वात् तत्तद्भवे तत्तदायुः क्षपित्वाच्च वा अनिवृत्तिकरणगुणस्थाने षोडश १६ ष्ठा ८ मेक १ मेकं १ षट्क ६ मेक १ मेक १ मेक १ मेकं १ सत्त्वप्रकृतिव्युच्छित्तिः। अनिवृत्तिकरण-गुणस्थान-संयमधरः क्षपकः अनिवृत्तिकरणस्य प्रथमे भागे षोडश प्रकृतीः क्षपयति, द्वितीये अष्टौ ८, तृतीये एकाम् १, चतुर्थे एकाम्, पञ्चमे षट् ६, षष्ठे एकाम् १, सप्तमे एकाम् १, अष्टमे एकाम् १, नवमे भागे एकाम् १ च क्षपयतीत्यर्थः। ततः उपरि सूक्ष्मसाम्पराये एकां प्रकृतिं क्षपयति १। क्षीणकषाये षोडश प्रकृतीः क्षपयति। तत्र सत्त्वम् १६। अयोगे द्विचरमसमये द्वासप्ततिप्रकृतीः क्षपयति, तत्र तासां व्युच्छेदः ७२। चरमसमये त्रयोदश प्रकृतीः क्षपयति, तत्र तासां व्युच्छेदः १३। अयोगिनः क्षीणाः अष्टचत्वारिंशदुत्तरप्रकृतिशतं १४८ क्षयं नीता वा ताः, अयोगिनो जिनान् क्षपयित्वा निर्वृतिं निर्वाणं प्राप्तान् अहं वन्दे नमस्करोमि ॥५०-५१॥

अनन्तानुबन्धी-चतुष्क, मिथ्यात्व, मिश्र और सम्यक्त्वप्रकृति, ये सात प्रकृतियाँ अविरत-सम्यक्त्वसे लेकर अप्रमत्तपर्यन्त क्षयको प्राप्त होती हैं। तथा देवायु, नरकायु और तिर्यगायु अपने-अपने भवमें ही क्षयको प्राप्त होती हैं। अनिवृत्तिकरणके नौ भागोंमें क्रमसे सोलह, आठ, एक, एक, छह, और एक, एक, एक, एक प्रकृति क्षयको प्राप्त होती है। सूक्ष्मसाम्परायमें एक

---

1. सं० पञ्चसं० ३, ६२। 2. ३, ६३-६५।

१. कर्मस्त० गा० ६। २. कर्मस्त० गा० ७। ३. कर्मस्त० गा० ८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकृति और क्षीणकषायमें सोलह प्रकृतियाँ क्षय होती हैं। अयोगिकेवलीके द्विचरम समयमें बहत्तर और चरम समयमें तेरह प्रकृतियाँ क्षीण होती हैं। इस प्रकार एक सौ अड़तालीस प्रकृतियोंका क्षय करके निर्वाणको प्राप्त हुए जिन भगवान्‌की मैं वन्दना करता हूँ ॥४९–५१॥

कुछ विशेष प्रकृतियोंका सत्त्व-असत्त्व-विषयक नियम—

[1]तित्थयराहारदुअं सासणसम्मम्मि णत्थि संतेण।
मिस्सम्मि य तित्थयरं सत्तं खलु णत्थि णियमेण ॥५२॥

सत्त्वसम्भवाऽसम्भवनियममाह—['तित्थयराहारदुअं' इत्यादि।] सासादनसम्यग्दृष्टौ तीर्थङ्कराऽऽहारकद्विकं सत्त्वेन नास्ति। यस्य तीर्थङ्करप्रकृतिसत्त्वं आहारकद्वयस्य सत्त्वं च भवति, स सासादने नाऽऽगच्छतीत्यर्थः। मिथ्यादृष्टौ तीर्थकृत्त्वसत्त्वे आहारकसत्त्वं न, 'तित्थाहारं जुगवं' इति वचनात्। मिश्रे सम्यग्मिथ्यात्वे गुणस्थाने तीर्थकृत्त्वसत्त्वं खलु नियमेन नास्ति ॥५२॥

तीर्थङ्कर और आहारकद्विक इन तीन प्रकृतियोंका सत्त्व निश्चयसे सासादन-सम्यक्त्व-गुणस्थानमें नहीं होता है। तथा तीर्थङ्कर प्रकृतिका सत्त्व नियमसे मिश्रगुणस्थानमें नहीं होता है ॥५२॥

[2]सुर-णिरय-तिरियाऊहिं विणा मिच्छे	० १४५ ३	तित्थयराहारदुगूणा सासणे	० १४२ ६	आहारदुगेण सह मिस्से	० १४४ ४

तित्थयरेण सह असंजदे	७ १४५ ३	देसे	७ १४५ ३	पमत्ते	७ १४५ ३	अप्पमत्ते	७ १४५ ३	अपुव्वे	० १३८ १०

अणियट्टिणवभाएसु	१६ १३८ १०	८ १२२ २६	१ ११४ ३४	१ ११३ ३५	६ ११२ ३६	१ १०६ ४२	१ १०५ ४३	१ १०४ ४४	१ १०३ ४५

सुहुमे	१ १०२ ४६	उवसंते	० १०१ ४७	खीणदुचरिमे समए	२ १०१ ४७	खीणचरिमसमए	१४ ९९ ४९	सजोगे	० ८५ ६२

अजोगे दुचरिमसमए	७२ ८५ ६३	चरिमसमए	१३ १३ १३५

सुर-नरक-तिर्यगायुस्त्रिकसत्त्वैर्विना मिच्छे (मिथ्यात्वे), तीर्थंकराऽऽहारकद्विकोनाः सासादने, आहारकद्विकेन सह मिश्रे, तीर्थकृत्त्वसत्त्वेन सह असंयते, अथ सप्तप्रकृतीनां असंयतादिचतुर्गुणस्थानेषु एकत्र क्षपयित्वात् नरक-तिर्यग्देवायुषां चाबद्धत्वेन वा तद्भवे क्षपितत्वात् असत्त्वमायुस्त्रिकं एवं दशप्रकृत्यभावात् [उक्तप्रकारेण सत्त्वप्रकृतयो ज्ञेयाः]।

---

1. सं० पञ्चसं० ३, ६१। 2. ३, 'एताः श्वभ्र' इत्यादि गद्यभागः (पृ० ६३)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिथ्यात्वगुणस्थानमें देवायु, नरकायु और तिर्यगायुके विना एक सौ पैंतालीस प्रकृतियोंका सत्त्व और तीनका असत्त्व रहता है। सत्त्व-व्युच्छित्ति किसी भी प्रकृतिकी नहीं होती। सासादन गुणस्थानमें तीर्थङ्कर और आहारक-द्विकके बिना एक सौ ब्यालीस प्रकृतियोंका सत्त्व और छहका असत्त्व रहता है। मिश्रगुणस्थानमें आहारक-द्विककी भी सत्ता पाई जाती है, अतः एक सौ चवालीसका सत्त्व और चार प्रकृतियोंका असत्त्व रहता है। अविरतसम्यक्त्वमें तीर्थंकर प्रकृतिकी भी सत्ता पाई जाती है, अतः एक सौ पैंतालीस प्रकृतियोंका सत्त्व और तीन प्रकृतियोंका असत्त्व रहता है, इस गुणस्थानमें क्षायिकसम्यग्दृष्टिजीवकी अपेक्षा अनन्तानुबन्धी-चतुष्क और दर्शनमोह-त्रिक इन सात प्रकृतियोंका अभाव पाया जाता है इसलिए सात प्रकृतियोंकी सत्त्व-व्युच्छित्ति होती है। अविरतके समान देशविरत, प्रमत्तविरत और अप्रमत्तविरतमें भी एक सौ पैंतालीस प्रकृतियोंका सत्त्व, तीनका असत्त्व और सातकी सत्त्व-व्युच्छित्ति जानना चाहिए। अपूर्वकरणमें एक सौ अड़तीस प्रकृतियोंका सत्त्व होता है, क्योंकि क्षायिकसम्यक्त्व होते समय अनन्तानुबन्धी-चतुष्क और दर्शनमोह-त्रिकका तो क्षय पहले ही कर दिया था। तथा नरकायु, तिर्यगायु और देवायु, इन तीनको भी सत्ता यहाँ नहीं पाई जाती है, अतः दश प्रकृतियोंका असत्त्व रहता है। अनिवृत्तिकरणके नौ भागोंमें क्रमसे सोलह, आठ, एक, एक, छह, एक, एक, एक और एक प्रकृतिकी सत्त्वव्युच्छित्ति होती है, अतः इन भागोंमेंसे पहले भागमें एक सौ अड़तीस प्रकृतियोंका सत्त्व और दशका असत्त्व है। यहाँ स्त्यानगृद्धि आदि सोलहकी सत्त्व-व्युच्छित्ति होती है। दूसरे भागमें एक सौ बाईसका सत्त्व और छब्बीसका असत्त्व है, तथा आठ मध्यम कषायोंकी सत्त्व-व्युच्छित्ति होती है। तीसरे भागमें एक सौ चौदहका सत्त्व और चौंतीसका सत्त्व है। यहाँ पर एक नपुंसकवेदकी सत्त्वव्युच्छित्ति होती है। चौथे भागमें एक सौ तेरहका सत्त्व और पैंतीसका असत्त्व है। एक स्त्रीवेदकी सत्त्व-व्युच्छित्ति होती है। पाँचवें भागमें एक सौ बारहका सत्त्व और छत्तीसका असत्त्व है। यहाँ पर हास्यादि छह नोकषायोंकी सत्त्वव्युच्छित्ति होती है। छठे भागमें एक सौ छहका सत्त्व और ब्यालीसका असत्त्व है। एक पुरुषवेदकी सत्त्व-व्युच्छित्ति होती है। सातवें भागमें एक सौ पाँचका सत्त्व और तेतालीसका असत्त्व है तथा एक संज्वलनक्रोधकी सत्त्व-व्युच्छित्ति होती है। आठवें भागमें एक सौ चारका सत्त्व और चवालीसका असत्त्व है, तथा एक संज्वलन मानकी सत्त्व-व्युच्छित्ति होती है। नवें भागमें एक सौ तीनका सत्त्व और पैंतालीसका असत्त्व है, तथा एक संज्वलन मायाकी सत्त्व-व्युच्छित्ति होती है। सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थानमें एक सौ दो प्रकृतियोंका सत्त्व और छयालीसका असत्त्व है, तथा एक संज्वलन लोभकी सत्त्व-व्युच्छित्ति होती है। उपशान्तमोहमें एक सौ एक प्रकृतियोंका सत्त्व और सैंतालीसका असत्त्व है। यहाँ पर किसी भी प्रकृतिकी सत्त्व-व्युच्छित्ति नहीं होती। क्षीणमोहके द्विचरम समयमें एक सौ एकका सत्त्व और सैंतालीसका असत्त्व रहता है। यहाँ पर निद्रा और प्रचला इन दो प्रकृतियोंकी सत्त्व-व्युच्छित्ति होती है। क्षीणमोहके चरमसमयमें निन्यानवे प्रकृतियोंका सत्त्व और उनंचास प्रकृतियोंका असत्त्व रहता है। यहाँ पर ज्ञानावरणकी पाँच, दर्शनावरणकी चार और अन्तरायकी पाँच; इन चौदह प्रकृतियोंकी सत्त्व-व्युच्छित्ति होती है। सयोगिकेवलीके पचासीका सत्त्व और तिरेसठका असत्त्व रहता है। यहाँ पर किसी भी प्रकृतिकी सत्त्व-व्युच्छित्ति नहीं होती। अयोगिकेवलीके द्विचरम समयमें पचासीका सत्त्व और तिरेसठका असत्त्व रहता है। यहाँ पर आगे कही जानेवाली देव-द्विक आदि बहत्तर प्रकृतियोंकी सत्त्व-व्युच्छित्ति होती है। अयोगिकेवलीके चरम समयमें तेरहका सत्त्व और एक सौ पैंतीसका असत्त्व रहता है। इसी समय मनुष्य-द्विक आदि आगे कही जानेवाली तेरह प्रकृतियोंकी सत्त्व-व्युच्छित्ति होती है। इस प्रकार सर्व गुणस्थानोंमें कर्मोंकी उत्तर प्रकृतियोंका सत्त्व-असत्त्वादि जानना चाहिए। (देखो, संदृष्टि-संख्या १३)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनिवृत्तिकरणके नौ भागोंमें सत्त्वसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[मूलगा०४१] [1]थीणतियं चेव तहा णिरयदुअं चेव तह य तिरियदुयं।
इगि-वियलिंदियजाई आयाउज्जोवथावरयं[1] ॥५३॥

[मूलगा०४२] साहारण सुहुमं चिय सोलस पयडी य होंति णायव्वा।
।१६।
विदियकसायचउक्कं तइयकसायं च अट्ठे*ए[2] ॥५४॥
।८।

[मूलगा०४३] [2]एय णउंसयवेयं इत्थीवेयं तहेव एयं च।
छण्णोकसायछक्कं पुरिसं कोवं च माणो य[3] ॥५५॥

[मूलगा०४४] मायं चिय अणियट्टीभायं गंतूण संतवोछिण्णा।
१।१।६।१।१।१।१

अनिवृत्तिवृत्तिकरणगुणस्थानादिषु ताः षोडशादिप्रकृतयः का इति चेदाह—['थीणतियं चेव तहा' इत्यादि।] अनिवृत्तिकरणस्य नवसु भागेषु सत्त्वव्युच्छेदस्य गाथासार्धत्रयेण सम्बन्धः। स्त्यानगृद्धित्रयं ३ नरकगति-तदानुपूर्व्यद्विकं २ तिर्यग्गति-तदानुपूर्व्यद्विकं २ एकेन्द्रिय-विकलेन्द्रिय-जातिचतुष्कं ४ आतपः १ उद्योतः १ स्थावरं १ साधारणं १ सूक्ष्मं १ चेति षोडश प्रकृतयः अनिवृत्तिकरणस्य प्रथमे भागे क्षयं गताः, तत्र तासां व्युच्छेदः १६ ज्ञातव्यः। द्वितीयभागे अप्रत्याख्यानावरणद्वितीयकषायचतुष्कं ४ प्रत्याख्यानावरण-तृतीयकषायचतुष्कं ४ चेति अष्टौ कषायाः क्षयं गताः, तत्र तासां व्युच्छेदः ८। तृतीयभागे एको नपुंसकवेदो क्षयं गतः १। चतुर्थभागे एकस्य स्त्रीवेदस्य क्षयः १। पञ्चमे भागे 'षण्णोकषायषट्कं' हास्यरत्यऽरति-शोक-भय-जुगुप्सानां षण्णां क्षयः ६। षष्ठे भागे पुंवेदः क्षयं गतः १। सप्तमे भागे संज्वलनक्रोधः क्षयं गतः १। अष्टमे भागे संज्वलनमानः क्षयं गतः १। नवमे भागे संज्वलनमाया क्षयं गता १। यत्र क्षयस्तत्र तद्-व्युच्छित्तिः, अनिवृत्तिकरणस्य भागान् गत्वा सत्त्वव्युच्छित्तिः ॥५३–५५॥

अनिवृत्तिकरणके प्रथम भागमें स्त्यानत्रिक, नरकद्विक, तिर्यग्द्विक, एकेन्द्रियजाति, तीन विकलेन्द्रियजातियाँ, आतप, उद्योत, स्थावर, साधारण और सूक्ष्म; ये सोलह प्रकृतियाँ सत्त्वसे व्युच्छिन्न होती हैं, ऐसा जानना चाहिए। अनिवृत्तिकरणके द्वितीय भागमें द्वितीय अप्रत्याख्यानावरणकषाय-चतुष्क और तृतीय प्रत्याख्यानावरणकषायचतुष्क; ये आठ प्रकृतियाँ सत्त्वसे व्युच्छिन्न होती हैं। तृतीय भागमें एक नपुंसकवेद, चतुर्थभागमें एक स्त्रीवेद, पंचम भागमें छह नोकषाय, छठे भागमें पुरुषवेद, सातवें भागमें संज्वलन क्रोध, आठवें भागमें संज्वलन मान और अनिवृत्तिकरणके नवें भागमें जाकर संज्वलन माया सत्त्वसे व्युच्छिन्न होती है ॥५३–५५॥

अनिवृत्तिकरणके नवों भागोंमें क्रमशः सत्त्व-व्युच्छिन्न प्रकृतियोंकी अंक-संदृष्टि—

१६, ८, १, १, ६, १, १, १, १

---

1. सं० पञ्चसं० ३, ६८–६९। 2. ३, ७०।

१. कर्मस्त० गा० ४३। २. कर्मस्त० गा० ४४। ३. कर्मस्त० गा० ४५।

* द -'व'।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थानमें सत्त्वसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृति—

[1]लोभं च य संजलणं सुहुमकसायम्हि वोच्छिण्णा[१] ॥५६॥

।१।

तद्गाथार्थमाह—['लोभं च य संजलणं' इत्यादि ।] सूक्ष्मसाम्पराये सूक्ष्मसंज्वलनलोभः व्युच्छिन्नः क्षयं गतः ॥५६॥

सूक्ष्मकषायमें एक संज्वलनलोभप्रकृति सत्त्वसे व्युच्छिन्न होती है ॥५६॥

सूक्ष्मसाम्परायमें सत्त्व-व्युच्छिन्न १

क्षीणकषायगुणस्थानमें सत्त्वसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[मूलगा०४५] [2]खीणकसायदुचरिमे णिद्दा पयला य हणइ छदुमत्थो ।
णाणंतरायदसयं दंसण चत्तारि चरिमम्हि[२] ॥५७॥

।२।१४।

क्षीणकषायस्य द्विचरमे उपान्त्यसमये निद्रा-प्रचलाद्वयं छद्मस्थक्षीणकषायो मुनिर्हन्ति, क्षयं नयतीत्यर्थः । चरमसमये ज्ञानावरणपञ्चकं ५ दानाद्यन्तरायपञ्चकं ५ चक्षुर्दर्शनावरणादीनि चत्वारि ४, एवं चतुर्दश प्रकृतयः १४ क्षयं गतास्तत्र व्युच्छेदः ॥५७॥

क्षीणकषायके द्विचरम समयमें छद्मस्थ वीतरागसंयत निद्रा और प्रचला; इन दो प्रकृतियोंका क्षय करता है । तथा चरम समयमें ज्ञानावरणकी पाँच, अन्तरायकी पाँच और दर्शनावरणकी चक्षुदर्शनावरणादि चार; इन चौदह प्रकृतियोंका घात करता है ॥५७॥

क्षीणकषायके उपान्त्य समयमें सत्त्व-व्युच्छिन्न प्रकृतियाँ २, अन्त्य समयमें १४

अयोगिकेवलीके द्विचरम समयमें सत्त्वसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[मूलगा०४६] [3]देवदुअ× पणसरीरं पंच सरीरस्स बंधणं चेव ।
पंचेव य संघायं संठाणं तह य छक्कं च[३] ॥५८॥

[मूलगा०४७] तिण्णि य अंगोवंगं संघयणं तह य होइ छक्कं च ।
पंचेव य वण्ण-रसं दो गंधं अट्ठ फासं च[४] ॥५९॥

[मूलगा०४८] अगुरुयलहुयचउक्कं विहायगइ-दुग थिराथिरं चेव ।
सुह-सुस्सरजुवला वि य पत्तेयं दुब्भगं अजसं[५] ॥६०॥

[मूलगा०४९] आणादेज्जं णिमिणं च य अपज्जत्तं तह य णीचगोदं च ।
अण्णयरवेयणीयं अजोगिदुचरिमम्हि वोच्छिण्णा[६] ॥६१॥

।७२।

1. सं० पञ्चसं० ३, ७१ प्रथमचरणम् । 2. ३, ७१ चरणत्रयम् । 3. ३, ७२–७५ ।

१. कर्मस्त० गा० ४६ । २. कर्मस्त० गा० ४७ । ३. कर्मस्त० गा० ४८ । ४. कर्मस्त० गा० ४९ । ५. कर्मस्त० गा० ५० । ६. कर्मस्त० गा० ५१ ।

× द—दुगं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सयोगे क्षयः सत्त्वव्युच्छेदश्च नास्ति। अयोगस्य द्विचरमसमये द्वासप्ततिक्षयः व्युच्छेदः गाथाचतुष्केण कथ्यते—['देवदुअ पणसरीरं' इत्यादि।] देवगति-देवगत्याऽऽनुपूर्व्यद्विकं २ औदारिकादिशरीरपञ्चकं ५ औदारिकादिशरीरसंघातपञ्चकं ५ समचतुरस्रादिसंस्थानषट्कं ६ औदारिक-वैक्रियिकाऽऽहारकशरीराङ्गोपाङ्ग-त्रिकं ३ वज्रऋषभनाराचादिसंहननषट्कं ६ श्वेत-पीतादिवर्णपञ्चकं ५ कटु-तिक्तादिरसपञ्चकं ५ सुगन्ध-दुर्गन्धौ द्वौ २ कर्कश-कोमलादिस्पर्शाष्टकं ८ अगुरुलघूपघातपरघातोच्छ्वासचतुष्कं ४ प्रशस्ताऽप्रशस्तविहायोगतिद्विकं २ स्थिराऽस्थिरे द्वे २ शुभाशुभौ द्वौ २ सुस्वर-दुःस्वरौ द्वौ २ प्रत्येकशरीरं १ दुर्भगः १ अयशः-कीर्त्तिः १ अनादेयं १ निर्माणं १ अपर्याप्तं १ नीचैर्गोत्रं १ अन्यतरद् वेदनीयं सातमसातं वा एकं १ चेत्येवं द्वासप्ततिप्रकृतीः अयोगिद्विचरमसमये अयोगिकेवली क्षपयति क्षयं नयति, तत्र तासां सत्त्वव्युच्छेदः ॥५८–६१॥

देवद्विक, पाँचों शरीर, पाँचों शरीरोंके पाँच बन्धन, पाँच संघात, तथा छह संस्थान, तीन अंगोपांग, तथा छह संहनन, पाँच वर्ण, पाँच रस, दो गन्ध, आठ स्पर्श, अगुरुलघुचतुष्क, विहायोगतिद्विक, स्थिर-अस्थिर शुभ-युगल, सुस्वर-युगल, प्रत्येकशरीर, दुर्भग, अयशःकीर्त्ति, अनादेय, निर्माण, अपर्याप्त, तथा नीचगोत्र और कोई एक वेदनीय; ये बहत्तर प्रकृतियाँ अयोगि-केवलीके द्विचरम समयमें सत्त्वसे व्युच्छिन्न होती हैं ॥५८–६१॥

अयोगीके द्विचरम समयमें सत्त्व-व्युच्छिन्न ७२।

अयोगिकेवलीके चरम समयमें सत्त्वसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[मूलगा० ५०] [1]अण्णयरवेयणीयं मणुयाऊ मणुअदुअं च बोहव्वा।
पंचिंदियजाई वि य तस सुभगादेज्ज पज्जत्तं[1] ॥६२॥
[मूलगा० ५१] बायर जसकित्ती वि य तित्थयरं उच्चगोययं चेव।
एए तेरस पयडी अजोइचरिमम्हि संतवोच्छिण्णा[2] ॥६३॥

।१३।

अयोगिचरमसमये त्रयोदशप्रकृतिसत्त्वव्युच्छेदं गाथाद्वयेनाह—['अण्णयरवेयणीयं' इत्यादि।] अयोगिचरमसमये अन्यतरद्वेदनीयं सातमसातं वा एकं १ मनुष्यायुः १ मनुष्यगति-मनुष्यगत्यानुपूर्व्यद्वयं २ पञ्चेन्द्रियजातिः १ त्रस-सुभगादेय-पर्याप्तानि चत्वारि ४ बादरत्वं १ यशःकीर्त्तिः १ तीर्थंकरत्वं १ उच्चैर्गोत्रं १ चेत्येताः त्रयोदश प्रकृतीः अयोगिचरमसमयस्थः केवली क्षपयति, तत्र तत्सत्त्वव्युच्छेदः १३ ॥६२–६३॥

कोई एक वेदनीय, मनुष्यायु, मनुष्यद्विक, पंचेन्द्रियजाति, त्रस, सुभग, आदेय, पर्याप्त, बादर, यशःकीर्त्ति, तीर्थङ्कर और उच्चगोत्र; ये तेरह प्रकृतियाँ अयोगीके चरम समयमें सत्त्वसे व्युच्छिन्न होती हैं ॥६२–६३॥

अयोगीके चरम समयमें सत्त्व-व्युच्छिन्न १३।

अन्तिम मंगल-कामना—

[मूलगा० ५२] सो मे तिहुअणमहिओ सिद्धो बुद्धो णिरंजणो णिच्चो।
दिसउ वरणाण-दंसण-चरित्तसुद्धिं समाहिं च[3] ॥६४॥

---

1. सं० पञ्चसं० ३, ७६–७७।

१. कर्मस्त० गा० ५२। २. कर्मस्त० गा० ५३। ३. कर्मस्त० गा० ५४।

१ गो० क० ३५७। परं तत्रोत्तरार्धे 'दिसदु वरणाणलाहं बुहजणपरिपत्थणं परमसुद्धं' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कविः स्वात्मलाभं याचते—['सो मे तिहुअणमहिओ' इत्यादि ।] स सिद्धः स्वात्मोपलब्धिं प्राप्तः मे मह्यं वर-विशिष्ट-केवलज्ञान-दर्शन-यथाख्यातचारित्र-शुद्धिं समाधिं च रत्नत्रयलाभं धर्मध्यान-शुक्लध्यानं वा दिशतु प्रयच्छतु ददातु । स सिद्धः कथम्भूतः ? त्रिभुवनेन जनेन महितः पूजितः । पुनः कथम्भूतः ? बुद्धः केवलज्ञान-दर्शनमयः, निरञ्जनः—द्रव्य-भाव-नोकर्ममलेभ्यो निःक्रान्तः, नित्यः—स्वस्वरूपादच्युतः । एवम्भूतः सिद्धः मह्यं वरज्ञानादिकं दिशतु ॥६४॥

सर्व कर्म-प्रकृतियोंसे रहित, ऐसे वे शुद्ध, बुद्ध, निरंजन और नित्य सिद्ध भगवान् मुझे उत्कृष्ट ज्ञान, दर्शन, चारित्रकी शुद्धि और समाधिको देवें ॥६४॥

सूरीश्वरश्रेणिशिरोऽवतंसो लोकत्रयी-निर्मित-सत्प्रशंसः ।
श्रीमद्गुरुर्ज्ञानविभूषणेन्द्रो जीयात्प्रभाचन्द्रमुनीन्द्रचन्द्रः ॥*

इस प्रकार सत्त्वसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

कर्मस्तव-चूलिका

बन्ध, उदय और-सत्त्व-व्युच्छित्तिके स्पष्टीकरणार्थ नौ प्रश्न—

[1]छिज्जइ + पढमं बंधो किं उदओ किं च दो वि जुगवं किं ।
किं सोदएण बंधो किं वा अण्णोदएण उभएणं ॥६५॥
संतर† णिरंतरो वा किं वा बंधो हवेज्ज उभयं वा ।
एवं णवविहपण्हं× कमसो वोच्छामि एयं तु ॥६६॥

लक्ष्मीवीरेन्दुचिद्भूषान् पाठकान् परमेष्ठिनः ।
प्रणम्य चूलिकां वक्ष्ये नवधा-प्रश्नपूर्विकाम् ॥

अथ नवभेदबन्धस्य नवधाप्रश्नोत्तरस्वरूपं गाथात्रयोदशकेनाऽऽह । के नव प्रश्ना इति चेदाऽऽह—['छिज्जइ पढमं बंधो' इत्यादि ।] श्रीगुरूणामग्रे शिष्यः नवविधं प्रश्नं करोति—हे भगवन् , प्रथमं पूर्वं बन्धः छिद्यते विनश्यति व्युच्छेदं प्राप्यते, किमिति प्रश्ने १ ? उदयः विपाकः पूर्वं किं च छिद्यते व्युच्छेदः क्रियते २ ? द्वावपि बन्धोदयौ युगपत् समं किं वा छिद्यते ३ ? हे गुरोः, स्वोदयेन स्वकीयप्रकृत्युदयेन बन्धः स्वकीयप्रकृतिबन्धः किं वा भवति ४ ? अन्योदयेन किं बन्धो भवति ५ ? किं उभयेन स्वपरोदयेन बन्धो भवति ६ ? हे भगवन् , किं वा सान्तरो बन्धो भवति ७ ? किं वा निरन्तरः अविच्छिन्नः बन्धो भवति ८ ? किं वा उभयः सान्तर-निरन्तरो बन्धो भवति ९ ? एवममुना प्रकारेण शिष्येण नवविधप्रश्ने कृते सति श्रीगुरुराऽऽह—हे शिष्य, क्रमशः अनुक्रमेण नवविधप्रश्नोत्तरान् एतान् अहं वक्ष्यामि; त्वं शृणु ॥६५–६६॥

गुणस्थानोंमें पहले जो बन्ध-उदयादि व्युच्छित्ति बतलाई गई है, उनमेंसे क्या बन्ध प्रथम व्युच्छिन्न होता है १, क्या उदयकी पहले व्युच्छित्ति होती है २, अथवा क्या वे दोनों ही एक साथ व्युच्छिन्न होते हैं ३, क्या स्वोदयसे बन्ध होता है ४, क्या परोदयसे बन्ध होता है

1. सं० पञ्चसं० ३, ७८–७९ ।

+ ब छज्जइ । † द संतरो । × ब द पण्हे ।

* इतोऽग्रेऽधस्तनः सन्दर्भ उपलभ्यते—

इति श्रीपञ्चसंग्रहापरनामलघुगोमट्टसारसिद्धान्तटीकायां कर्मकाण्डे बन्धोदयोदीरणासत्त्व-प्ररूपणो नाम द्वितीयोऽध्यायः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५, अथवा क्या उभयके उदयसे बन्ध होता है ६, क्या बन्ध सान्तर होता है ७, अथवा निरन्तर होता है ८, अथवा क्या उभयरूप होता है (९)? ये नौ प्रकारके प्रश्न हैं। अब मैं क्रमसे इनका उत्तर कहूँगा ॥६५-६६॥

उक्त नौ प्रश्नोंमेंसे अल्प वक्तव्यके कारण सर्वप्रथम द्वितीय प्रश्नका समाधान करते हैं—

[1]देवाउ अजसकित्ती वेउव्वाहार-देवजुयलाइं।
पुव्वं उदओ णस्सइ पच्छा बंधो वि अट्ठण्हं ॥६७॥

।८।

देवायुष्कं १ अयशःकीर्त्तिः १ वैक्रियिकयुगलं २ आहारकयुगलं २ देवयुगलं २ चेत्यष्टानां प्रकृतीनां पूर्वं प्रथमं उदयः नश्यति, पश्चात् बन्धो नश्यति। तथाहि—देवायुषः असंयते उदयव्युच्छित्तिः ४, अप्रमत्ते बन्धव्युच्छेदः ७। अयशस्कीर्त्तेरसंयते उदयव्युच्छित्तिः ४, प्रमत्ते बन्धव्युच्छित्तिः ६। वैक्रियिकशरीर-तदङ्गोपाङ्गद्वयस्य २ देवगति-तदानुपूर्व्यद्वयस्य २ च असंयते उदयव्युच्छित्तिः ४, अपूर्वकरणस्य षष्ठे भागे बन्धव्युच्छित्तिः ८। आहारकद्वयस्य प्रमत्ते उदयव्युच्छित्तिः ६, अपूर्वकरणस्य षष्ठे भागे बन्ध-व्युच्छित्तिः ८ ॥६७॥

देवायु, अयशःकीर्त्ति, वैक्रियिक-युगल, आहारक-युगल और देव-युगल, इन आठ प्रकृतियोंका पहले उदय नष्ट होता है, पीछे बन्ध व्युच्छिन्न होता है ॥६७॥

बन्धसे पूर्व उदय-व्युच्छिन्न प्रकृतियाँ ८।

तृतीय प्रश्नका समाधान—

[2]हस्स रइ भय दुगुंछा सुहुमं साहारणं अपज्जत्तं।
जाइ-चउक्कं थावर सव्वे व कसाय अंत-लोहूणा ॥६८॥
पुंवेदो मिच्छत्तं णराणुपुव्वी य आयवं चेव।
इगितीसं पयडीणं जुगवं बंधुदयणासो त्ति ॥६९॥

।३१।

हासस्य अपूर्वकरणे बन्धोदयौ व्युच्छित्तौ(त्तौ) युगपत् समं भवतः।

बं० ८	रतेः	८	जुगुप्सायाः	८	भयस्य	८	बन्धोदयौ समं भवतः।
उ० ८		८		८		८	

सूक्ष्म-साधारणाऽपर्याप्तैकेन्द्रियादिजातिचतुष्क-स्थावराणां अष्टानां प्रकृतीनां ८ मिथ्यात्वगुणस्थाने बन्धोदयौ समं भवतः $\frac{\text{बं० १}}{\text{उ० १}}$। अन्तलोभोना संज्वलनलोभरहिताः सर्वे कषायाः तेषां युगपत् बन्धोदय-व्युच्छेदौ भवतः।

तथा हि—अनन्तानुबन्धिचतुष्टयस्य सासादने बन्धोदयौ समं व्युच्छेदं प्राप्तौ भवतः $\frac{२}{२}$ अप्रत्याख्यानचतुष्टयस्य देशविरते युगपद् बन्धोदयौ विच्छेदौ भवतः $\frac{५}{५}$। क्रोध-मान-मायासंज्वलनत्रयस्य अनिवृत्तिकरणे समं बन्धोदयौ व्युच्छिन्नौ भवतः $\frac{९}{९}$। पुंवेदस्य अनिवृत्तिकरणे बन्धोदयौ विच्छेदौ समं भवतः $\frac{२}{९}$। मिथ्यात्वस्य मिथ्यात्वगुणस्थाने बन्धोदयौ समं व्युच्छेदो भवतः $\frac{१}{१}$। नरानुपूर्व्याः असंयते बन्धोदयौ व्युच्छिन्नौ समं $\frac{४}{४}$ भवतः।

1. सं० पञ्चसं० ३, ८०। 2. ३, ८१-८२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आतपस्य मिथ्यात्वे बन्धोदयौ व्युच्छिन्नौ[समं] भवतः $\frac{१}{१}$। इति एकत्रिंशत्प्रकृतीनां युगपद् बन्धोदयनाश इति। उदयव्युच्छित्तिर्बन्धव्युच्छित्तिश्च द्वे समं स्त इत्यर्थः ॥६८–६९॥

हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, सूक्ष्म, साधारण, अपर्याप्त, एकेन्द्रियादि चार जातियाँ, स्थावर, अन्तिम संज्वलनलोभके विना सभी (१५) कषाय, पुरुषवेद, मिथ्यात्व, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और आताप; इन इकतीस प्रकृतियोंके बन्ध और उदयका नाश एक साथ होता है ॥६८–६९॥

युगपत् बन्धोदय-व्युच्छिन्न प्रकृतियाँ ३१।

प्रथम प्रश्नका समाधान—

[1]एकासी पयडीणं णाणावरणाइयाण सेसाणं।
पुव्वं बंधो *छिज्जइ पच्छा उदओ त्ति णियमेण ॥७०॥

।८१।

शेषाणां एकाशीतिप्रकृतीनां ज्ञानावरणादीनां पूर्वं प्रथमं बन्धः छिद्यते, पश्चात् उदयः छिद्यते। तथा हि—(उपरि उदयोच्छेदगुणस्थानाङ्कसंख्या, अधस्तात् बन्धोच्छेदगुणस्थानाङ्कसंख्या।) पञ्चानां ज्ञानावरणानां चतुर्णां दर्शनावरणानां पञ्चानामन्तरायाणां एतासां चतुर्दशप्रकृतीनां १४ क्षीणकषायान्ते उदयव्युच्छेदः, सूक्ष्मसाम्पराये बन्धव्युच्छेदः $\frac{१२}{१०}$। यशस्कीर्त्युच्चगोत्रयोः $\frac{१४}{१०}$ स्त्यानगृद्धित्रयस्य $\frac{६}{२}$ निद्रा-प्रचलयोः $\frac{१२}{८}$ सद्वेद्यस्य $\frac{१४}{१३}$ असद्वेद्यस्य $\frac{१४}{६}$ संज्वलनलोभस्य $\frac{१०}{९}$ स्त्रीवेदस्य $\frac{९}{२}$ नपुंसकवेदस्य $\frac{९}{१}$ अरति-शोकयोः $\frac{८}{६}$ नरकायुषः $\frac{४}{१}$ तिर्यगायुषः $\frac{५}{२}$ मनुष्यायुषः $\frac{१४}{४}$ नरकगतेः $\frac{४}{१}$ तिर्यग्गतेः $\frac{५}{२}$ मनुष्यगतेः $\frac{१४}{४}$ पञ्चेन्द्रियजातेः $\frac{१४}{८}$ औदारिकशरीरस्य $\frac{१३}{४}$ तैजसस्य $\frac{१३}{८}$ कार्मणस्य $\frac{१३}{८}$ समचतुरस्रस्य $\frac{१३}{८}$ मध्यमसंस्थानचतुष्टयस्य $\frac{१३}{२}$ हुण्डकस्य $\frac{१३}{१}$ औदारिकशरीराङ्गोपाङ्गस्य $\frac{१३}{४}$ वज्रवृषभनाराचसंहननस्य $\frac{१३}{४}$ वज्रनाराच-नाराचयोः $\frac{११}{२}$ अर्धनाराच-कीलिकासंहननयोः $\frac{७}{२}$ असम्प्राप्तसृपाटिकासंहननस्य $\frac{७}{२}$ वर्णादिचतुष्टयस्य $\frac{१३}{८}$ नरकगत्यानु-पूर्व्याः $\frac{४}{१}$ तिर्यग्गत्यानुपूर्व्याः $\frac{४}{२}$ अगुरुलघ्वादिचतुष्टयस्य $\frac{१३}{८}$ प्रशस्तविहायोगतेः $\frac{१३}{८}$ अप्रशस्तविहा-योगतेः $\frac{१३}{२}$ त्रस-बादर-पर्याप्तानां $\frac{१४}{८}$ प्रत्येकशरीरस्य $\frac{१३}{८}$ स्थिरस्य $\frac{१३}{८}$ अस्थिरस्य $\frac{१३}{६}$ अशुभस्य $\frac{१३}{६}$ सुभगस्य $\frac{१४}{८}$ दुर्भगस्य $\frac{४}{२}$ सुस्वरस्य $\frac{१३}{८}$ दुःस्वरस्य $\frac{१३}{२}$ आदेयस्य $\frac{१४}{८}$ अनादेयस्य $\frac{४}{२}$ निर्माणस्य $\frac{१३}{८}$ तीर्थविधायितायाः $\frac{१३}{८}$ नीचगोत्रस्य $\frac{५}{२}$ ॥७०॥

शेष बचीं ज्ञानावरणादि कर्मोंकी इक्यासी प्रकृतियोंकी नियमसे पहले बन्ध-व्युच्छित्ति होती है और पीछे उदय-व्युच्छित्ति होती है ॥७०॥

उदयसे पूर्व बन्ध-व्युच्छिन्न प्रकृतियाँ ८१।

---

1. सं० पञ्चसं० ३, ८३–८७।

* ब छुज्जइ।

पाँचवें प्रश्नका समाधान—

[1]तित्थयराहारदुअं वेउव्वियछक्क णिरय-देवाऊ ।
एयारह पयडीओ बज्झंति परस्स उदयाहिं ॥७१॥

।११।

यासां परोदयेन बन्धः, ताः प्रकृतयाः—तीर्थंकरत्वं १ आहारकद्विकं २ वैक्रियिकषट्कं ६ नरक-देवायुषी २ चेत्येकादश प्रकृतीः परेषामुदयैः बध्नन्ति । तीर्थंकरनाम्नोऽपि परोदयेन बन्धः । कुतः ? तीर्थंकरकर्मोदयसम्भविगुणस्थानयोः सयोगाऽयोगयोस्तद्बन्धाऽनुपलम्भात् । आहारकद्वयस्यापि परोदयेन बन्धः । कुत ? आहारकद्वयोदयरहितयोरप्रमत्तापूर्वयोर्बन्धोपलम्भात् । नरकगति-नरकगत्यानुपूर्वी-देवगति-देवगत्यानुपूर्वी-वैक्रियिकशरीर-वैक्रियिकशरीराङ्गोपाङ्गानां षण्णां बन्धयोग्येषु गुणेषु परोदयेन बन्धः । कुतः ? स्वोदयेन बन्धस्य विरोधात् । देवनारकायुषोः परोदयेन बन्धः, स्वोदयेन बन्धस्य विरोधात् ॥७१॥

तीर्थङ्कर, आहारक-द्विक, वैक्रियिकषट्क, नरकायु और देवायु; ये ग्यारह प्रकृतियाँ परके उदयमें बँधती हैं ॥७१॥

परोदयसे बँधनेवाली प्रकृतियाँ ११ ।

चौथे प्रश्नका समाधान—

[2]णाणंतरायदसयं दंसणचउ तेय कम्म णिमिणं च ।
थिर-सुहजुयले य तहा वण्णचउं अगुरु मिच्छत्तं ॥७२॥
सत्ताहियवीसाए पयडीणं सोदया दु बंधो त्ति ।

।२७।

ज्ञानावरणान्तरायस्य दश प्रकृतयः १० दर्शनावरणस्य चतस्रः ४ बन्धयोग्येषु गुणस्थानेषु स्वोदयेन बध्यन्ते, मिथ्यादृष्ट्यादि-क्षीणकषायान्तेषु एतासां १४ निरन्तरोदयोपलम्भात् । तैजस-कार्मण-निर्माण-स्थिरा-स्थिर-शुभाशुभ-वर्णचतुष्कागुरुलघु-प्रकृतयः द्वादश स्वोदयेनैव बध्यन्ते; ध्रुवोदयत्वात् । मिथ्यात्वस्य स्वोद-येनैव बन्धो भवति; मिथ्यात्वकारणकषोडशप्रकृतिषु पाठात्, बन्धोदययोः समानकाले प्रवृत्तित्वाद्वा । एवं सप्ताधिकविंशतिप्रकृतीनां २७ स्वोदयाद् बन्धो भवतीत्यर्थः ॥७२॥

ज्ञानावरणकी पाँच, अन्तरायकी पाँच, दर्शनावरणकी चक्षुदर्शनावरणादि चार, तैजस-शरीर, कार्मणशरीर, निर्माण, स्थिर-युगल, शुभ-युगल, तथा वर्णचतुष्क, अगुरुलघु और मिथ्यात्व; इन सत्ताईस प्रकृतियोंका स्वोदयसे बन्ध होता है ॥७२॥

स्वोदयसे बँधनेवाली प्रकृतियाँ २७ ।

छठे प्रश्नका समाधान—

सपरोदया दु बंधो हवेज्ज बासीदि सेसाणं ॥७३॥

।८२।

शेषाणां द्व्यशीति-प्रकृतीनां ८२ स्व-परोदयाद् बन्धो भवेत् । तद्यथा—दर्शनावरणपञ्चक ५ वेदद्वय २ कषाय षोडश १६ नोकषाय-नवक ९ तिर्यगायुर्मनुष्यायुर्युग्म २ तिर्यग्गति-मनुष्यगतियुगल २ एक-द्वि-त्रि-चतुः-पञ्चेन्द्रियजात्यौ ५ दारिकौदारिकाङ्गोपाङ्ग २ संस्थानषट्क ६ संहननषट्क ६ तिर्यग्गति-मनुष्यगति-प्रायोग्यानुपूर्व्य २ उपघात १ परघातो १ च्छ्वासा १ तपो १ द्योत १ प्रशस्ताप्रशस्तविहायोगति २ त्रस १

---

1. सं० पञ्चसं० ३, ८८, तथाऽग्रेतनगद्यभागः । 2. ३, ८९-९० तथाऽग्रेतनगद्यभागः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्थावर १ बादर १ सूक्ष्म १ पर्याप्तापर्याप्त २ प्रत्येक १ साधारण १ सुभग १ दुर्भग १ सुस्वर १ दुःस्वराऽऽ १ देयानादेय २ यशोऽयशः कीर्ति २ नीचोच्चगोत्र २ नामिकानां द्व्यशीतिप्रकृतीनां ८२ स्वपरोदयाद् बन्धो द्रष्टव्यः, स्वोदयेनेव परोदयेनापि बन्धाविरोधात् ॥७३॥

इति द्वितीयप्रश्नत्रयस्य प्रत्युत्तरो जातः ।

शेष रही व्यासी प्रकृतियोंका बन्ध स्वोदयसे भी होता है और परोदयसे भी होता है ॥७३॥

स्व-परोदयसे बँधनेवाली प्रकृतियाँ ८२ ।

आठवें प्रश्नका समाधान—

[1]तित्थयराहारदुअं चउ आउ धुवा य वेइ† चउवण्णं‡ ।
एयाणं सव्वाणं पयडीणं णिरंतरो बंधो ॥७४॥

।५४।

तृतीयप्रश्नत्रयप्रकृतीर्गाथाचतुष्टयेनाऽऽह—['तित्थयराहारदुअं' इत्यादि ।]

तीर्थकरत्वं १ आहारकद्विकं २ आयुश्चतुष्कं ४ सप्तचत्वारिंशद् ध्रुवबन्धप्रकृतयः ४७ चेति एकीकृताश्चतुःपञ्चाशत् ५४ । एतासां सर्वासां चतुःपञ्चाशत्प्रकृतीनां निरन्तरो बन्धो भवति । तद्यथा—पञ्चज्ञानावरण ५ नव दर्शनावरण ९ पञ्चान्तराय ५ मिथ्यात्व १ षोडश कषाय १६ भय-जुगुप्सा २ तैजस-कार्मणाऽऽ २ गुरुलघूपघात २ निर्माण १ वर्णचतुष्कानीति ४७ सप्तचत्वारिंशद् ध्रुवबन्धाः स्युः, एतासां ध्रुवबन्धो भवति । कुतः ? बन्धयोग्यगुणस्थाने नित्यं बन्धोपलम्भात् । एताः ४७ आयुश्चतुष्टयाहारकद्वय-तीर्थकरैर्युताश्चतुःपञ्चाशत् ५४ । एताश्च बन्धं यान्ति निरन्तरमिति ॥७४॥

ध्रुवबन्धस्य निरन्तरबन्धस्य च को विशेषः ? महान् विशेषो यतः श्लोकौ—

[2]बन्धयोग्यगुणस्थाने याः स्वकारणसन्निधौ ।
सर्वकालं प्रबध्यन्ते ध्रुवबन्धाः भवन्ति ताः ॥१॥
बन्धकालो जघन्योऽपि यासामन्तर्मुहूर्त्तकः ।
बन्धाऽऽसमाप्तितस्तत्र ता निरन्तर-बन्धनाः ॥२॥

तीर्थङ्कर, आहारकद्विक, चारों आयु, और ध्रुवबन्धी सैंतालीस प्रकृतियाँ, इन सब चौवन प्रकृतियोंका निरन्तर बन्ध होता है ॥७४॥

निरन्तर बँधनेवाली प्रकृतियाँ ५४ ।

सातवें प्रश्नका समाधान—

[3]संठाणं संघयणं अंतिमदसयं च साइ उज्जोयं ।
इगि विगलिंदिय थावर संढित्थी अरइ सोय अयसं च ॥७५॥
दुब्भग दुस्सरमसुभं सुहुमं साहारणं अपज्जत्तं ।
णिरयदुअमणादेयं असायमथिरं विहायमपसत्थं ॥७६॥
चउतीसं पयडीणं बंधो णियमेण संतरो भणिओ ।

।३४।

समचतुरस्रसंस्थान-वज्रऋषभनाराचसंहननाभ्यां विना संस्थान-संहननपञ्चकमित्यन्त्यदशकं १० आतपः १ उद्योतः १ एकेन्द्रिय-विकलेन्द्रियजातिचतुष्कं ४ स्थावरं १ षण्ढस्त्रीवेदौ २ अरतिः १ शोकः १ अयशः-

---

1. ३, ६३ । 2. ३, ६४-६५ । 3. ३, ६६-६८ ।
†ब चेइ । ‡ब वण्णा ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कीर्तिः १ दुर्भगः १ दुःस्वरः १ अशुभं १ सूक्ष्म १ साधारणं १ अपर्याप्तं १ नरकगति-तदानुपूर्वीद्विकं २ अनादेयं १ असातं १ अस्थिरं १ अप्रशस्तविहायोगतिश्चेत्येतासां चतुस्त्रिंशत्प्रकृतीनां ३४ सान्तरो बन्धो भणितः ॥७५-७६॥

को नाम सान्तरं बन्धः ? उक्तञ्च—

[1]बन्धो भूत्वा क्षणं यासामसमाप्तो निवर्तते।
बन्धाऽपूर्तेः क्षणेनैताः सान्तरा विनिवेदिताः ॥
[2]अन्तर्मुहूर्त्तमात्रत्वाज्जघन्यस्यापि कर्मणाम्।
सर्वेषां बन्धकालस्य बन्धः सामयिकोऽस्ति नो ॥

अन्तिम पाँच संस्थान, अन्तिम पाँच संहनन, सातावेदनीय, उद्योत, एकेन्द्रियजाति, तीन विकलेन्द्रियजातियाँ, स्थावर, नपुंसकवेद, स्त्रीवेद, अरति, शोक, अयशःकीर्त्ति, दुर्भग, दुःस्वर, अशुभ, सूक्ष्म, साधारण, अपर्याप्त, नरकद्विक, अनादेय, असातावेदनीय, अस्थिर और अप्रशस्त-विहायोगति; इन चौंतीस प्रकृतियोंका नियमसे सान्तर बन्ध कहा गया है ॥७५-७६॥

विशेषार्थ—जिसका बन्ध अन्तर-रहित होता है उसे निरन्तरबन्धी प्रकृति कहते हैं और जिसका बन्ध अन्तर-सहित होता है, उसे सान्तरबन्धी प्रकृति कहते हैं।

सान्तर बँधनेवाली प्रकृतियाँ ३४।

नवें प्रश्नका समाधान—

बत्तीस सेसियाणं बंधो समयम्मि उभओ वि ॥७७॥

।३२।

इति पयडीणं बंधोदयोदीरण-सत्ताभेयं समत्तं
कम्मत्थव-चूलिका समत्ता।

शेषाणां द्वात्रिंशत्प्रकृतीनां बन्धः उभयथा सान्तर-निरन्तरो जिनसिद्धान्ते भणितः। तद्यथा—सुरद्विकं २ मनुष्यद्विकं २ औदारिकद्विकं २ वैक्रियिकद्विकं २ प्रशस्तविहायोगतिः १ वज्रवृषभनाराचं १ परघातोच्छ्वासौ २ समचतुरस्रसंस्थानं २ पञ्चेन्द्रियजातिः १ त्रस १ बादर १ पर्याप्त १ प्रत्येक १ स्थिर १ शुभ १ सुभग १ सुस्वर १ आदेय १ यशस्कीर्त्तयः १ सातं १ हास्य-रती २ पुंवेदः १ गोत्रद्विकं २ चेति द्वात्रिंशत्प्रकृतयः सप्रतिपक्षे सान्तरा भवन्ति, तस्मिन्नष्टे निरन्तरोदयबन्धा भवन्ति। तत्र सुरद्विकं नरक-तिर्यङ्-मनुष्यद्विकैः मिथ्यादृष्टौ, तिर्यङ्-मनुष्यद्विकाभ्यां सासादने, मनुष्यद्विकेन मिश्रासंयतयोश्च सप्रतिपक्षमिति ज्ञेयम् ॥७७॥

इति तृतीयप्रश्नत्रयस्योत्तरो जातः❀।

शेष बची बत्तीस प्रकृतियोंका बन्ध परमागममें उभयरूप अर्थात् सान्तर और निरन्तर कहा गया है ॥७७॥

उभयबन्धी प्रकृतियाँ ३२।

इस प्रकार नवप्रश्नात्मक चूलिका समाप्त हुई।

कर्मस्तव नामक तीसरा अधिकार समाप्त हुआ।

---

1. सं॰ पञ्चसं॰ ३, ९९। 2. ३, १००-१०१।

❀इतोऽग्रेऽधस्तनः सन्दर्भ उपलभ्यते—

इति श्रीपंचसंग्रहाऽपरनामलघुगोमट्टसारे सिद्धान्तटीकायां कर्मकाण्डे नवप्रश्नोत्तरचूलिका-व्याख्या-तृतीयोऽधिकारः ॥३॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चतुर्थ-अधिकार

शतक

मंगलाचरण और प्रतिज्ञा—

सयलससिसोमवयणं णिम्मलगत्तं पसत्थणाणधरं।
पणमिय सिरसा वीरं सुयणाणादो पदं वोच्छं ॥१॥

श्रीवीरेन्दुसुधीभूषान् साधून् सद्गुणधारकान्।
प्रणिपत्य स्तवं (पदं) वक्ष्ये वीरनाथमुखोद्भवम् ॥

वक्ष्ये अहं वक्ष्यामि। किं तत्? पदं स्थानं स्थलम्, 'थवं' पाठे वा स्तवं द्वादशाङ्गश्रुतरहस्यम्। कुतः? श्रुतज्ञानात्। किं कृत्वा? पूर्वं वीरं शिरसा प्रणम्य। विशिष्टां मां लक्ष्मीं राति ददाति गृह्णातीति वीरः, तं वीरं महावीरं मस्तकेन नमस्कृत्य। कथम्भूतम्? सम्पूर्णचन्द्रसदृशसौम्यवदनम्। पुनः किंविशिष्टम्? निर्मलगात्रं प्रस्वेद-मल-मूत्रादिरहितशरीरम्। पुनः किंलक्षणम्? प्रशस्तज्ञानधरम्—गृहस्थाऽवस्थायां मत्यादिप्रशस्तज्ञानत्रयधारकम्, दीक्षानन्तरं मनःपर्ययज्ञानधारकम्, घातिक्षयानन्तरं केवलज्ञानधारकम्। एवम्भूतं वीरं नत्वा पदं स्तवं वा वक्ष्ये ॥१॥

सम्पूर्ण चन्द्रके समान सौम्य मुख, निर्मल गात्र और प्रशस्त ज्ञानके धारक श्रीवीरभगवान्‌को मस्तक नवा करके प्रणामकर मैं श्रुतज्ञानसे पदका उद्धार करके कहूँगा ॥१॥

[1]णाणोदहिणिस्संदं विण्णाणतिसाहिघायजणणत्थं।
भवियाण [+]अमियभूयं जिणवयणरसायणं इणमो ॥२॥

जिनवचनरसायनं इदानीं भो भव्या यूयं शृणुत। कथम्भूतं जिनवचनम्? रसामृतम्—भविकानां भव्यजनानां अमृतभूतं जन्म-जरा-मरणहरम्। पुनः किम्भूतम्? जिनोदधिनिर्यासम्—ज्ञानसमुद्रस्य निर्यासं सारभूतम्। किमर्थम्? विज्ञानतृषाभिघातजननार्थम् ॥२॥

यह जिनवचनरूप रसायन श्रुतज्ञानरूप समुद्रका निष्यन्द (निचोड़ या साररूप बिन्दु) है, तथापि भव्य जीवोंकी विशिष्ट ज्ञानकी प्राप्तिरूप तृषा-पिपासाको शान्त करनेके लिए अमृतके समान है ॥२॥

---

1. सं० पञ्चसं० ४, १।
÷ द् ब अमय०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[मूलगा० १] [1]सुणह इह जीवगुणसण्णिएसु॰ ठाणेसु सारजुत्ताओ ।
वोच्छं कदिवइयाओ गाहाओ दिट्ठिवादाओ[1] ॥३॥

दृष्टिवादाङ्गतः कतिपयगाथाः सारयुक्ताः तत्त्वसहिताः अहं वक्ष्ये । क ? स्थानेषु मार्गणादिस्थानेषु । कथम्भूतेषु ? जीवगुणसन्निभेषु—जीवानां गुणाः परिणामाः, तत्सदृशस्थानेषु जीवसमास-गुणस्थानक-सन्निभेषु ॥३॥

जीवसमास और गुणस्थान-सम्बन्धी सार-युक्त कुछ गाथाओंको दृष्टिवादसे उद्धार करके मैं कहूँगा, सो हे भव्यजीवो ! तुम लोग सावधान होकर सुनो ॥३॥

[मूलगा० २] [2]उवओगा जोगविही जेसु य ठाणेसु जेत्तिया अत्थि ।
जं पच्चइओ बंधो हवइ जहा जेसु ठाणेसु[2] ॥४॥

[मूलगा० ३] बंध-उदया† उदीरण‡विधिं च तिण्हं पि तेसिं संजोगो ।
बंध-विधाणो× य तहा किंचि समासं पवक्खामि[3] ॥५॥

उपयोगा ज्ञान-दर्शनोपयोगाः । योगविधयः औदारिकादिसप्तकाययोगाः, मनो-वचनानामष्टौ; तेषां विधयः विधानानि कर्त्तव्यानि येषु स्थानेषु मार्गणादिस्थानेषु यावन्ति सन्ति, तान् तेषु प्रवक्ष्यामि । यत्प्रत्ययः बन्धः मिथ्यात्वाद्यास्रवबन्धः येषु स्थानेषु यथा भवति तथा तं तेषु प्रवक्ष्यामि । बन्धोदयोदीरणविधिं मूलोत्तरप्रकृतीनां बन्धविधिं उदयविधानं उदीरणाविधिं चकारात्सत्त्वविधिं तेषु गुणेषु स्थानेषु प्रवक्ष्यामि—तेषां त्रयाणां बन्धोदयोदीरणानां संयोगान् प्रवक्ष्यामि । क ? बन्धविधाने बन्धविधौ तथा किञ्चित् समासं इति जीवसमासान् प्रवक्ष्यामि तेषु स्थानेषु ॥४–५॥

[3] ये सन्ति यस्मिन्नुपयोगयोगाः सप्रत्ययास्तान्निगदामि तत्र ।
जीवे गुणे वा परिणामतोऽहमेकत्र बन्धादिविधिं च किञ्चित् ॥१॥

जिन जीवसमास या गुणस्थानोंमें जितने योग और उपयोग होते हैं, जिन-जिन स्थानोंमें जिन-जिन प्रत्ययोंके निमित्तसे जिस प्रकार बन्ध होता है; तथा बन्ध, उदय और उदीरणाके जितने विकल्प संभव हैं और उन तीनोंके संयोगरूप जितने भेद हो सकते हैं, उन्हें तथा बन्धके चारों भेदोंका मैं संक्षेपसे कुछ व्याख्यान करूँगा ॥४–५॥

[मूलगा० ४] [4]एइंदिएसु चत्तारि हुंति विगलिंदिएसु छच्चेव ।
पंचिंदिएसु एवं चत्तारि हवंति ठाणाणि[4] × ॥६॥

[मूलगा० ५] [5]तिरियगईए चोद्दस हवंति सेसासु जाण दो दो दु ।
मग्गणठाणस्सेवं णेयाणि समासठाणाणि[5] ॥७॥

+अथ मार्गणासु जीवसमासाः कथ्यन्ते—तिर्यग्गतौ चतुर्दश जीवसमासा भवन्ति । शेषासु तिसृषु गतिषु द्वौ द्वौ जीवसमासौ भवतः । एवं गतिमार्गणायां जीवसमासा ज्ञातव्याः ॥७॥

जीवसमासके सर्व स्थान चौदह हैं, उनमेंसे एकेन्द्रियोंमें चार स्थान होते हैं । विकलेन्द्रियोंमें छह स्थान होते हैं और पंचेन्द्रियोंमें चार स्थान होते हैं । तिर्यग्गतिमें चौदह जीवसमास होते

1. सं० पञ्चस० ४, २ । 2. ४, ३ । 3. ४, ३ । 4. ४, ४ । 5. ४, ५ ।

१. शतक० १ । २. शतक० २ । ३. शतक० ३ । ४. शतक० ४ । ५. शतक० ५ ।

॰द -सण्णिहेसु । †ब -उदय । ‡ब -उदीरणा । ×द ब -विधाणे वि । +संस्कृतटीका नोपलभ्यते ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हैं। शेष तीन गतियोंमें दो-दो ही जीवसमास जानना चाहिए। इस प्रकार सर्व मार्गणास्थानोंमें भी जीवसमासस्थानोंको लगा लेना चाहिए ॥६-७॥

अब चौदह मार्गणाओंमें जीवसमासोंको बतलाते हैं—

णिरय-णर-देवगईसुं सण्णी पज्जत्तया अपुण्णा य।
एइंदियाइं चउदस तिरियगईए हवंति सव्वे वि ॥८॥
एइंदिएसु बायर-सुहुमा चउरो अपुण्ण पुण्णा य।
पज्जत्तियरा वियल† सयल‡ सण्णी असण्णिदरा पुण्णियरा ॥९॥
पंचसु थावरकाए बायर सुहुमा अपुण्ण पुण्णा य।
वियले पज्जत्तियरा सयले सण्णियर पुण्णियरा ॥१०॥

नरकगतौ पञ्चेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्ताऽपर्याप्तौ द्वौ द्वौ, मनुष्यगत्यां पञ्चेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तौ द्वौ द्वौ, देवगतौ पञ्चेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्ताऽपर्याप्तौ द्वौ द्वौ, तिर्यग्गत्यां एकेन्द्रियादिचतुर्दशजीवसमासाः सर्वे १४ भवन्ति ॥८॥

ते के ?

बायर-सुहुमेगिंदिय वि-ति- चउरक्खा असण्णि-सण्णी य।
पज्जत्ताऽपज्जत्ता जीवसमासा चउदसा होंति ॥२॥ इति।

१ गतिमार्गणायां जीवसमासाः—

न०	ति०	म०	दे०
२	१४	२	२

इन्द्रियमार्गणायां एकेन्द्रियेषु बादर-सूक्ष्मैकेन्द्रियौ पर्याप्ताऽपर्याप्तौ इति चत्वारः ४। विकले विकलत्रये द्वीन्द्रिये त्रीन्द्रिये चतुरिन्द्रिये च पर्याप्तेतरौ निजपर्याप्ताऽपर्याप्तौ द्वौ द्वौ प्रत्येकं भवतः २, २, २। सकले पञ्चेन्द्रिये संज्ञ्यसंज्ञि-पर्याप्ताऽपर्याप्ताश्चत्वारः ४। ॥९॥

२ इन्द्रियमार्गणायां जीवसमासाः—

ए०	द्वी०	त्री०	च०	पं०
४	२	२	२	४

कायमार्गणायां पृथिव्यादिपञ्चसु प्रत्येकं बादर-सूक्ष्मौ पर्याप्ताऽपर्याप्तौ इति चत्वारः स्थावरकाये जीवसमासा भवन्ति। विकले विकलत्रये पर्याप्ताऽपर्याप्ता इति षट्। सकले पञ्चेन्द्रिये संज्ञ्यसंज्ञि-पर्याप्ताऽपर्याप्ता इति चत्वारः। एवं दश जीवसमासाः १० त्रसकाये भवन्ति ॥१०॥

३ कायमार्गणायां जीवसमासाः—

पृ०	अ०	ते०	वा०	व०	त्र०
४	४	४	४	४	१०

नरक, मनुष्य और देव इन तीन गतियोंमें संज्ञि-पर्याप्तक और संज्ञि-अपर्याप्तक ये दो-दो जीवसमास होते हैं। तिर्यग्गतिमें एकेन्द्रियको आदि लेकर संज्ञिपंचेन्द्रिय तकके जीवोंकी अपेक्षा सर्व ही चौदह जीवसमास होते हैं (१)। इन्द्रियमार्गणाकी अपेक्षा एकेन्द्रियोंमें बादर-पर्याप्त, बादर-अपर्याप्त, सूक्ष्म-पर्याप्त और सूक्ष्म-अपर्याप्त ये चार जीवसमास होते हैं। विकलेन्द्रियोंमें द्वीन्द्रिय-पर्याप्त, द्वीन्द्रिय-अपर्याप्त; त्रीन्द्रिय-पर्याप्त, त्रीन्द्रिय-अपर्याप्त; चतुरिन्द्रिय-पर्याप्त और चतुरिन्द्रिय-अपर्याप्त ये छह जीवसमास होते हैं। पंचेन्द्रियोंमें असंज्ञि-पर्याप्त, असंज्ञि-अपर्याप्त; संज्ञि-पर्याप्त और संज्ञि-अपर्याप्त ये चार जीवसमास होते हैं (२)। कायमार्गणाकी अपेक्षा पाँचों स्थावरकायोंमेंसे प्रत्येकमें बादर-सूक्ष्म और पर्याप्त-अपर्याप्त; ये चार-चार जीवसमास होते हैं। त्रसजीवोंमेंसे विकलत्रयोंमें प्रत्येकके पर्याप्त और अपर्याप्त ये दो-दो जीवसमास होते हैं। तथा सकलेन्द्रियोंमें संज्ञी, असंज्ञी तथा उनके पर्याप्त और अपर्याप्त ऐसे दो-दो मिलकर चार जीवसमास होते हैं (३) ॥८-१०॥

---

†ब -वियले। ‡ब सयले।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिय वचि चउ मणजोए सण्णी पज्जत्तओ दु णायव्वो ।
असच्चमोसवचिए पंच वि बेइंदियाइ पज्जत्ता ॥११॥
ओरालमिस्स-कम्मे सत्ताऽपुण्णा य सण्णिपज्जत्तो ।
ओरालकायजोए पज्जत्ता सत्त णायव्वा ॥१२॥
वेउव्वाहारदुगे सण्णी पज्जत्तओ मुणेयव्वो ।
वेउव्वमिस्सजोए सण्णि-अपज्जत्तओ होइ ॥१३॥

योगमार्गणायां त्रिकवचनयोगेषु चतुर्मनोयोगेषु च पञ्चेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्त एक एव ज्ञातव्यः १ । असत्यमृषावचि अनुभयवाग्योगे द्वि-त्रि-चतुरिन्द्रिय-संज्ञ्यऽसंज्ञिपर्याप्ताः पञ्च जीवसमासाः भवन्ति ॥११॥

औदारिकमिश्रकाययोगे कार्मणकाययोगे च अपर्याप्ताः सप्त, सयोगिकेवलिनः संज्ञिपर्याप्त एकः, एवमष्टौ ८ । सयोगस्य कपाटयुग्मसमुद्घातकाले औदारिकमिश्रकाययोगः, दण्ड-(द्वय-) प्रतरयोः लोकपूरण-काले च कार्मणकाययोग इति । औदारिककाययोगे सप्त पर्याप्ताः ७ ज्ञातव्याः ॥१२॥

वैक्रियिककाययोगे संज्ञिपर्याप्त एकः १ । आहारकद्विके संज्ञ्यऽपर्याप्त एक एव १ ज्ञातव्यः । वैक्रियिकमिश्रकाययोगे पञ्चेन्द्रियसंज्ञ्यऽपर्याप्तो भवति १ ॥१३॥

४ योगमार्गणायां	स०	मृ०	उ०	अ०	स०	मृ०	उ०	अ०	औ०	औ०मि०	वै०	वै०मि०	आ०	आ०मि०	का०
जीवसमासाः—	१	१	१	१	१	१	१	५	७	८	१	१	१	१	८

योगमार्गणाकी अपेक्षा असत्यमृषावचनयोगको छोड़कर शेष तीन वचनयोगोंमें और चारों मनोयोगोंमें एक संज्ञिपर्याप्तक जीवसमास जानना चाहिए। असत्यमृषावचनयोगमें द्वीन्द्रियादि पाँच पर्याप्तक जीवसमास होते हैं। औदारिकमिश्रकाययोग और कार्मणकाययोगमें सातों अपर्याप्तक तथा संज्ञिपर्याप्तक ये आठ जीवसमास होते हैं। औदारिककाययोगमें सातों पर्याप्तक जीवसमास जानना चाहिए। वैक्रियिककाययोग, आहारककाययोग और आहारकमिश्र-काययोगमें एक संज्ञिपर्याप्तक जीवसमास जानना चाहिए। वैक्रियिकमिश्रकाययोगमें एक संज्ञि-पर्याप्तक जीवसमास होता है ॥११-१३॥

इत्थि-पुरिसेसु णेया सण्णि असण्णी अपुण्ण पुण्णा य ।
संढे कोहाईसु य जीवसमासा हवंति सव्वे वि ॥१४॥

स्त्रीवेदे पुंवेदे च पञ्चेन्द्रियसंज्ञ्यऽसंज्ञिनौ पर्याप्ताऽपर्याप्तौ इति चत्वारः ४ । षण्ढवेदे क्रोधकषाये मानकषाये मायाकषाये लोभकषाये च सर्वे चतुर्दश जीवसमासा भवन्ति ॥१४॥

५ वेदमार्गणायां	स्त्री०	पु०	नपुं०
जीवसमासाः-	४	४	१४

६ कषायमार्गणायां	क्रो०	मा०	मा०	लो०
जीवसमासाः—	१४	१४	१४	१४

वेदमार्गणाकी अपेक्षा स्त्रीवेद और पुरुषवेदमें संज्ञी, असंज्ञी, पर्याप्तक और अपर्याप्तक ये चार जीवसमास होते हैं। नपुंसकवेदमें तथा कषायमार्गणाकी अपेक्षा क्रोधादि चारों कषायोंमें सर्व ही जीवसमास होते हैं ॥१४॥

मइ-सुय-अण्णाणेसु य चउदस जीवा सुओहिमइणाणे ।
सण्णी पुण्णापुण्णा विहंग-मण-केवलेसु संपुण्णो ॥१५॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मति-श्रुताज्ञानद्वये चतुर्दश जीवसमासाः स्युः १४ । श्रुतज्ञाने अवधिज्ञाने मतिज्ञाने च पञ्चेन्द्रिय-संज्ञिपर्याप्ताऽपर्याप्तौ २ । विभंगज्ञाने मनःपर्ययज्ञाने केवलज्ञाने च पञ्चेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तः पूर्णपर्याप्त एक एव १ । केवलज्ञाने तु संज्ञिपर्याप्तसयोगेऽपर्याप्तौ (सयोगे संज्ञिपर्याप्ताऽपर्याप्तौ) द्वौ । अयं विशेषः गोमट्टसारेऽस्ति ॥१५॥

ज्ञानमार्गणायां जीवसमासाः—	कुम०	कुश्रु०	विभं०	मति०	श्रु०	अव०	मनः	केव०
	१४	१४	१	२	२	२	१	१

ज्ञानमार्गणाकी अपेक्षा मत्यज्ञान और श्रुताज्ञानमें चौदह ही जीवसमास होते हैं। मति, श्रुत और अवधिज्ञानमें संज्ञिपर्याप्त और अपर्याप्तक ये दो जीवसमास होते हैं। विभंगावधि, मनःपर्यय और केवलज्ञानमें एक संज्ञिपर्याप्तक जीवसमास होता है ॥१५॥

सामाइयाइ-छस्सु य सण्णी पज्जत्तओ मुणेयव्वो ।
अस्संजमे अचक्खू चउदस जीवा हवंति णायव्वा ॥१६॥
चक्खूदंसे छद्धा जीवा चउरिंदियाइ ओहम्मि ।
सण्णी पज्जत्तियरा केवलदंसे य सण्णि-संपुण्णो ॥१७॥

सामायिकादिषु षट्सु पञ्चेन्द्रियसंज्ञी पर्याप्तको मन्तव्यः । सामायिकच्छेदोपस्थापनयोः संज्ञि-पर्याप्ताऽऽहारकाऽपर्याप्तौ द्वौ, अयं तु विशेषः । देशसंयम-परिहारविशुद्ध-सूक्ष्मसाम्परायेषु पञ्चेन्द्रियसंज्ञि-पर्याप्त एकः १ । यथाख्याते तु संज्ञिपर्याप्त-समुद्घातकेवल्यऽपर्याप्तौ द्वौ २, अयमपि विशेषः । असंयमे अचक्षुर्दर्शने च चतुर्दश जीवसमासा ज्ञातव्याः ॥१६॥

८ संयममार्गणायां जीवसमासाः—	सा०	छे०	परि०	सू०	यथा०	देश०	असं०
	१	१	१	१	१	१	१४

चक्षुर्दर्शने चतुरिन्द्रियाऽसंज्ञि-संज्ञि-पर्याप्ताऽपर्याप्ताः षट् ६ । अपर्याप्तकालेऽपि चक्षुर्दर्शनस्य क्षयोप-*शमसद्भावात्, शक्त्यपेक्षया वा षड्धा जीवसमासा भवन्ति ६ । अवधिदर्शने पञ्चेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्ताऽपर्याप्तौ* द्वौ २ । केवलदर्शने संज्ञिसम्पूर्णपर्याप्त एकः । समुद्घातसयोग्यऽपर्याप्तो विशेषः ॥१७॥

६ दर्शनमार्गणायां जीवसमासाः—	चक्षु०	अच०	अव०	केव०
	६	१४	२	२

संयममार्गणाकी अपेक्षा सामायिक आदि पाँच संयम और देशसंयम, इन छहोंमें एक संज्ञिपर्याप्तक जीवसमास जानना चाहिए। असंयम और दर्शनमार्गणाकी अपेक्षा अचक्षुदर्शनमें चौदह ही जीवसमास जानना चाहिए। चक्षुदर्शनमें चतुरिन्द्रियादि छह जीवसमास होते हैं। अवधिदर्शनमें संज्ञिपर्याप्तक और अपर्याप्तक ये दो जीवसमास होते हैं। केवलदर्शनमें एक संज्ञि-पर्याप्तक जीवसमास होता है ॥१६-१७॥

किण्हाइतिए चउदस तेआइतिए य सण्णि दुविहा वि ।
भव्वाभव्वे चउदस उवसमसम्माइ सण्णि-दुविहो वि ॥१८॥
सासणसम्मे सत्त अपज्जत्ता होंति सण्णि-पज्जत्तो ।
मिस्से सण्णी पुण्णो मिच्छे सव्वे वि दोहव्वा ॥१९॥

छद् दुवि होदि ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कृष्णादित्रिके अशुभलेश्यासु तिसृषु प्रत्येकं चतुर्दश जीवसमासाः स्युः १४। तेजोलेश्यादित्रिके पीत-पद्म-शुक्ललेश्यासु तिसृषु प्रत्येकं पञ्चेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्ताऽपर्याप्तौ द्वौ द्वौ २। शुक्ललेश्यायां विशेषः— केवल्यऽपर्याप्ताऽपर्याप्ते एवान्तर्भावाद् द्वौ २। भव्याऽभव्ययोः चतुर्दश जीवसमासाः १४। उपशमसम्यक्त्वादिषु त्रिषु पञ्चेन्द्रियसंज्ञिद्विविधः पर्याप्ताऽपर्याप्तौ द्वौ २ भवतः। अत्र विशेषः। को विशेषः? प्रथमोपशमसम्यक्त्वे मरणाभावात्संज्ञिपर्याप्त एक एव २। द्वितीयोपशमसम्यक्त्वे मनुष्यसंज्ञिपर्याप्तदेवासंयतापर्याप्तौ द्वौ २। वेदकसम्यक्त्वे संज्ञिपर्याप्ताऽपर्याप्तौ द्वौ २। अपर्याप्तः कथम्? घर्मानारकस्य भवनत्रयवर्जितदेवस्य भोगभूमिनर-तिरश्चोः अपर्याप्तत्वेऽपि तत्सम्भवात्। क्षायिकसम्यक्त्वे तु जीवसमासौ द्वौ संज्ञिपर्याप्ताऽपर्याप्तौ। संज्ञिपर्याप्तः १, बद्धायुष्कापेक्षया घर्मानारक-भोगभूमिनर-तिर्यग्-वैमानिकदेवाऽपर्याप्तश्चेति १, [एवं] द्वौ २। ॥१८॥

१० लेश्यामार्गणायां जीवसमासाः—	कृ०	नी०	का०	ते०	प०	शु०
	१४	१४	१४	२	२	२

११ भव्यमार्गणायां जीवसमासाः—	भव्य०	अभव्य०
	१४	१४

१२ सम्यक्त्वमार्गणायां	प्रथ०	द्विती०	वे०	क्षा०	सा०	मिश्र	मिथ्या०
जीवसमासाः—	१	२	२	२	८,७,२	१	१४

सासादनसम्यक्त्वे अपर्याप्ताः सप्त भवन्ति, एकः पञ्चेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तो भवति १, एवमष्टौ ८। तद्यथा—बादर एकेन्द्रियापर्याप्तः १, द्वि-त्रि-चतुरिन्द्रियापर्याप्ताः ३, पञ्चेन्द्रिय-तत्संज्ञ्यऽसंज्ञ्यऽपर्याप्तौ द्वौ २, संज्ञिपर्याप्तः एकः १, एवं सप्त ७। द्वितीयोपशमसम्यक्त्वविराधकस्य सासादनत्वप्राप्तिपक्षे च संज्ञिपर्याप्तदेवापर्याप्तावपि द्वौ सासादने ।७।२।८। अत्र द्वितीयोपशमे श्रेणिपरिभ्रष्ट[स्य] निश्चयेन देवगतौ गमनं भवति, तेन देवभवेऽपर्याप्तकाले सास्वादनः प्राप्यते। तेन सास्वादने सप्ताऽपर्याप्ता जीवसमासा भवन्ति ८। अत्र विशेषविचारोऽस्ति। मिश्रे पञ्चेन्द्रियसंज्ञी पूर्णः एकः १। मिथ्यात्वे सर्वे चतुर्दश जीवसमासा ज्ञातव्याः १४ ।।१९।।

लेश्यामार्गणाकी अपेक्षा कृष्णादि तीनों अशुभलेश्याओंमें चौदह-चौदह जीवसमास होते हैं। तेज आदि तीनों शुभलेश्याओंमें संज्ञिपर्याप्तक और अपर्याप्तक ये दो जीवसमास होते हैं। भव्यमार्गणाकी अपेक्षा भव्य और अभव्यके चौदह ही जीवसमास होते हैं। सम्यक्त्वमार्गणाकी अपेक्षा औपशमिकसम्यक्त्व आदि तीनों सम्यग्दर्शनोंमें संज्ञिपर्याप्तक और अपर्याप्तक ये दो-दो जीवसमास होते हैं। सासादनसम्यक्त्वमें विग्रहगतिकी अपेक्षा सातों अपर्याप्तक और संज्ञिपर्याप्तक ये आठ जीवसमास होते हैं। मिश्र अर्थात् सम्यग्मिथ्यात्वमें एक संज्ञिपर्याप्तक जीवसमास होता है। मिथ्यात्वमें सर्व ही जीवसमास जानना चाहिए ॥१८—१९॥

सण्णिम्मि सण्णि-दुविहो इयरे ते वज्ज बारसाहारे।
चउदस जीवा इयरे सत्त अपुण्णा य सण्णि-संपुण्णा ॥२०॥

एवं मग्गणासु जीवसमासा समत्ता।

संज्ञिमार्गणायां संज्ञिजीवे पञ्चेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्ताऽपर्याप्तौ द्वौ २। इतरे असंज्ञिजीवे तौ संज्ञ्युक्तपर्याप्तापर्याप्तौ द्वौ वर्जयित्वा अन्ये द्वादश भवन्ति १२। आहारमार्गणायां आहारकजीवे चतुर्दश जीवसमासाः स्युः १४। इतरे अनाहारकजीवे विग्रहगतिमाश्रित्य अपर्याप्ताः सप्त ७, संज्ञिपर्याप्त एकः १, एवमष्टौ ८। सयोगस्य प्रतरद्वये लोकपूरणकाले कार्मणस्य अनाहारकत्वात् संज्ञिपूर्णः एक ॥२०॥

१३ संज्ञिमार्गणायां	सं०	असं०	१४ आहारमार्गणायां	आ०	अना०
जीवसमासाः—	२	१२	जीवसमासाः—	१४	८

इति चतुर्दशसु मार्गणासु जीवसमासाः समाप्ताः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अथ गोमट्टसारे गुणस्थानेषु जीवसमासानाह—

मिच्छे चोद्दस जीवा सासण अयदे पमत्तविरदे य ।
सण्णिदुगं सेसगुणे सण्णीपुण्णो दु खीणो त्ति[1] ॥३॥

मिथ्यादृष्टौ जीवसमासाश्चतुर्दश १४ । सासादनेऽविरते प्रमत्ते चशब्दात्सयोगे च पञ्चेन्द्रियसंज्ञि-पर्याप्तौ द्वौ २ । शेषाष्टगुणस्थानेषु अपिशब्दादयोगे च संज्ञिपर्याप्त एक एव १ ।

गुणस्थानेषु	मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्र०	अ०	अ०	अ०	सू०	उ०	क्षी०	स०	अ०
जीवसमासाः—	१४	२	१	२	१	२	१	१	१	१	१	१	२	१

इति मार्गणा-गुणस्थानेषु जीवसमासाः समाप्ताः ।

अथ गुणस्थानेषु पर्याप्तीः प्राणांश्चाऽऽह—

पज्जत्ती पाणा वि य सुगमा भाविंदियं ण जोगिम्हि ।
तहि वाचुस्सासाउगकायत्तिगदुगमजोगिणो आऊ[2] ॥४॥

मिथ्यादृगादिक्षीणकषायपर्यन्तेषु षट् पर्याप्तयः ६, दश प्राणाः १० । सयोगिजिने भावेन्द्रियं न, द्रव्येन्द्रियाऽपेक्षया षट् पर्याप्तयः ६, वागुच्छ्वासनिःश्वासाऽऽयुःकायप्राणाश्चत्वारश्च भवन्ति ४ । शेषेन्द्रिय-मनः-प्राणाः षट् न सन्ति, तत्रापि वाग्योगे विश्रान्ते त्रयः ३ । पुनः उच्छ्वास-निःश्वासे विश्रान्ते द्वौ २ । अयोगे आयुःप्राणः एकः १ ।

गुणस्थानेषु पर्याप्तयः प्राणाश्च—

गुण०	मि०	सा०	मि०	अ०	देश०	प्रम०	अप्र०	अ०	अ०	सू०	उप०	क्षी०	सयो०	अयो०
पर्याप्ति	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	द्र० ६	०
प्राण	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	४, ३, २	१

अथ गुणस्थानेषु संज्ञाः—

छट्ठो त्ति पढमसण्णा सकज्ज सेसा य कारणवेक्खा ।
पुव्वो पढमणियट्टी सुहुमो त्ति कमेण सेसाओ[3] ॥५॥

मिथ्यादृष्ट्यादिप्रमत्तान्तं सकार्याः आहार-भय-मैथुन-परिग्रह-संज्ञाश्चतस्रः ४ स्युः । षष्ठे गुणस्थाने आहारसंज्ञा व्युच्छिन्ना, शेषास्तिस्रः अप्रमत्तादिषु कारणास्तित्वाऽपेक्षया अपूर्वकरणान्तं कार्यरहिता भवन्ति ३ । तत्र भयसंज्ञा व्युच्छिन्ना । अनिवृत्तिकरणप्रथमसवेदभागे कार्यरहिते मैथुन-परिग्रहसंज्ञे द्वे स्तः २ । तत्र मैथुनसंज्ञा व्युच्छिन्ना । सूक्ष्मसाम्पराये परिग्रहसंज्ञा व्युच्छिन्ना । उपशान्तादिषु कार्यरहिताऽपि न, कारणा-भावे कार्यस्याभावः ।

गुणस्थानेषु संज्ञाः—

मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्र०	अ०	अ०	अ०	सू०	उ०	क्षी०	स०	अ०
					१		१	१	१				
४	४	४	४	४	४	३	३	२	१	०	०	०	०

इति गोमट्टसारोक्तविचारः ।

संज्ञिमार्गणाकी अपेक्षा संज्ञिपंचेन्द्रियोंमें संज्ञिपर्याप्तक और अपर्याप्तक ये दो जीवसमास होते हैं । असंज्ञिपंचेन्द्रियोंमें संज्ञिपंचेन्द्रिय-सम्बन्धी दो जीवसमास छोड़कर शेष बारह जीव-समास होते हैं । आहारमार्गणाकी अपेक्षा आहारक जीवोंमें चौदह ही जीवसमास होते हैं । अनाहारकोंमें सातों अपर्याप्तक और एक संज्ञिपर्याप्तक ये आठ जीवसमास होते हैं ॥२०॥

इस प्रकार चौदह मार्गणाओंमें जीवसमासोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

---

१. गो० जी० ६९८ । २. गो० जी० ७०० । ३. गो० जी० ७०१ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब जीवसमासस्थानोंमें उपयोगका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०६] [1]एयारसेसु ति त्ति य† दोसु चउक्कं च बारमेकम्मि ।
जीवसमासस्सेदे उवओगविही मुणेयव्वा[1] ॥२१॥

अथ जीवसमासेषु यथासम्भवमुपयोगान् गाथात्रयेणाऽऽह—['एयारसेसु तिण्णि य' इत्यादि ।] एकादशसु जीवसमासेषु त्रय उपयोगाः स्युः ३ । द्वयोर्जीवसमासयोश्चतुष्कं चत्वार उपयोगाः सन्ति ४ । एकस्मिन् जीवसमासे द्वादश उपयोगा भवन्ति ।

जीव०	११	२	१
उप०	३	४	१२

इति जीवसमासेषु एते उपयोगविधयः विधानानि ज्ञातव्याः ॥२१॥

ग्यारह जीवसमासोंमें तीन-तीन उपयोग होते हैं। दो जीवसमासोंमें चार-चार उपयोग होते हैं। एक जीवसमासमें बारह ही उपयोग होते हैं। इस प्रकार जीवसमासोंमें यह उपयोग-विधि जानना चाहिए ॥२१॥

भाष्यगाथाकार-द्वारा उक्त मूलगाथाका स्पष्टीकरण—

[2]मइ-सुअ-अण्णाणाइं अचक्खु एयारसेसु तिण्णेव ।
चक्खूसहिया ते चिय चउरक्खे असण्णि-पज्जत्ते ॥२२॥
मइ-सुय-ओहिदुगाइं सण्णि-अपज्जत्तएसु उवओगा ।
सव्वे वि सण्णि-पुण्णे उवओगा जीवठाणेसु ॥२३॥

सूक्ष्म-बादर-एकेन्द्रिय-द्वीन्द्रिय-त्रीन्द्रियाः पर्याप्ताऽपर्याप्ताः एतेऽष्टौ ८। चतुः-पञ्चेन्द्रियसंज्ञ्यऽसंज्ञिनः अपर्याप्तास्त्रयः ३ एवमेकादशजीवसमासेषु मति-श्रुताज्ञाने द्वे २, अचक्षुर्दर्शनमेकं १ इति त्रयः उपयोगाः ३ भवन्ति । ते त्रयः चक्षुर्दर्शनसहिताः चतुरिन्द्रियपर्याप्ते असंज्ञिपर्याप्ते च द्वयोर्जीवसमासयोः चत्वार उपयोगाः ४ स्युः ॥२२॥

सूचित कर रहे हैं कि उक्त बन्धादि स्थानोंका गति आदि चौदह मार्गणाओंका आश्रय लेकर सत्, संख्या, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव और अल्पबहुत्व इन आठ अनुयोग द्वारोंसे भी जानना चाहिए। प्राकृत पंचसंग्रहके संस्कृत टीकाकारने 'अथवा' कहकर उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य, अजघन्य, सादि, अनादि, ध्रुव और अध्रुव इन आठके द्वारा भी जाननेकी सूचना की है, क्योंकि गाथामें 'अट्ठहि' ऐसा सामान्य पद ही प्रयुक्त हुआ है। इसी प्रकार 'चउप्पयारेण' भी सामान्य पद है, सो उसका दिगम्बर टीकाकारोंने तो बन्ध, उदय, उदीरणा और सत्ता इन चार प्रकारोंसे जाननेकी सूचना की है। किन्तु चूर्णिकारने प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश इन चार प्रकारों से जाननेकी सूचना की है। श्वे० संस्कृत टीकाकारोंने भी यही अर्थ किया है।

अब मूल सप्ततिकाकार उदयसे उदीरणाकी विशेषता बतलाते हैं—

[मूलगा०४९][1]उदयस्सुदीरणस्स य सामित्तादो ण विज्जदि विसेसो।
मोत्तूण य इगिदालं सेसाणं सव्वपयडीणं[1] ॥४७३॥

विद्यानन्दीश्वरं देवं मल्लिभूषणसद्गुरुम्।
लक्ष्मीचन्द्रं च वीरेन्दुं वन्दे श्रीज्ञानभूषणम्॥

एकचत्वारिंशत्प्रकृतीर्मुक्त्वा शेषाणां सप्तोत्तरशतप्रकृतीनां उदयस्योदीरणायाश्च स्वामित्वाद्विशेषो न विद्यते। एकचत्वारिंशत्प्रकृतीनां ४१ विशेषो वर्तते ॥४७३॥

तथा चोक्तम्—

न चत्वारिंशतं सैकं परित्यज्यान्यकर्मणाम्।
विपाकोदीरणयोरस्ति विशेषः स्वाम्यतः स्फुटम्[2] ॥२९॥
मिश्रसासादनापूर्वशान्तायोगान् विमुच्य सा।
योजनीया गुणस्थाने विभागेन विचक्षणैः ॥३०॥

वक्ष्यमाण इकतालीस प्रकृतियोंको छोड़कर शेष सर्व प्रकृतियोंके उदय और उदीरणामें स्वामित्वकी अपेक्षा कोई विशेषता नहीं है ॥४७३॥

विशेषार्थ—यथाकालमें प्राप्त कर्म परमाणुओंके अनुभवन करनेका नाम उदय है और अकाल-प्राप्त अर्थात् उदयावलीसे बाहर स्थित कर्म-परमाणुओंका सकषाय या अकषाय योगको परिणति-विशेषसे अपकर्षणकर उदयावलीमें लाकर-उदय-प्राप्त कर्म-परमाणुओंके साथ अनुभव करनेका नाम उदीरणा है। इस प्रकार फलानुभवकी दृष्टिसे स्वामित्वकी अपेक्षा उदय और उदीरणामें कोई विशेषता नहीं है। इन दोनोंमें यदि कोई विशेषता है, तो केवल काल-प्राप्त और अकाल प्राप्त परमाणुओंकी है। उदयमें काल प्राप्त कार्य परमाणुओंका और उदीरणामें अकाल-प्राप्त परमाणुओंका वेदन या अनुभवन किया जाता है। ऐसी व्यवस्था होनेपर भी सामान्य नियम यह है कि जहाँ पर जिस कर्मका उदय होता है, वहाँ पर उस कर्मकी उदीरणा अवश्य होती है। किन्तु इसके कुछ अपवाद हैं। पहला अपवाद यह है कि जिन प्रकृतियोंकी स्वोदयसे सत्ता-व्युच्छित्ति होती है, उनकी उदीरणा-व्युच्छित्ति एक आवली काल पहले हो जाती है और उदय-व्युच्छित्ति एक आवलीके पश्चात् होती है दूसरा अपवाद यह है कि वेदनीय और मनुष्यायुकी उदीरणा प्रमत्तविरत गुणस्थान-पर्यन्त ही होती है। जब कि इनका उदय चौदहवें

1. सं० पञ्चसं० ५, ४४२।
१. सप्ततिको० ५४।
२. सं० पञ्चसं० ५, ४४२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुणस्थान तक होता है। तीसरा अपवाद यह है कि जिन प्रकृतियोंका उदय चौदहवें गुणस्थानमें होता है, उनकी उदीरणा तेरहवें गुणस्थान तक ही होती है। चौथा अपवाद यह है कि चारों आयुकर्मोंका अपने-अपने भवकी अन्तिम आवलीमें उदय ही होता है, उदीरणा नहीं होती। पाँचवाँ अपवाद यह है कि पाँचों निद्राकर्मोंका शरीरपर्याप्ति पूर्ण होनेके पश्चात् इन्द्रियपर्याप्तिके पूर्ण होने तक उदय ही होता है, उदीरणा नहीं होती। छठा अपवाद यह है कि अन्तरकरण करनेके पश्चात् प्रथम स्थितिमें एक आवली शेष रहनेपर मिथ्यात्वका, क्षायिकसम्यक्त्वको प्राप्त करनेवालेके सम्यक्त्वप्रकृतिका और उपशमश्रेणीमें जो जिस वेदसे उपशमश्रेणीपर चढ़ा है, उसके उस वेदका उदय ही होता है, उदीरणा नहीं। सातवाँ अपवाद यह है कि उपशमश्रेणीके सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें भी एक आवली कालके शेष रहनेपर सूक्ष्मलोभका उदय ही होता है, उदीरणा नहीं। इन सातों अपवादवाली कुल प्रकृतियाँ यतः इकतालीस ही होती हैं, अतः गाथासूत्रकारने इकतालीस प्रकृतियोंको छोड़कर शेष सर्व अर्थात् एक सौ सात प्रकृतियोंकी उदय और उदीरणामें स्वामित्वकी अपेक्षा कोई भेद नहीं बतलाया है।

अब मूल ग्रन्थकार उन इकतालीस प्रकृतियोंका नाम-निर्देश करते हैं—

[मूलगा० ५०] णाणंतरायदसयं दंसण णव वेयणीय मिच्छत्तं।
सम्मत्त लोभवेदाउगाणि णव णाम उच्चं च[1]॥४७४॥

एकचत्वारिंशत्प्रकृतयो गुणस्थानं प्रति दीयन्ते—[णाणंतरायदसयं' इत्यादि। ज्ञानावरणपञ्चकं ५ अन्तरायपञ्चकं ५ दर्शनावरणनवकं ९ सातासातवेदनीयद्वयं २ मिथ्यात्वं १ सम्यक्त्वं १ लोभः १ वेदत्रयं ३ आयुष्कचतुष्कं ४ नव नामप्रकृतयः ९ उच्चैर्गोत्रं १ चेति प्रकृतय एकचत्वारिंशत् ४१॥४७४॥

ज्ञानावरणकी पाँच, अन्तरायकी पाँच, दर्शनावरणकी नौ, वेदनीयकी दो, मिथ्यात्व, सम्यक्त्व मोहनीय, संज्वलन, लोभ, तीन वेद, चार आयु, नामकर्मकी नौ और उच्चगोत्र; इन इकतालीस प्रकृतियोंके उदय और उदीरणामें स्वामित्वकी अपेक्षा विशेषता बतलाई गई है॥४७४॥

विशेषार्थ—पाँच ज्ञानावरण, पाँच अन्तराय और चार दर्शनावरण, इन चौदह प्रकृतियोंकी बारहवें गुणस्थानमें एक आवली काल शेष रहने तक उदय और उदीरणा बराबर होती रहती है। किन्तु तदनन्तर उनका उदय ही होता है, उदीरणा नहीं होती। शरीरपर्याप्तिके सम्पन्न होनेके पश्चात् इन्द्रियपर्याप्तिके सम्पन्न नहीं होने तक मध्यवर्ती कालमें निद्रा आदि पाँच दर्शनावरण प्रकृतियोंका उदय ही होता है, उदीरणा नहीं होती। इसके सिवाय शेष समयमें उदय और उदीरणा एक साथ होती है। साता और असाता वेदनीयकी उदय और उदीरणा छट्ठे गुणस्थान तक एक साथ होती है; किन्तु उपरिम गुणस्थानोंमें इन दोनोंका उदय ही होता है, उदीरणा नहीं। प्रथमोपशम सम्यक्त्वको उत्पन्न करनेवाले जीवके अन्तरकरण करनेके पश्चात् प्रथम स्थिति में एक आवली कालके शेष रहनेपर मिथ्यात्वका उदय ही होता है, उदीरणा नहीं होती। क्षायिकसम्यक्त्वको उत्पन्न करनेवाले जिस वेदकसम्यग्दृष्टि जीवके मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वका क्षय होनेपर सम्यक्त्वप्रकृतिकी सर्व-अपवर्तनाकरणके द्वारा अपवर्तनासे अन्तर्मुहूर्त्तप्रमित स्थिति शेष रह जाती है, तदनन्तर उदय और उदीरणाके द्वारा क्रमशः क्षीण होती हुई वह स्थिति जब आवलीमात्र शेष रह जाती है, तब उस समयसे लेकर सम्यक्त्वप्रकृतिका उदय ही होता है, उदीरणा नहीं होती। अथवा उपशमश्रेणीपर चढ़े हुए जीवके अन्तरकरण करनेपर प्रथमस्थितिमें आवलीकालके शेष रह जानेपर उदय ही होता है, उदीरणा नहीं होती।

१. सप्ततिका० ५५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संज्वलन लोभकी सर्व प्राणियोंके उदय और उदीरणा सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानके कालमें एक आवली शेष रहने तक होती रहती है। तदनन्तर आवलीमात्र कालमें उदय ही होता है, उदीरणा नहीं होती। तीनों वेदोंमेंसे जिस वेदके उदयसे जीव श्रेणीपर चढ़ता है उसके अन्तरकरण करनेपर प्रथमस्थितिमें एक आवलीकालके शेष रह जानेके पश्चात् उस वेदका उदय ही होता है, उदीरणा नहीं। चारों ही आयुकर्मोका अपने-अपने भवकी अन्तिम आवलीके शेष रह जानेपर उदय ही होता है, उदीरणा नहीं होती। किन्तु मनुष्यायुमें इतना विशेष ज्ञातव्य है कि छठे गुणस्थान तक उसके उदय और उदीरणा दोनों होते हैं, किन्तु उससे ऊपरके सर्व अप्रमत्त जीवोंके उसका उदय ही होता है, उदीरणा नहीं होती। नामकर्मकी वक्ष्यमाण नौ प्रकृतियोंका और उच्चगोत्रका तेरहवें गुणस्थान तक उदय और उदीरणा दोनों होते हैं। किन्तु चौदहवें गुणस्थानमें उनका केवल उदय ही होता है, उदीरणा नहीं होती। इन इक्कीस-प्रकृतियोंके सिवाय शेष सर्व प्रकृतियोंके उदय और उदीरणामें स्वामित्वकी अपेक्षा कोई भेद नहीं है।

अब भाष्यगाथाकार उपर्युक्त गाथासूत्रसे सूचित नामकर्मको नौ प्रकृतियोंका नाम-निर्देश करते हैं

मणुयगई पंचिंदिय तस बायरणाम सुहयमादिज्जं।
पज्जत्तं जसकित्ती तित्थयरं णाम णव होंति ॥४७५॥

1

मिथ्या०			नरकायु देवायु	ति०आ०	प्र० सं०	सम्य०		वेदः	लोभः		ज्ञा०५ द०४ नाम० अंत०५ नि०प्र०	मनु०	
०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
१			२	१	६	१		३	१		१६	१०	

सव्वे मेलिया ४१।

नाम्नो नव का इति चेदाह—['मणुयगई पंचिंदिय' इत्यादि।] मनुष्यगतिः १ पञ्चेन्द्रियं १ त्रसत्वं १ बादरनाम १ सुभगं १ आदेयं १ पर्याप्तं १ यशस्कीर्त्तिनाम १ तीर्थङ्करत्वं चेति नाम्नो नव प्रकृतयो भवन्ति ९। एतासां ४१ प्रकृतीनामुदीरणाऽपक्वपाचना सासादन-मिश्रापूर्वकरणोपशान्तकषायायोगिकेवलिगुणस्थानेषु न भवति, अन्यगुणस्थानेषु एतासामुदीरणा भवति ॥४७५॥

गुणस्थानेषु उदीरणाप्रकृतयः

गुण०	मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्र०	अप्र०	अपू०	अनि०	सू०	उ०	क्षी०	स०	अ०
उदी० सं०	१	०	०	२	१	६	१	०	३	१	०	१६	१०	०

ज्ञा० ५
उदी० प्र० मिथ्या० ० ० नर० देवा० तिर्य० सातादि० सम्य० ० वेदाः सं०लो० ० अ० ५ मनु० ०
द० ६

तथाहि मिथ्यात्वप्रकृतेर्मिथ्यादृष्टौ उपशमसम्यक्त्वाभिमुखस्य समयाधिकावलिपर्यन्तमुदीरणाकरणं स्यात् १। तावत्पर्यन्तमेव तदुदयात्। सासादने मिश्रे च शून्यम्०। असंयते देव-नरकायुषोरुदीरणा २। देशसंयते तिर्यगायुष उदीरणा १। प्रमत्ते सातासाते २ मनुष्यायुः १ स्त्यानगृद्धित्रय ३ मिति षण्णामुदीरणा ६। अप्रमत्ते सम्यक्त्वप्रकृतेरुदीरणा १। अपूर्वकरणे शून्यमुदीरणा नास्ति०। अनिवृत्तिकरणे वेदानां त्रयाणा-

1. ५, ४४३-४४७। तथा तदधस्तनसंख्याङ्कपंक्तिश्च (पृ० २२०)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मुदीरणा ३ । सूक्ष्मसाम्पराये संज्वलनसूक्ष्मलोभस्योदीरणा १, अन्यत्र तदुदयाभावात् । उपशान्ते शून्यम्० । क्षीणकषाये ज्ञानावरणान्तरायदशकं १० निद्रा-प्रचलाद्विकं २ चक्षुरचक्षुरवधिकेवलदर्शनावरण-चतुष्क ४ मिति षोडशानामुदीरणा १६ । सयोगे मनुष्यगतिः १ पञ्चेन्द्रियं १ त्रसं १ बादरं १ सुभगं १ आदेयं १ पर्याप्तं १ यशः १ तीर्थकरत्वं १ उच्चैर्गोत्र १ मिति दशानां १० प्रकृतीनामुदीरणा भवति । अयोगे शून्य० मुदीरणा नास्ति । सर्वा मीलिताः ४१ । तथा चोक्तम्-

मिथ्यात्वं तत्र दुर्दृष्टौ तुर्ये श्वभ्र-सुरायुषी ।
तैरश्चं जीवितं देशे षडेताः सप्रमादके ॥३१॥

सातासातमनुष्यायुः स्त्यानगृद्धित्रयाभिधाः ।
सम्यक्त्वं सप्तमे वेदत्रितयं त्वनिवृत्तिके ॥३२॥

लोभः संज्वलनः सूक्ष्मे क्षीणाख्ये दृक्चतुष्टयम् ।
दश ज्ञानान्तरायस्था निद्राप्रचलयोर्द्वयम् ॥३३॥

त्रसपञ्चाक्षपर्याप्तबादरोच्चनृरीतयः[1] ।
तीर्थकृत्सुभगादेययशांसि दश योगिनि[2] ॥३४॥

१।०।०।२।१।६।१।०।३।१।०।१६।१०।मीलिताः ४१ । इति विशेषः ।

मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, त्रस, बादर, पर्याप्त, सुभग, आदेय, यशःकीर्त्ति और तीर्थंकर ये नौ नामकर्मकी प्रकृतियाँ हैं ॥४७५॥

विशेषार्थ—ऊपर उदय और उदीरणाकी अपेक्षा जिन इकतालीस प्रकृतियोंका स्वामित्व-भेद बतलाया गया है, उनके विषयमें यह विशेष ज्ञातव्य है कि सासादन, मिश्र, अपूर्वकरण, उपशान्तमोह और अयोगिकेवली, इन पाँच गुणस्थानोंमें किसी भी प्रकृतिकी उदीरणा नहीं होती है। अन्य गुणस्थानोंमें भी सबमें सभीकी उदीरणा नहीं होती है, किन्तु मिथ्यात्वकी पहले गुणस्थानमें ही उदीरणा होती है, अन्यमें नहीं। नरकायु और देवायु, इन दो कर्मोंकी उदीरणा चौथे गुणस्थानमें ही सम्भव है, अन्यत्र नहीं। तिर्यगायुकी उदीरणा पाँचवें गुणस्थानमें होती है, अन्यत्र नहीं। सातावेदनीय, असातावेदनीय, मनुष्यायु, निद्रानिद्रा, प्रचला-प्रचला और स्त्यानगृद्धि; इन छह प्रकृतियोंकी उदीरणा छठे गुणस्थानमें ही संभव है, अन्यत्र नहीं। सातवें गुणस्थानमें सम्यक्त्वप्रकृतिकी उदीरणा होती है। तीनों वेदोंकी उदीरणा नवें गुणस्थानमें होती है। संज्वलनलोभकी उदीरणा दशवें गुणस्थानमें होती है अन्यत्र नहीं। पाँच ज्ञानावरण, पाँच अन्तराय, चक्षुदर्शनावरण, अचक्षुदर्शनावरण, अवधिदर्शनावरण, केवलदर्शनावरण, निद्रा और प्रचला, इन सोलह प्रकृतियोंकी उदीरणा बारहवें गुणस्थानमें होती हैं। मनुष्यगति पंचेन्द्रियजाति, त्रस, बादर, पर्याप्त, सुभग, आदेय, यशःकीर्ति, तीर्थङ्कर और उच्चगोत्र, इन दश प्रकृतियोंकी उदीरणा तेरहवें गुणस्थानमें होती है। इस कथनकी अंकसंदृष्टि मूलमें दी हुई है।

अब मूलसप्ततिकाकार गुणस्थानोंका आश्रय लेकर कर्मप्रकृतियोंके बन्धका निरूपण करते हैं—

[मूलगा० ५१][1]तित्थयराहारविरहियाउ अज्जेदि सव्वपयडीओ ।
मिच्छत्तवेदओ सासणो य उगुवीस सेसाओ[1] ॥४७६॥

---

1. ५, ४४८-४४९ ।

१. टीकाप्रतौ 'नृगतयः' इति पाठः । २. सं० पञ्चसं० ५, ४४४-४४७ ।

१. सप्ततिका० ५६ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[मूलगा० ५२][1]छायालसेसमिस्सो अविरयसम्मो तिदालपरिसेसा ।
तेवण्ण देसविरदो विरदो सगवण्ण सेसाओ[1] ॥४७७॥

अथ गुणस्थानेषु कर्मणां प्रकृतिव्युच्छेद-बन्धाबन्धभेदाः कथ्यन्ते—['तित्थयराहार' इत्यादि ।] तीर्थङ्कराहारकद्वयरहिताः सर्वाः सप्तदशोत्तरशतप्रकृती ११७ मिथ्यात्ववेदको मिथ्यादृष्टिरर्जयति बध्नातीत्यर्थः। सासादनो जीव एकोनविंशतिं विना शेषा एकाधिकशतप्रकृतीर्बध्नाति १०१ । मिश्रगुणस्थानवर्त्ती षट्चत्वारिंशत्प्रकृतिभिर्विना शेषाश्चतुःसप्ततिं प्रकृतीर्बध्नाति ७४ । अविरतसम्यग्दृष्टिस्त्रिचत्वारिंशत्प्रकृतिभिर्न्यूनाः शेषाः सप्तसप्ततिं प्रकृतीर्बध्नाति ७७ । देशविरतस्त्रिपञ्चाशत्प्रकृतिविरहिताः शेषाः सप्तषष्टिं प्रकृतीर्बध्नाति ६७ । विरतः प्रमत्तो मुनिः सप्तपञ्चाशत्प्रकृतिभिर्विना त्रिषष्टिं प्रकृतीर्बध्नाति ६३ ॥४७६–४७७॥

मिथ्यात्वका वेदन करनेवाला अर्थात् मिथ्यादृष्टि जीव तीर्थङ्करप्रकृति और आहारकद्विक; इन तीन प्रकृतियोंके विना शेष सर्व प्रकृतियोंका उपार्जन अर्थात् बन्ध करता है। सासादनसम्यग्दृष्टि उन्नीसके विना शेष सर्व प्रकृतियोंका बन्ध करता है। मिश्रगुणस्थानवर्ती छियालीसके विना, अविरतसम्यग्दृष्टि तेतालीसके विना, देशविरत तिरेपनके विना और प्रमत्तविरत सत्तावनके विना शेष सर्व प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं ॥४७६–४७७॥

विशेषार्थ—प्रस्तुत ग्रन्थके दूसरे और तीसरे प्रकरणमें यह बतलाया जा चुका है कि आठों कर्मोंकी जो १४८ उत्तरप्रकृतियाँ हैं, उनमेंसे बन्धयोग्य केवल १२० ही होती हैं। इसका कारण यह है कि नामकर्मकी प्रकृतियोंमें जो पाँच बन्धन और पाँच संघात बतलाये गये हैं, उनका बन्ध शरीरनामकर्मके बन्धका अविनाभावी है। अर्थात् जहाँ जिस शरीरका बन्ध होता है, वहाँ उस बन्धन और संघातका अवश्य बन्ध होता है। अतः बन्धप्रकृतियोंमें पाँच बन्धन और पाँच संघातका ग्रहण नहीं किया जाता है। इसी प्रकार वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्श नामकर्मके अवान्तर भेद यद्यपि २० होते हैं, किन्तु एक समयमें किसी एक रूप, रस, गन्ध और स्पर्शका ही बन्ध संभव होनेसे वर्णादिक चार सामान्य प्रकृतियाँ ही बन्धयोग्य मानी गई हैं। इस प्रकार वर्णादिककी सोलह और बन्धन-संघातसम्बन्धी दश प्रकृतियोंको एक सौ अड़तालीसमेंसे घटा देनेपर १२२ प्रकृतियाँ रह जाती हैं। तथा सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्वप्रकृति भी बन्धयोग्य नहीं मानी गई है, क्योंकि करण-परिणामोंके द्वारा मिथ्यात्वदर्शनमोहनीयके तीन भाग करने पर ही उनकी उत्पत्ति होती है। अतएव इन दो के भी घट जानेसे शेष १२० प्रकृतियाँ ही बन्धयोग्य रह जाती हैं। उनमेंसे आहारकद्विक और तीर्थङ्करप्रकृतिका बन्ध मिथ्यात्वमें संभव न होनेसे शेष ११७ का बन्ध बतलाया गया है। मिथ्यात्वगुणस्थानके अन्तिम समयमें मिथ्यात्व, नपुंसकवेद, नरकद्विक, नरकायु, एकेन्द्रिय आदि चार जातियाँ, हुंडकसंस्थान, सृपाटिका संहनन, आतप, स्थावर, सूक्ष्म, साधारण और अपर्याप्त; इन सोलह प्रकृतियोंकी प्रथम बन्ध-व्युच्छित्ति हो जानेसे सासादनमें बन्धयोग्य १०१ रह जाती हैं। दूसरे गुणस्थानमें अनन्तानुबन्धिचतुष्क, स्त्यानगृद्धित्रिक, स्त्रीवेद, तिर्यग्द्विक, तिर्यगायु, मध्यम चार संस्थान; चार संहनन; उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्र इन पच्चीस प्रकृतियोंकी बन्ध-व्युच्छित्ति हो जानेसे ७६ प्रकृतियाँ शेष रहती हैं, किन्तु मिश्र गुणस्थानमें किसी भी आयुकर्मका बन्ध नहीं होता है, अतएव मनुष्यायु और देवायु ये दो प्रकृतियाँ और भी घट जाती हैं। इस प्रकार (१६ + २५ + २ = ४६) छियालीसके विना शेष ७४ प्रकृतियोंका सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीव बन्धक माना गया है। अविरत सम्यग्दृष्टिके तैंतालीस

1. सं० पञ्चसं० ५, ४५० ।

1. सप्ततिका० ५७ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(४७) के विना शेष सतहत्तर (७७) का बन्ध होता है। इसका कारण यह है कि इस गुणस्थानमें मनुष्यायु और देवायुका बन्ध होने लगता है, तथा तीर्थंकर प्रकृतिका भी बन्ध सम्भव है। अतएव तीसरे गुणस्थानमें नहीं बँधनेवाली ४६ मेंसे तीनके और निकल जानेसे ४३ के विना शेष ७७ का चौथेमें बन्ध माना गया है। देशविरतमें ५३ के विना शेष ६७ का बन्ध कहा है। इसका कारण यह है कि चौथे गुणस्थानमें अप्रत्याख्यानावरण कषायके उदयसे जिन दश प्रकृतियोंका बन्ध होता था, उनका बन्ध पाँचवें गुणस्थानमें नहीं होता है। वे दश प्रकृतियाँ ये हैं—अप्रत्याख्यानावरणचतुष्क, मनुष्यद्विक, मनुष्यायु, औदारिकद्विक और वज्रवृषभनाराचसंहनन। अतएव चौथेमें बन्धके अयोग्य ४३ में १० और मिला देनेपर ५३ हो जाती हैं। बन्धयोग्य १२० मेंसे ५३ के घटा देनेपर शेष ६७ प्रकृतियोंका देशविरत बन्धक कहा गया है। प्रमत्तविरतके ५७ के विना शेष ६३का बन्ध होता है। इसका कारण यह है कि यहाँपर प्रत्याख्यानावरण कषाय-चतुष्कका भी बन्ध नहीं होता। अतः ६७ मेंसे ४ के घटा देनेपर ६३ बन्ध-योग्य; तथा ५३ में ४ बढ़ा देनेपर ५७ अबन्ध-योग्य प्रकृतियाँ छठे गुणस्थानमें बतलाई गई हैं।

अब भाष्यगाथाकार उपर्युक्त अर्थका स्वयं ही निर्देश करते हैं—

सत्तरसधियसदं खलु मिच्छादिट्ठी दु बंधओ भणिओ।
एगुत्तरसयपयडी सासणसम्मा दु बंधंति ॥४७८॥

1
तित्थयराहारदुगूणा मिच्छे— १६ / ११७ / ३ / ३१ सासणे २५ / १०१ / १९ / ४७

सप्तदशाधिशतप्रकृतीनां बन्धको मिथ्यादृष्टिर्भणितः ११७। एकोत्तरशतप्रकृतीः सासादनरुचयो १०१ [बध्नन्ति] ॥४७८॥

तीर्थङ्कराहारकद्वयहीना मिथ्यादृष्टौ व्यु० १६ ब० ११७ अ० ३ (३१) सासादने व्यु० २५ ब० १०१ अ० १९ (४७)।

मिथ्यादृष्टि जीव नियमसे सत्तरह अधिक सौ अर्थात् एक सौ सत्तरह प्रकृतियोंका बन्धक कहा गया है। सासादनसम्यग्दृष्टि जीव एक अधिक सौ अर्थात् एक सौ एक प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं ॥४७८॥

बन्धके अयोग्य तीर्थंकर और आहारकद्विक इन तीनके विना मिथ्यात्वमें बन्ध-योग्य ११७ सासादनमें बन्ध-अयोग्य १९ के विना बन्ध-योग्य १०१ प्रकृतियाँ होती हैं। इनकी अंकसंदृष्टि मूलमें दी है।

चउहत्तरि सत्तत्तरि मिस्सो य असंजदो तहा चेव।
सत्तट्ठि देसविरदो तेसट्ठिं बंधगो पमत्तो दु ॥४७९॥

मणुय-देवाउं विणा मिस्से ० / ७४ / ४६ / ७४ तित्थयर-मणुय-देवाऊहिं सह अविरदे १० / ७७ / ४३ / ७१ देसे ४ / ६७ / ५३ / ८१ पमत्ते ६ / ६३ / ५७ / ८५।

1. सं० पञ्चसं० ५, 'तीर्थंकराहारकद्वयहीना' इत्यादिगद्यभागः (पृ० २२१)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चतुःसप्ततिं प्रकृतीर्मिश्रो बध्नाति ७४ । असंयतः सप्तसप्ततिं ७७ बध्नाति । देशसंयतः सप्तषष्टिं बध्नाति ६७। प्रमत्तस्त्रिषष्टिं बध्नाति ६३ ॥४७६॥

मनुष्य-देवायुष्यबन्धं विना मिश्रे ब० ७४ (व्यु० ०, अ० ४३, ७४) । तीर्थङ्कर-मनुष्य-देवायुष्कैः सह अविरते ब० ७७ (व्यु० १०, अ० ४३, ७१) ।

देशसंयते ब० ६७ (व्यु० ४, अ० ५३, ८१) । प्रमत्ते ब० ६३ (व्यु० ६, अ० ५७, ८५) ।

मिश्र गुणस्थानवर्ती चौहत्तर प्रकृतियोंका बन्धक है। असंयतसम्यग्दृष्टि सतहत्तरका बन्धक है। देशविरत सड़सठका तथा प्रमत्तविरत तिरेपन प्रकृतियोंका बन्धक होता है ॥४७६॥

मनुष्यायु और देवायुके विना मिश्रमें बन्धयोग्य ७४ है। तीर्थंकर, मनुष्य और देवायुके साथ अविरतमें बन्ध-योग्य ७७ हैं। देशविरतमें ६७ और प्रमत्तविरतमें ६३ बन्ध-योग्य हैं। इनकी अंकसंदृष्टि मूलमें दी है।

[मूलगा०५३][1]उगुसट्ठिमप्पमत्तो बंधइ देवाउगं च इयरो वि।
अट्ठावण्णमपुव्वो छप्पण्णं चावि छव्वीसं[1] ॥४८०॥

[2]आहारदुगेण सह अप्पमत्तो — १, ५९, ६१, ८६

अपुव्वे सत्तभाएसु—

२	०	०	०	०	३०	४
५८	५६	५६	५६	५६	५६	२६
६२	६४	६४	६४	६४	६४	९४
९०	९२	९२	९२	९२	९२	१२२

अप्रमत्तः एकोनषष्टिं बध्नाति ५९ । देवायुरत्यक्त्वा इतराः अष्टपञ्चाशत्प्रकृतीरपूर्वकरणो बध्नाति । तथाहि—अपूर्वकरणस्य प्रथमे भागे अष्टपञ्चाशत्प्रकृतीर्बध्नाति ५८ । [षष्ठभागान्तं षट्पञ्चाशत् प्रकृतीर्बन्धाति ५६ ।] सप्तमे भागे षड्विंशतिं प्रकृतीर्बध्नाति २६ ॥४८०॥

आहारकद्विकबन्धेन सह अप्रमत्तगुणस्थाने—ब० ५९ । (व्यु० १, अ० ६१, ८६)

अपूर्वकरणस्य सप्तभागेषु—

व्यु०	२	०	०	०	०	३०	४
ब०	५८	५६	५६	५६	५६	५६	२६
अ०	६२	६४	६४	६४	६४	६४	९४
	९०	९२	९२	९२	९२	९२	१२२

अप्रमत्तसंयत उनसठ प्रकृतियोंको बाँधता है, तथा देवायुको भी बाँधता है। अपूर्वकरणसंयत अट्ठावन, छप्पन और छब्बीस प्रकृतियोंको भी बाँधता है ॥४८०॥

1. सं० पञ्चसं० ५, ४५१ । 2. ५, 'आहारकद्विकेन' सहाप्रमत्ते' इत्यादिगद्यांशः (पृ० २२१)।
१. सप्ततिका० ५८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विशेषार्थ—छठे गुणस्थानमें ६३ प्रकृतियोंका बन्ध होता था, किन्तु सातवें गुणस्थानमें असातावेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशस्कीर्त्ति, इन छह प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता है और आहारकद्विकका बन्ध होने लगता है, इसलिए ६३ मेंसे ६ घटानेपर ५७ प्रकृतियाँ रह जाती हैं किन्तु उनमें आहारकद्विक मिला देनेपर ५९ प्रकृतियाँ बन्ध योग्य हो जाती हैं। इन ५९ प्रकृतियोंमें यद्यपि देवायु सम्मिलित है, फिर भी गाथा सूत्रकारने 'अप्रमत्तसंयत देवायुको भी बाँधता है' ऐसा जो वाक्य-निर्देश किया है, उसका अभिप्राय चूर्णीकारने यह बतलाया है कि देवायुके बन्धका प्रारम्भ प्रमत्तसंयत ही करता है, किन्तु उसका बन्ध करते हुए यदि वह ऊपरके गुणस्थानमें चढ़े तो, अप्रमत्तसंयतके भी देवायुका बन्ध होता रहता है। इसका अर्थ यह निकला कि सातवें गुणस्थानमें देवायुके बन्धका प्रारम्भ नहीं होता है, हाँ, यदि कोई प्रमत्तसंयत उसका बन्ध करता हुआ अप्रमत्तसंयत होवे, तो उसके बंध अवश्य संभव है। सातवें गुणस्थानके अन्तिम समयमें देवायुके बन्धकी व्युच्छित्ति हो जाती है, अतः आठवें गुणस्थानके पहले संख्यातवें भागमें अपूर्वकरणसंयत ५८ प्रकृतियोंका बन्ध करता है। तदनन्तर निद्रा और प्रचला, इन दो प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति हो जानेपर संख्यातवें भागके शेष रहने तक वह ५६ प्रकृतियोंका बन्ध करता है। तदनन्तर देवगति, देवगत्यानुपूर्वी पंचेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीरद्विक, आहारकद्विक, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्तविहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण और तीर्थंकर, इन तीस प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति हो जाने पर अन्तिम भागमें वह अपूर्वकरणसंयत २६ प्रकृतियोंका बन्ध करता है। अपूर्वकरणके सातों भागोंमें बन्ध, अबन्ध आदि प्रकृतियोंकी अंकसंदृष्टि मूलमें दी है।

[मूलगा०५४][1]बावीसा एगूणं बंधइ अट्ठारसं च अणियट्टी।
सतरस सुहुमसराओ सायममोहो सजोई[1] दु ॥४८१॥

[2] अणियट्टीए पंचसु भाएसु — सुहुमादिसु य—

१	१	१	१	१	१६	०	०	१	०
२२	२१	२०	१९	१८	१७	१	१	१	०
९८	९९	१००	१०१	१०२	१०३	११९	११९	११९	१२०
१२६	१२७	१२८	१२९	१३०	१३१	१४७	१४७	१४७	१४८

अनिवृत्तिकरणस्य प्रथमे भागे द्वाविंशतिं २२ द्वितीये भागे एकविंशतिं २१ तृतीये भागे विंशतिं २० चतुर्थे भागे एकोनविंशतिं १९ पञ्चमे भागे अष्टादशप्रकृतीर्बध्नाति १८। सूक्ष्मसाम्परायः सप्तदश प्रकृतीर्बध्नाति १७। अमोह इति उपशान्त-क्षीणकषाय-सयोगिनां एकस्य साताकर्मणो बन्धो भवति। एते उपशान्त-क्षीण-सयोगिनः एकं सातं बध्नन्तीत्यर्थः। अयोगी अबन्धको भवेत् ॥४८१॥

	व्यु०	१	१	१	१	१
अनिवृत्तिकरणस्य पञ्चसु भागेसु	ब०	२२	२१	२०	१९	१८
	अ०	९८	९९	१००	१०१	१०२
		१२६	१२७	१२८	१२९	१३०

1. सं० पञ्चसं० ५' ४५२। 2. , 'अनिवृत्तौ पञ्चसु भागेसु' इत्यादि (पृ० २२१)।

1. सप्ततिका० ५९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूक्ष्मसाम्परायादिषु—

व्यु०	१६ कन	०	०	१	०
बं०	१७ वार	१	१	१	०
अ०	१०३	११६	११६	११९	१२०
	१३१	१४७	१४७	१४७	१४८

अनिवृत्तिकरणसंयत बाईसका और उसमेंसे एक-एक कम करते हुए इक्कीस, बीस, उन्नीस और अट्ठारह प्रकृतियोंका बन्ध करता है। सूक्ष्मसाम्परायसंयत सत्तरह प्रकृतियोंका बन्ध करता है। तथा मोहरहित ग्यारहवें-बारहवें गुणस्थानवर्ती जीव और सयोगिकेवली जिन एक सातावेदनीयका बन्ध करते हैं ॥४८१॥

विशेषार्थ—अपूर्वकरणके अन्तिम समयमें हास्य, रति, भय और जुगुप्सा इन चार प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति हो जानेसे अनिवृत्तिकरणके प्रथम भागमें बाईस प्रकृतियोंका बन्ध होता है। पुनः प्रथम भागके अन्तिम समयमें पुरुषवेदकी बन्धव्युच्छित्ति हो जानेसे द्वितीय भागमें इक्कीस प्रकृतियोंका बन्ध होता है। पुनः दूसरे भागके अन्तिम समयमें संज्वलन क्रोधकी बन्धव्युच्छित्ति हो जानेपर तृतीय भागमें बीस प्रकृतियोंका बन्ध होता है। तृतीय भागके अन्तिम समयमें संज्वलनमानकी बन्धव्युच्छित्ति हो जाने पर चतुर्थ भागमें उन्नीस प्रकृतियोंका बन्ध होता है। चौथे भागके अन्तिम समयमें संज्वलन मायाकी बन्धव्युच्छित्ति हो जानेपर पंचम भागमें अठारह प्रकृतियोंका बन्ध होता है। पाँचवें भागके अन्तिम समयमें संज्वलन लोभकी बन्धव्युच्छित्ति हो जाती है और वह जीव दशवें गुणस्थानमें पहुँचकर सत्तरह प्रकृतियोंका बन्ध करने लगता है। इस गुणस्थानके अन्तमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, पाँच अन्तराय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्र, इन सोलह प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति हो जाती है, अतएव ग्यारहवें, बारहवें और तेरहवें गुणस्थानमें एक मात्र सातावेदनीयका बन्ध होता है। तेरहवें गुणस्थानके अन्तिम समयमें सातावेदनीय प्रकृतिकी भी बन्धव्युच्छित्ति हो जाती है, इसलिए अयोगिकेवलीके किसी भी प्रकृतिका बन्ध नहीं होता है। अनिवृत्तिकरणके पाँचो भागोंमें और सूक्ष्मसाम्पराय आदि शेष गुणस्थानोंमें बन्ध-अबन्ध आदिकी अंकसंदृष्टि मूलमें दी है।

अब मूल सप्ततिकाकार प्रकृत अर्थका उपसंहार करते हुए इसी स्वामित्वको मार्गणाओंमें भी जाननेके लिए संकेत करते हैं—

[मूलगा० ५५] एसो दु बंधसामित्तोघो गदिआदिएसु बोहव्वो।
ओघाओ साहेज्जो जत्थ जहा पयडिसंभवो होइ[1] ॥४८२॥

एषः प्रत्ययीभूतो बन्धस्वामित्वगुणस्थानकयुक्तः गतीन्द्रियकाययोगादिषु मार्गणासु ज्ञातव्यो भवति। यत्र गत्यादिमार्गणासु यथासम्भवं प्रकृतिसम्भवो भवति, तथा तत्र गुणस्थानेभ्यः सकाशात् साधितव्यो भवति ॥४८२॥

यह ओघ-प्ररूपित अर्थात् गुणस्थानोंकी अपेक्षासे कहा गया बन्धस्वामित्व गति आदि मार्गणाओंमें भी जहाँ जितनी प्रकृतियाँ संभव हों वहाँपर ओघके समान सिद्ध कर लेना चाहिए ॥४८२॥

विशेषार्थ—मूल ग्रन्थकारने गुणस्थानोंमें कर्म-प्रकृतियोंके बन्ध और अबन्धका कथन कर दिया है, अब वे कर्म-प्रकृतियोंके बन्ध-स्वामित्वको और भी विशेष रूपसे जाननेके लिए अपने

1. सं० पञ्चसं० ५, ४५३।

1. सप्ततिका० ६०।

शिष्योंको यह संकेत कर रहे हैं कि इस प्रकार चौदह मार्गणाओंकी अपेक्षासे भी जहाँ जितनी प्रकृतियोंका बन्ध सम्भव हो, उसे आगमके अनुसार जान लेना चाहिए। सो इसके विशेष परिज्ञानके लिए गो० कर्मकाण्डका बन्धाधिकार देखना आवश्यक है विस्तारके भयसे भाष्यगाथाकारने उसका विवेचन नहीं किया है।

अब मूल सप्ततिकाकार किस गतिमें कितनी प्रकृतियोंका सत्त्व होता है, यह बतलाते हैं—

[मूलगा० ५६][1]तित्थयर देव-णिरयाउगं च तीसु वि गदीसु बोहव्वं।
अवसेसा पयडीओ हवंति सव्वासु वि गदीसु[1] ॥४८३॥

अथ प्रकृतिसत्त्वपरिभाषामाह—['तित्थयर-देव-णिरयाउगं' इत्यादि।] तीर्थङ्करप्रकृतिसत्त्वं तिर्यग्गतिं विना नरक-मनुष्य-देवगतिषु तिसृषु भवति ज्ञातव्यम्। देवायुःसत्त्वं च द्वयोस्तिर्यग्मनुष्यगत्योः स्यात्। अवशेषाः १४५ प्रकृतयः सर्वासु गतिषु सत्त्वरूपा भवन्ति ॥४८३॥

तीर्थंकर नामकर्म, देवायु और नरकायु; इन तीन प्रकृतियोंका सत्त्व तीन तीन ही गतियोंमें जानना चाहिए। इसके सिवाय शेष सर्व प्रकृतियाँ सर्व गतियोंमें पाई जाती हैं ॥४८३॥

अब भाष्यगाथाकार उक्त गाथासूत्रके अर्थका स्पष्टीकरण करते हैं—

[2]देवेसु य णिरयाऊ देवाऊ णत्थि चेव णिरएसु।
तित्थयरं तिरएसु य सेसाओ होंति चउसु वि गदीसु ॥४८४॥

देवगतौ भुज्यमानदेवायुः बध्यमानतिर्यग्मनुष्यायुषी चेति सत्त्वत्रयम्, नरकगतौ भुज्यमाननरकायुः बध्यमानतिर्यग्मनुष्यायुषी चेति सत्त्वत्रयम्, देवायुःसत्त्वं नास्ति। तिर्यग्गतौ तिर्यग्जीवे तीर्थंकृत्त्वसत्त्वं न स्यात्। शेष १४५ प्रकृतिसत्त्वानि चतुर्गतिषु भवन्ति ॥४८४॥

देवोंमें नरकायु और नारकियोंमें देवायु नहीं पाई जाती है। इसी प्रकार तिर्यंचोंमें तीर्थंकर प्रकृति नहीं पाई जाती है। शेष सर्व प्रकृतियाँ चारों ही गतियोंमें पाई जाती हैं ॥४८४॥

विशेषार्थ—देव मरकर नरकगतिमें उत्पन्न नहीं हो सकता और नारकी मरकर देवगतिमें उत्पन्न नहीं हो सकता, ऐसा नियम है। अतः देवोंके नरकायुका और नारकियोंके देवायुका बन्ध नहीं होता। और इसी कारण देवायुका सत्त्व नरकगतिको छोड़कर शेष तीन गतियोंमें, तथा नरकायुका सत्त्व देवगतिको छोड़कर शेष तीन गतियोंमें पाया जाता है। तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध करनेवाले मनुष्यके देवायु या नरकायुका बन्ध सम्भव है। पर उसके तिर्यगायुका बन्ध कदाचित् भी सम्भव नहीं है क्योंकि तीर्थंकर प्रकृतिकी सत्तावाला जीव तिर्यंचोंमें उत्पन्न नहीं होता है, ऐसा नियम है। अतएव तीर्थंकरप्रकृतिका सत्त्व तिर्यग्गतिको छोड़कर शेष तीन ही गतियोंमें पाया जाता है।

अब मूलग्रन्थकार मोहकर्मके उपशमन करनेका विधान करते हैं—

[मूलगा० ५७][3]पढमकसायचउक्कं दंसणतिय सत्तया दु उवसंता।
अविरयसम्मत्तादी जाव णियट्टि त्ति णायव्वा[2] ॥४८५॥

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ४५४। 2. ५, ४५५। 3. ५, ४५६।

१. सप्ततिका० ६१। २. सप्ततिका० ६२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अथ गुणस्थानेषु मोहोपशमविधानं गाथाचतुष्केनाह—['पढमकसायचउक्कं' इत्यादि ।] प्रथमकषायचतुष्कं अनन्तानुबन्धिक्रोध-मान-माया-लोभाश्चत्वारः कषायाः ४ मिथ्यात्व-सम्यग्मिथ्यात्व-सम्यक्त्व-प्रकृतयः इति दर्शनत्रिकं ३ एतासां सप्तानां प्रकृतीनां ७ उपशमेन युक्ता जीवा असंयतसम्यग्दृष्ट्यादि-निवृत्तिकरणपर्यन्ता ज्ञातव्या भवन्ति ॥४८५॥

प्रथम कषाय-चतुष्क और दर्शनत्रिक; ये सातों ही प्रकृतियाँ अविरतसम्यक्त्व गुणस्थानसे लेकर निवृत्ति अर्थात् अपूर्वकरण गुणस्थान तक उपशान्त हो जाती हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥४८५॥

विशेषार्थ—मोहनीय कर्मके दो भेद हैं, दर्शनमोह और चारित्रमोह। दर्शन मोहकी तीन और चारित्रमोहकी पच्चीस प्रकृतियाँ होती हैं। उनमेंसे दर्शन मोहकी तीन और चारित्रमोहकी अनन्तानुबन्धि-चतुष्क, इन सात प्रकृतियोंका चौथे गुणस्थानसे लेकर आठवें गुणस्थान तक नियमसे उपशम हो जाता है।

अब भाष्यगाथाकार चारित्रमोहकी शेष प्रकृतियोंके उपशमनका विधान करते हैं—

[मूलगा० ५८][1]सत्तट्ठ णव य पण्णरस सोलस अट्ठरस वीस बावीसा ।
चउवीसं पणवीसं छव्वीसं बायरे जाणे[1] ॥४८६॥

अणियट्टिम्मि[*] ७।८।९।१५।१६।१८।२०।२२।२४।२५।२६।

बादरे अनिवृत्तिकरणे सप्तप्रकृत्युपशामकोऽनिवृत्तिगुणस्थानवर्ती ७ संख्याततमे भागे नपुंसकवेदमुपशमयति, तेन सहाष्टकम् ८। ततः स्त्रीवेदमुपशमयते, तेन सह नवकम् ९। ततः षण्णोकषायानुपशमयति, तैः सह पञ्चदशकम् १५। ततः पुंवेदमुपशमयति। तेन सह षोडश १६। तदनन्तरं अप्रत्याख्यान-प्रत्याख्यान-क्रोधद्वयमुपशमयति। ताभ्यां सहाष्टादश १८। तदनन्तरं संज्वलनक्रोधमुपशमयति। तेन सह एकोनविंशतिः १९। तदनन्तरं अप्रत्याख्यान-प्रत्याख्यानमानद्वयमुपशमयति। ताभ्यां सहैकविंशतिः २१। तदनन्तरं संज्वलनमानमुपशमयति। तेनसह द्वाविंशतिः २२। तदनन्तरं अप्रत्याख्यान-प्रत्याख्यानमायाद्वयमुपशमयति। ताभ्यां सह चतुर्विंशतिः २४। तदनन्तरं संज्वलनमायामुपशमयति। तया सह पञ्चविंशतिः २५। तदनन्तरं अप्रत्याख्यान-प्रत्याख्यानलोभद्वयमुपशमयति। ताभ्यां सह सप्तविंशतिः २७। तदनन्तरं बादरलोभमुपशमयति। तेन सहाष्टाविंशतिः २८। सूक्ष्मसाम्पराये उपशान्तकषाये च संज्वलनसूक्ष्मलोभमुपशमयति। ७। षं० १ स्त्री १।९। पु० १। क्रो २। क्रो १। मा २। मा १। मा २। मा १। लो २। लो १। इदमुपशमविधानं **गोम्मट्टसारे** प्रोक्तमस्ति। पञ्चसंग्रहोक्तभावोऽयं कथ्यते—अनिवृत्तिकरणसंख्यातभागेषु सप्तप्रकृतीनामुपशमकः। ७। षण्ढेन सह ८। स्त्रीवेदेन सह ९। हास्यादिभिः षड्भिः सह १५। पुंवेदेन सह १६। मध्यकषायक्रोधद्वयेन सह १८। मध्यकषायमानद्वयेन सह २०। मध्यकषाय-मायाद्वयेन सह २२। मध्यकषायलोभद्वयेन सह २४। संज्वलनक्रोधेन सह २५। संज्वलनमानेन सह २६। क्षीणकषाये [सूक्ष्मसाम्पराये] संज्वलनमायया सह २७। उपशान्ते संज्वलनलोभेन सह २८ इति पञ्चसंग्रहोक्तोपशमविधानम् ॥४८६॥

बादर अर्थात् अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें क्रमशः सात, आठ, नौ, पन्द्रह, सोलह, अट्ठारह, बीस, बाईस, चौबीस, पच्चीस और छब्बीस प्रकृतियोंका उपशमन जानना चाहिए ॥४८६॥

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ४६० ।

१. इन गाथाओंके स्थान पर श्वे० सप्ततिकामें कोई गाथा नहीं है ।

*ब अणियट्टियम्मि ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनिवृत्तिकरणमें उपशम होनेवाली प्रकृतियोंका क्रम इस प्रकार है—७, ८, ६, १५, १६, १८, २०, २२, २४, २५, २६।

अब आचार्य उपर्युक्त क्रमसे उपशान्त होनेवाली प्रकृतियोंका नामनिर्देश करते हैं—

[1]अण मिच्छ मिस्स सम्मं संढित्थी हस्सछक्क पुंवेदो।
वि ति कोहाई दो दो कमसो संता य संजलणा ॥४८७॥

७।१।१।६।१।२।२।२।२।१।१।१।१। एए मेलिया २८।

अनन्तानुबन्धि चतुष्कं ४ मिथ्यात्वं १ मिश्रं १ सम्यक्त्वप्रकृतिः १ एवं सप्तप्रकृत्युपशमकः असंयताद्यनिवृत्तिकरणान्तो भवति। सप्तप्रकृत्युपशमकोऽनिवृत्तिकरणः ७ स्वसंख्यातबहुभागेषु षण्ढवेदमुपशमयति १। तदनन्तरं स्त्रीवेदमुपशमयति १। तदनन्तरं हास्यादिषट्कमुपशमयति ६। तदनन्तरं पुंवेदमुपशमयति १। ततः द्वि-त्रिकषाय-क्रोधादिकौ द्वौ द्वौ उपशमयति। अप्रत्याख्यान-प्रत्याख्यानक्रोधद्वयमुपशमयति २। तदनन्तरं अप्रत्याख्यान-प्रत्याख्यानमानद्वयमुपशयति २। तदनन्तरं तन्मायाद्वयमुपशमयति २। तदनन्तरं तल्लोभद्वयमुपशमयति २। तदनन्तरं संज्वलनक्रोधमुपशमयति १। तदनन्तरं संज्वलनमानमुपशमयति १। एवमनिवृत्तिकरणो मोहप्रकृतीनां षड्विंशतेरुपशमको भवति २६। सूक्ष्मसाम्परायः संज्वलमायामुपशमयति १। तदनन्तरं उपशान्तकः संज्वलनलोभमुपशमयति १ ॥४८७॥

७।१।१।६।१।२।२।२।२।१।१।१।१। एताः सर्वाः मिलिताः २८।

अनिवृत्तिकरण बादरसाम्परायगुणस्थानके संख्यात भागों तक तो अनन्तानुबन्धिचतुष्क, मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्वप्रकृति; इन सातका उपशम रहता है। तदनन्तर नपुंसकवेदका उपशम करता है, तदनन्तर स्त्रीवेदका उपशम करता है। तदनन्तर हास्यषट्क (हास्य, रति, अरति, शोक, भय, और जुगुप्सा) का उपशम करता है। तदनन्तर पुरुषवेदका उपशम करता है। तदनन्तर अप्रत्याख्यानावरण क्रोध और प्रत्याख्यानावरण क्रोध, इन प्रकृतियोंका उपशम करता है। तदनन्तर दोनों मध्यम मानकषायोंका उपशम करता है। तदनन्तर दोनों मध्यम-मायाकषायोंका उपशम करता है। तदनन्तर दोनों मध्यम लोभकषायोंका उपशम करता है। तदनन्तर संज्वलन क्रोधका उपशम करता है। तदनन्तर संज्वलन मानका उपशम करता है। तदनन्तर संज्वलन मायाका उपशम करता है। तदनन्तर संज्वलन बादरलोभका उपशम करता हुआ दशवें गुणस्थानमें प्रवेश करता है। पुनः दशवें गुणस्थानके अन्तमें सूक्ष्म लोभका भी उपशम करके ग्यारहवें गुणस्थानमें प्रवेश करता है। इस प्रकार सातसे लेकर छब्बीस प्रकृतियोंका उपशम अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें होता है ॥४८७॥

[मूलगा० ५६][2]सत्तावीसं सुहुमे अट्ठावीसं च मोहपयडीओ।
उवसंतवीयराए† उवसंता होंति णायव्वा[1] ॥४८८॥

सुहुमे २७। उवसंते २८।

सूक्ष्मसाम्पराये सप्तविंशतिमोहप्रकृत्युपशामको मुनिः सूक्ष्मसाम्परायस्थो भवति २७। अष्टाविंशतिमोहप्रकृत्युपशामक उपशान्तकषायो भवति। इत्येवमुपशान्तपर्यन्तं मोहप्रकृत्युपशामको भवति ज्ञातव्यः। मोहनीयस्योपशमो भवति। अन्यकर्मणामुपशमविधानं नास्तीति। एतत्सर्वमोहोपशमविधानं पञ्चसंग्रहोक्तमस्ति।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ४५७। 2. ५, ४६१।

१. इन दोनों गाथाओंके स्थानपर श्वे० सप्ततिकामें कोई गाथा नहीं है।

†ब ओ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कति वारान् उपशमश्रेणिं जीवः समारोहति ? तदाह—

चत्तारि वारमुवसमसेढिं समरुहदि खविदकम्मंसो ।
बत्तीसं वाराइं संयममुवलहिय णिव्वादि[1] ॥३५॥

उपशमश्रेणिमुत्कृष्टेन चतुर्वारानेवारोहति । क्षपितकर्मांशो जीवः उपरि नियमेन क्षपकश्रेणिमेवारोहति संयममुत्कृष्टेन द्वात्रिंशद्वारान् प्राप्य ततो नियमेन निर्वाति ।

सम्मत्तं देसजमं ऊणसंजोअणविहिं च उक्कस्सं ।
पल्लासंखेज्जदिमं वारं पडिवज्जदे जीवो[2] ॥३६॥

प्रथमोपशमसम्यक्त्वं वेदकसम्यक्त्वं देशसंयममनन्तानुबन्धिविसंयोजनविधिं चोत्कृष्टेन पल्यासंख्यातैकभागवारान् प्रतिपद्यते जीवः । उपरि नियमेन सिद्ध्यत्येव ॥४८८॥

दशवें सूक्ष्मसाम्परायमें मोहकी सत्ताईस प्रकृतियोंका उपशम रहता है, तथा उपशान्त कषाय वीतरागछद्मस्थ नामक ग्यारहवें गुणस्थानमें मोहकर्मकी अट्ठाईस ही प्रकृतियाँ उपशान्त रहती हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥४८८॥

बादर साम्परायमें उपशान्त प्रकृतियाँ इस प्रकार हैं—७, १, १, ६, १, २, २, २, २, १ १ । सूक्ष्मसाम्परायमें उपशान्तप्रकृतियाँ २७ और उपशान्तमोहमें २८ हैं ।

अब मूलसप्ततिकाकार सर्व कर्मोंके क्षपणका विधान करते हैं—

[मूलगा०६०][1]पढमकसायचउक्कं एत्तो मिच्छत्त मिस्स सम्मत्तं ।
अविरदसम्मे देसे विरदपमत्ते य खीयंति[1] ॥४८९॥

[मूलगा०६१][2]अणियट्टिबायरे थीणगिद्धितिग णिरय-तिरियणामाओ ।
संखेज्जदिमे सेसे तप्पओगा य खीयंति[2] ॥४९०॥

अथाष्टचत्वारिंशदधिकशतकर्मप्रकृतिक्षपणविधिं गाथा-पञ्चदशकेन १५ निरूपयति—['पढमकसायचउक्कं' इत्यादि ।] अनन्तानुबन्धिकषायचतुष्कं ४ मिथ्यात्वप्रकृतिः १ सम्यग्मिथ्यात्वप्रकृतिः १ सम्यक्त्वप्रकृतिः १ एताः सप्त प्रकृतीः ७ असंयतसम्यग्दृष्टौ वा देशसंयते वा प्रमत्ते वा अप्रमत्ते वा क्षपयन्ति क्षयं नयन्तीत्यर्थः । तथाहि—असंयतादिषु चतुर्षु मध्ये एकतरः अनिवृत्तिकरणपरिणामकालान्तर्मुहूर्त्तचरमसमये अनन्तानुबन्धिकषायचतुष्कं युगपदेव विसंयोज्य द्वादशकषाय-नवनोकषायरूपेण परिणमय्य अन्तर्मुहूर्त्तकालं विश्रम्य पुनरप्यनन्तानुबन्धिविसंयोजनवद्दर्शनमोहक्षपणोद्योगेऽपि स्वीकृतकरणलब्ध्यधःप्रवृत्तापूर्वानिवृत्तिकरणेषु तदव्युत्पस्य (?) निवृत्तिकरणकालान्तमुहूर्त्तसंख्यातबहुभागमतीत्यैकभागे मिथ्यात्वं ततः सम्यग्मिथ्यात्वं ततः सम्यक्त्वप्रकृतिं च क्रमेण क्षपयति, क्षायिकसम्यग्दृष्टिर्भवति, सप्तप्रकृतिक्षपको भवति । क्षपकश्रेणिचटनापेक्षया सप्तप्रकृतीनामसंयतादिचतुर्गुणस्थानेष्वेकत्र क्षपितत्वात् । नारक-तिर्यग्-देवायुषां चाबद्धायुष्कत्वेनासत्त्वात् क्षपकश्रेण्यारूढानामपूर्वकरणेऽष्टत्रिंशदुत्तरशतप्रकृतिसत्त्वं स्यात् १३८ । अनिवृत्तिकरणे संख्याततमे भागे एताः षोडश प्रकृतीः क्षपयन्ति क्षपकाः । ताः काः ? स्त्यानगृद्धित्रयं ३ नरकनाम इति नरकगति-नरकगत्यानुपूर्व्यद्वयं २ तिर्यङ्नाम इति तिर्यग्गति-तिर्यग्गत्यानुपूर्व्यद्वयं २ तच्छेषभागेषु तत्प्रायोग्याः प्रकृतीः क्षयन्ति ॥४८९–४९०॥

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ४६२ । 2. ४६३–४६४ ।

१. सप्ततिका० ६३ तत्र चतुर्थचरणे 'पमत्ति अपमत्ति' । २. इसके स्थानपर भी श्वे० सप्ततिकामें कोई गाथा नहीं है ।

१. गो० क० ६१६ । २. गो० क० ६१८ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रथम अनन्तानुबन्धिकषायचतुष्क, पुनः मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्वप्रकृति, ये सात प्रकृतियाँ अविरतसम्यक्त्व, देशविरत, प्रमत्तविरत, अप्रमत्तविरत इन चार गुणस्थानोंमें क्षयको प्राप्त होती हैं। अनिवृत्तिकरण कालके संख्यात बहुभागोंके व्यतीत हो जानेपर और संख्यातवें भागके शेष रह जानेपर स्त्यानगृद्धित्रिक, तथा नरकगति और तिर्यग्गति प्रायोग्य अर्थात् तत्सम्बन्धी तेरह, इस प्रकार सोलह प्रकृतियाँ क्षयको प्राप्त होती हैं ॥४८६-४९०॥

अब भाष्यगाथाकार नवें गुणस्थानमें क्षय होनेवाली उन सोलह प्रकृतियोंका नाम-निर्देश करते हैं—

[1]थीणतियं णिरयदुयं तिरियदुयं पढमजाइचदुं।
साहारणं च सुहुमं आयावुज्जोव थावरयं ॥४९१॥

एत्थ णिरयणामाओ णिरयदुयं। तिरियदुगादि तिरियगइणामाओ ।१६।

एकेन्द्रिय-द्वि-त्रि-चतुरिन्द्रियजातिचतुष्कं ४ साधारणं १ सूक्ष्मं १ आतपः १ उद्योतः १ स्थावरं १ चेति षोडश प्रकृतीः क्षपकाः अनिवृत्तिकरणस्य प्रथमभागे क्षयन्ति १६ ॥४९१॥

स्त्यानत्रिक अर्थात् स्त्यानगृद्धि, निद्रानिद्रा और प्रचला-प्रचला; नरकद्विक (नरकगति-नरकगत्यानुपूर्वी) तिर्यग्द्विक (तिर्यग्गति-तिर्यग्गत्यानुपूर्वी) एकेन्द्रिय आदि चार जातियाँ, साधारण, सूक्ष्म, आतप, उद्योत और स्थावर इन सोलह प्रकृतियोंका नवें गुणस्थानमें क्षय होता है ॥४९१॥

यहाँ ऊपर मूलगाथामें नरकद्विकको नरकनाम और तिर्यद्विकको तिर्यग् नामसे कहा गया है।

[मूलगा०६२][2]एत्तो हणदि कसायट्ठयं च पच्छा णउंसयं इत्थी।
तो णोकसायछक्कं पुरिसवेदम्मि संछुहइ[१] ॥४९२॥

८।१।१।६।

[मूलगा०६३][3]पुरिसं कोहे कोहं माणे माणं च छुहइ मायाए।
मायं च छुहइ लोहे लोहं सुहमम्हि तो हणइ[२] ॥४९३॥

१।१।१।१।१।

[मूलगा०६४][4]खीणकसायदुचरिमे णिद्दा पयला य हणइ छदुमत्थो।
णाणंतरायदसयं दंसणचत्तारि चरिमम्हि[३] ॥४९४॥

२।१४।

अत्रानिवृत्तिकरणे षोडशप्रकृतिक्षयानन्तरं अनिवृत्तिकरणः क्षपकः कषायाष्टकं शेषैकभागे अप्रत्याख्यान-प्रत्याख्यान-कषायाष्टकं क्षपयति क्षयं करोति हिनस्ति ८। पश्चात् तदनन्तरं शेषैकभागे नपुंसकवेदं क्षपयति १। ततः शेषैकभागे स्त्रीवेदं क्षपयति १। ततो हास्यादिनोकषायषट्कं हिनस्ति क्षपयति ६। नोकषायषट्कं हित्वा पुंवेदं 'संछुहइ' संस्पृशति क्षपयति १। पुंवेदं हित्वा संज्वलनक्रोधे संस्पृशति, क्रोधं क्षपयतीत्यर्थः १। क्रोधं हित्वा संज्वलनमाने संस्पृशति, संज्वलनमानं क्षपयतीत्यर्थः १। ततो मानं हित्वा क्षयं कृत्वा मायायां स्पृशति, मायां क्षपयतीत्यर्थः। ततो मायां हित्वा क्षपयित्वा लोहे स्पृशति। अत्रानिवृत्ति-

1. सं० पञ्चसं० ५, ४६५। 2. ५, ४६६। 3. ५, ४६७। 4. ५, ४६८।

१. श्वे० सप्ततिकामें यह गाथा नहीं है। २. सप्ततिका० ६४। ३. श्वे० सप्ततिकामें यह गाथा भी नहीं है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करणः क्षपकः बादरलोभं क्षपयति सूक्ष्मकृष्टीः करोति । ताः कृष्टयः सूक्ष्मसाम्पराये उदयन्तीति ज्ञातव्यम् । सूक्ष्मसाम्परायः सूक्ष्मसाम्पराये सूक्ष्मकृष्टिंगतसूक्ष्मसंज्वलनलोभं क्षपयति १ । सूक्ष्मसाम्पराये सूक्ष्मसंज्वलन-लोभो व्युच्छिन्नः । अनिवृत्तिकरणे मायापर्यन्तषट्त्रिंशत्प्रकृतयः क्षयं गता व्युच्छिन्ना भवन्ति ।

अनिवृत्तिकरणे षोडशाष्टकादिक्षपणाविधानरचनासंदृष्टिः—

१६	८	१	१	६	१	१	१	१	१	१
प्र०	क०	न०	स्त्री०	नो०	पु०	क्रो०	मा०	मा०	बादरलो०	सू०लो०

क्षीणकषायस्य द्विचरमसमये उपान्त्यसमये छद्मस्थः क्षपकः निद्रा-प्रचले द्वे प्रकृती हन्ति हिनस्ति क्षपयति २ । अन्त्यसमये चरमे क्षणे ज्ञानावरणपञ्चकं ५ अन्तरायपञ्चकं ५ चक्षुरचक्षुरवधिकेवलदर्शनावरण-चतुष्कं ४ इति चतुर्दश प्रकृतीः क्षीणकषायो मुनिरन्त्यसमये क्षपयति १४ ॥४६२–४६४॥

तदनन्तर वह अनिवृत्तिकरणसंयत आठ मध्यम कषायोंका क्षय करता है। तत्पश्चात् नपुंसकवेदका क्षय करता है। तदनन्तर स्त्रीवेदका क्षय करता है। तदनन्तर नोकषायषट्कको पुरुषवेदमें संक्रान्त करता है। तदनन्तर पुरुषवेदको संज्वलनक्रोधमें संक्रान्त करता है। तद-नन्तर संज्वलनक्रोधको संज्वलनमानमें संक्रान्त करता है। तदनन्तर संज्वलनमानको संज्वलन मायामें संक्रान्त करता है। तदनन्तर संज्वलनमायाको संज्वलनलोभमें संक्रान्त करता है और सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें संज्वलनलोभका क्षय करता है। पुनः बारहवें गुणस्थानमें पहुँचकर वह क्षीणकषायवीतरागछद्मस्थ बन जाता है और अपने गुणस्थानके द्विचरम समयमें निद्रा और प्रचलाका क्षय करता है। पुनः चरम समयमें ज्ञानावरणकी पाँच, अन्तरायकी पाँच और दर्शना-वरणकी चार इन चौदह प्रकृतियोंका क्षय करता है ॥४६२-४६४॥

भावार्थ—क्षपक श्रेणीपर चढ़नेवाला जीव इस उपर्युक्त प्रकारसे कर्मप्रकृतियोंका क्षय करता हुआ दशवें गुणस्थानमें मोहका पूर्ण रूपसे क्षयकर तथा बारहवें गुणस्थानमें शेष तीन घातिया कर्मोंका भी क्षय करके सयोगिकेवली बन जाता है। सयोगिकेवली भगवान् किसी भी कर्मका क्षय नहीं करते हैं किन्तु प्रति समय असंख्यात गुणश्रेणी निर्जरा करते हुए विहार करते रहते हैं। तदनन्तर योग-निरोध करके अयोगी बन जाते हैं।

[मूलगा०६५][1]देवगइसहगयाओ दुचरिमभवसिद्धियम्हि खीयंति ।
सविवागेदरमणुयगइणाम णीचं पि एत्थेव[4] ॥४६५॥

द्विचरमभवसिद्धौ अयोगिकेवलिनि द्विचरमसमये उपान्त्यसमये देवगतिः १ देवगत्या सह गता देव-गतिसम्बन्धिनी देवगत्यानुपूर्वी इत्यर्थः १ । इयं प्रकृतिरेका क्षेत्रविपाका १ सविपाकेतरमनुष्यगतिनाम-जीवविपाकिन्यः पुद्गलविपाकिन्यश्च एकोनसप्ततिनामप्रकृतयः ६९ नीचगोत्रं १ एवं द्वासप्ततिं प्रकृती-रुपान्त्यसमयेऽयोगी क्षपयति ७२ ॥४६५॥

अयोगिकेवली चौदहवें गुणस्थानके द्विचरम भवसिद्धकालमें देवगति सहगत अर्थात् देव-गतिके साथ नियमसे बँधनेवाली दश प्रकृतियोंका, मनुष्यगति-सम्बन्धी जीवविपाकी और पुद्गलविपाकी प्रकृतियोंका, अयोगि अवस्थामें जिनका उदय नहीं आता है, ऐसी नामकर्मकी अविपाकी प्रकृतियोंका तथा नीचगोत्रका क्षय करते हैं ॥४६५॥

1. सं० पञ्चसं० ५, ४६६ ।
४. सप्ततिका० ६५ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब भाष्यगाथाकार उक्त प्रकृतियोंका नाम-निर्देश करते हैं—

[1]सरजुयलमपज्जत्तदुब्भगणादेज्ज दो विहायगई ।
एयदरवेदणीयं उस्सासो अजस जीवपागाओ ॥४९६॥

।१०।

ताः का इति चेदाह—['सरजुयलमपज्जत्त' इत्यादि ।] सुस्वर-दुःस्वर युग्मं २ अपर्याप्तं १ दुर्भगं १ अनादेयं १ प्रशस्ताप्रशस्तविहायोगतिद्वयं २ सातासातयोर्मध्ये एकतरवेदनीयं १ श्वासोच्छ्वासं १ अयशस्कीर्तिनाम १ चेत्येता दश १० प्रकृतयः जीवविपाका जीवद्रव्ये उदयं यान्तीति जीवविपाकिन्यः १० ॥४९६॥

स्वर-युगल (सुस्वर-दुस्वर), अपर्याप्त, दुर्भग, अनादेय, विहायोगतिद्विक, कोई एक वेदनीयकर्म, उच्छ्वास और अयशस्कीर्त्ति; ये दश जीवविपाकी प्रकृतियाँ चौदहवें गुणस्थानके उपान्त्य समयमें क्षयको प्राप्त होती हैं ॥४९६॥

अयोगीके द्विचरम समयमें क्षय होनेवाली जीवविपाकी प्रकृतियाँ १० हैं ।

[2]पण्णरसं छ त्तिय छ पंच दोण्णि पंचय हवंति अट्ठेव ।
देहादिय फासंता पुग्गलपागाउ सुहजुयलं ॥४९७॥
पत्तेयागुरुणिमिणं परघादुवघादथिरजुयलं ।

।५९।

देवगईए तासिं देव–दुगं णीचगोयं च ॥४९८॥

३। सव्वे वि मेलिया ७२।

[3]बावत्तरि पयडीओ दुचरिमसमयम्मि खीणाओ ।
अंते तस्स दु बायर तस सुभगादेज्जपज्जत्तं ॥४९९॥
अण्णयरवेयणीयं मणुयाऊ मणुयजुयल तित्थयरं ।
पंचिंदियजसमुच्चं सोऽजोगो वंदणिज्जो सो ॥५००॥

७२।१३।

देहादि-स्पर्शान्ताः पञ्च शरीराणि ५ पञ्च बन्धनानि ५ पञ्च संङ्घाताः ५ इति पञ्चदश । षट् संहनन ६ आङ्गोपाङ्ग ३ षट् संस्थान ६ पञ्च वर्ण ५ द्विगन्ध २ पञ्चरसा ५ ष्टस्पर्शाः ८ इति शरीरादि-स्पर्शान्ताः पञ्चाशत् प्रकृतयः ५० । शुभाशुभयुग्मं २ प्रत्येकं १ अगुरुलघुनाम १ निर्माणं १ परघातः १ स्थिरास्थिरयुग्मं २ एवमेकोनषष्टिः प्रकृतयः ५९ पुद्गलविपाकिन्यः पुद्गले शरीरे उदयं यान्ति । दश जीवविपाकिन्यः १० । तासां मध्ये एकोनसप्ततेर्मध्ये देवगत्या देवद्विकं देवगतिः १ देवगत्यानुपूर्वी १ नीचगोत्रं १ चेति सर्वा मिलिताः द्वासप्ततिं प्रकृती ७२ रयोगिद्विचरमसमये क्षपयति । द्वासप्ततिः प्रकृतयः अयोगिद्विचरमसमये क्षयं गताः ७२ । तदनन्तरं तस्य अयोगिनः अन्त्यसमये बादरनाम १ त्रसं १ सुभगं १ आदेयं १ पर्याप्तं १ सातासातयोर्मध्ये एकतरवेदनीयं १ मनुष्यायुः १ मनुष्यगति-मनुष्यगत्यानुपूर्व्यद्वयं २ तीर्थकरत्वं १ पंचेन्द्रियं १ यशस्कीर्त्तिनाम १ उच्चैर्गोत्रं १ एवं त्रयोदश प्रकृतीर्योऽसौ अयोगिजिनो देवः अन्त्यसमये क्षपयति, स अयोगिजिनो वन्दनीयो भवति ॥४९७–५००॥

पाँच शरीर, पाँच बन्धन और पाँच संघात; ये पन्द्रह प्रकृतियाँ; छह संहनन, तीन अंगोपांग, छह संस्थान, पाँच वर्ण, दो गन्ध, पाँच रस और आठ स्पर्श; ये शरीरनाम कर्मसे

1. ५, ४७० । 2. ५, ४७१-४७५ । 3. ४७६-४७७ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लेकर स्पर्श नाम कर्म तककी पचास प्रकृतियाँ; तथा शुभ-युगल, प्रत्येकशरीर, अगुरुलघु, निर्माण, परघात, उपघात और स्थिर-युगल; ये नौ, दोनों मिलाकर उनसठ पुद्गलविपाकी प्रकृतियाँ हैं। देवगतिके साथ नियमसे बँधनेवाली दश प्रकृतियाँ, देवगतिद्विक और नीच गोत्र इस प्रकार (१०+५९+२+१=७२) ये बहत्तर प्रकृतियाँ अयोगिकेवलीके द्विचरम समयमें क्षय होती हैं। उन्हींके अन्तिम समयमें बादर, त्रस, सुभग, आदेय, पर्याप्त, कोई एक वेदनीयकर्म, मनुष्यायु, मनुष्यगति-युगल, तीर्थंकर, पंचेन्द्रिय जाति, यशःकीर्त्ति और उच्चगोत्र, ये तेरह प्रकृतियाँ क्षयको प्राप्त होती हैं। इस प्रकार सर्व कर्म-प्रकृतियोंका क्षय करनेवाले वे अयोगिजिन हम आप सबके वन्दनीय हैं ॥४९७–५००॥

अयोगि जिनके द्विचरम समयमें ७२ और चरम समयमें १३ प्रकृतियोंका क्षय होता है।

[1]सुर-णिरय-तिरियाऊहिं विणा मिच्छे $\overset{\text{०}}{\underset{\text{३}}{\text{१४५}}}$ तित्थयराहारदुगूणा सासणे $\overset{\text{०}}{\underset{\text{६}}{\text{१४२}}}$ आहारदुगेण सह मिस्से $\overset{\text{०}}{\underset{\text{४}}{\text{१४४}}}$ तित्थयरेण सह अविरदे $\overset{\text{७}}{\underset{\text{३}}{\text{१४५}}}$ देसे $\overset{\text{७}}{\underset{\text{३}}{\text{१४५}}}$ पमत्ते $\overset{\text{७}}{\underset{\text{३}}{\text{१४५}}}$ अप्पमत्ते $\overset{\text{७}}{\underset{\text{३}}{\text{१४५}}}$ अपुव्वे $\overset{\text{०}}{\underset{\text{११}}{\text{१३८}}}$ अणियट्टि-णवभाएसु $\overset{\text{१६}}{\underset{\text{१०}}{\text{१३८}}}$ $\overset{\text{८}}{\underset{\text{२६}}{\text{१२२}}}$ $\overset{\text{१}}{\underset{\text{३४}}{\text{१४४}}}$ $\overset{\text{१}}{\underset{\text{३५}}{\text{११३}}}$ $\overset{\text{६}}{\underset{\text{३६}}{\text{११२}}}$ $\overset{\text{१}}{\underset{\text{४२}}{\text{१०६}}}$ $\overset{\text{१}}{\underset{\text{४३}}{\text{१०५}}}$ $\overset{\text{१}}{\underset{\text{४४}}{\text{१०४}}}$ $\overset{\text{१}}{\underset{\text{४५}}{\text{१०३}}}$ सुहुमे $\overset{\text{१}}{\underset{\text{४६}}{\text{१०२}}}$ उवसंते $\overset{\text{०}}{\underset{\text{२}}{\text{१४६}}}$ खीणदुचरिमसमए $\overset{\text{२}}{\underset{\text{४७}}{\text{१०१}}}$ (चरिमसमये $\overset{\text{१४}}{\underset{\text{४९}}{\text{९९}}}$ सयोगे $\overset{\text{०}}{\underset{\text{६३}}{\text{८५}}}$ अयोगदुचरिमसमये $\overset{\text{७२}}{\underset{\text{६३}}{\text{८५}}}$ चरिमसमये $\overset{\text{१३}}{\underset{\text{१३५}}{\text{१३}}}$ सिद्धे $\overset{\text{०}}{\underset{\text{१४८}}{\text{०}}}$।

मिथ्या०

देव-नारक-तिर्यगायुर्भिर्विना मिथ्यादृष्टौ सत्ता $\overset{\text{०}}{\underset{\text{३}}{\text{१४५}}}$ आहारकद्वय-तीर्थङ्करत्वैस्त्रिभिर्विना सासादने (सा०) $\overset{\text{०}}{\underset{\text{६}}{\text{१४२}}}$ आहरकद्वयेन सह मिश्रे (मिश्र०) $\overset{\text{०}}{\underset{\text{४}}{\text{१४१}}}$ तीर्थंकरेण सह असंयतसम्यग्दृष्टौ (अवि०) $\overset{\text{७}}{\underset{\text{३}}{\text{१४५}}}$ देशसंयते (देश०) $\overset{\text{७}}{\underset{\text{३}}{\text{१४५}}}$ प्रमत्ते (प्रम०) $\overset{\text{७}}{\underset{\text{३}}{\text{१४५}}}$ अप्रमत्ते (अप्रमत्त०) $\overset{\text{७}}{\underset{\text{३}}{\text{१४५}}}$ अपूर्वकरणे (अपू०) $\overset{\text{०}}{\underset{\text{१०}}{\text{१३८}}}$ अनिवृत्तिकरणस्य नवसु भागेषु $\overset{\text{१६}}{\underset{\text{१०}}{\text{१३८}}}$ $\overset{\text{८}}{\underset{\text{२६}}{\text{१२२}}}$ $\overset{\text{१}}{\underset{\text{३४}}{\text{११४}}}$ $\overset{\text{१}}{\underset{\text{३५}}{\text{११३}}}$ $\overset{\text{६}}{\underset{\text{३६}}{\text{११२}}}$ $\overset{\text{१}}{\underset{\text{४२}}{\text{१०६}}}$ $\overset{\text{१}}{\underset{\text{४३}}{\text{१०५}}}$ $\overset{\text{१}}{\underset{\text{४४}}{\text{१०४}}}$ $\overset{\text{१}}{\underset{\text{४५}}{\text{१०३}}}$ सूक्ष्मसाम्पराये $\overset{\text{१}}{\underset{\text{४६}}{\text{१०२}}}$ उपशान्ते $\overset{\text{०}}{\underset{\text{२}}{\text{१४६}}}$ क्षीणकषायद्विचरसमये $\overset{\text{२}}{\underset{\text{४७}}{\text{१०१}}}$ क्षीणकषायचरमसमये $\overset{\text{१४}}{\underset{\text{४९}}{\text{९९}}}$ सयोगिकेवलिनि $\overset{\text{०}}{\underset{\text{६३}}{\text{८५}}}$ अयोगिद्विचरसमये $\overset{\text{७२}}{\underset{\text{६३}}{\text{८५}}}$ अन्त्यसमये $\overset{\text{१३}}{\underset{\text{१३५}}{\text{१३}}}$ सिद्धे $\overset{\text{०}}{\underset{\text{१४८}}{\text{०}}}$।

1. सं० पञ्चसं० ५, 'रभ्रदेव' इत्यादिगद्यांशः (पृ० २२४)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिथ्यात्व गुणस्थानसे ऊपर चढ़ते हुए जीवके किस गुणस्थानमें कितनी प्रकृतियोंका क्षय होता है कितनीका सत्त्व रहता है और कितनीका सत्त्व नहीं रहता है, यह स्पष्ट करनेके लिए भाष्यकारने जो अंक संदृष्टियाँ दी हैं, उनका विवेचन किया जाता है। ऊपर चढ़कर कर्मक्षय करनेवाले जीवके मिथ्यात्व गुणस्थानमें देवायु, नरकायु औ तिर्यगायुकी सत्ता संभव नहीं है, अतः ३ का असत्त्व और १४५ का सत्त्व होता है। यहाँ पर सत्त्व-व्युच्छित्ति किसी प्रकृतिकी नहीं है। सासादनमें तीर्थंकरप्रकृति और आहारकद्विक, इन तीनका सत्त्व नहीं होता, अतः यहाँपर ६ का असत्त्व और १४२ का सत्त्व जानना चाहिए। यहाँपर भी किसी प्रकृतिकी सत्त्व-विच्छित्ति नहीं होती है। तीसरे मिश्र गुणस्थानमें आहारक द्विकका सत्त्व सम्भव है, अतः यहाँपर ४ का असत्त्व और १४४ का सत्त्व है। यहाँपर भी किसी प्रकृतिकी सत्त्व-व्युच्छित्ति नहीं होती है। अविरतसम्यक्त्व गुणस्थानमें तीर्थङ्कर प्रकृतिका सत्त्व पाया जाता है, अतः ३ का असत्त्व और १४५ का सत्त्व रहता है। इस गुणस्थानमें अनन्तानुबन्धिचतुष्क और दर्शनमोहत्रिक; इन सातकी सत्त्वव्युच्छित्ति जानना चाहिए। देशविरतमें भी असत्त्व ३ का सत्त्व १४५ का और सत्त्वव्युच्छित्ति ७ की है। प्रमत्तविरत और अप्रमत्तविरतमें भी इसी प्रकार असत्त्व, सत्त्व और सत्त्वव्युच्छित्ति जानना चाहिए। सातवें गुणस्थानके अन्तमें उक्त सातों प्रकृतियोंकी सत्त्वव्युच्छित्ति हो जानेसे और नरक आदि तीन आयुकर्मोंके सत्त्वमें न होनेसे असत्त्व प्रकृतियाँ १० और सत्त्व प्रकृतियाँ १३८ हैं। यहाँपर किसी भी प्रकृतिका क्षय नहीं होता, अतः सत्त्वव्युच्छित्ति नहीं बतलाई गई है। अनिवृत्तिकरणके नौ भागोंमें-से प्रथम भागमें असत्त्व १०, सत्त्व १३८ और सत्त्वव्युच्छित्ति १६ की है। दूसरे भागमें असत्त्व २६, सत्त्व १२२ और सत्त्वव्युच्छित्ति ८ की है। तीसरे भागमें असत्त्व ३४, सत्त्व ११४ और सत्त्व-व्युच्छित्ति १ की है। चौथे भागमें असत्त्व ३५, सत्त्व ११३ और सत्त्व-व्युच्छित्ति १ की है। पाँचवें भागमें असत्त्व ३६, सत्त्व ११२ और सत्त्वव्युच्छित्ति ६ की है। छठे भागमें असत्त्व ४२, सत्त्व १०६ और सत्त्वव्युच्छित्ति १ की है। सातवें भागमें असत्त्व ४३, सत्त्व १०५ और सत्त्वव्युच्छित्ति १ की है। आठवें भागमें असत्त्व ४०, सत्त्व १०४ और सत्ताव्युच्छित्ति १ की है। नवें भागमें असत्त्व ४५, सत्त्व १०३ और सत्त्वव्युच्छित्ति १ की है। सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें असत्त्व ४६, सत्त्व १०२ और सत्त्वव्युच्छित्ति १ की है। क्षपक श्रेणीवाला ग्यारहवेंमें न चढ़कर बारहवें गुणस्थानमें ही चढ़ता है, अतः उसका यहाँ विचार नहीं किया गया है। क्षीणकषायके द्विचरम समयमें ४७ का असत्त्व, १०१ का सत्त्व और २ की सत्त्वव्युच्छित्ति होती है। क्षीणकषायके चरम समयमें ४९ का असत्त्व, ९९ का सत्त्व और १४ की सत्त्व-व्युच्छित्ति होती है। सयोगिकेवलीके ६३ का असत्त्व, और ८५ का सत्त्व रहता है। यहाँपर किसी भी कर्म-प्रकृतिकी व्युच्छित्ति नहीं होती है। अयोगिकेवलीके द्विचरम समयमें ६३ का असत्त्व, ८५ का सत्त्व और ७२ की सत्त्वव्युच्छित्ति होती है। अयोगि केवलीके चरम समयमें १३५ का असत्त्व, १३ का सत्त्व और १३ की सत्त्वव्युच्छित्ति होती है। सिद्धोंके किसी भी कर्म-प्रकृतिका सद्भाव नहीं पाया जाता। अतएव उनके १४८ प्रकृतियोंका असत्त्व जानना चाहिए।

अब सप्ततिकाकार अयोगिकेवलीके उदय आनेवाली प्रकृतियोंका नाम-निर्देश करते हैं—

[मूलगा०६६] अण्णयरवेयणीयं मणुयाऊ उच्चगोय णामणवं।
वेदेदि अजोगिजिणो उक्कस्स जहण्णमेयारं[1] ॥५०१॥

---

1. सप्ततिका० ६६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अयोगे उदयप्रकृतीराह—अन्यतरवेदनीयं १ मनुष्यायुः १ उच्चगोत्रं १ नामप्रकृतिनवकं ९ वक्ष्यमाणम्। एवं द्वादशानां प्रकृतीनामुदयं अयोगिजिनः उत्कृष्टतया वेदयति अनुभवति। जघन्येन तीर्थकरत्वं विना एकादशानां प्रकृतीनामुदयं अयोगिनो वेदयति अनुभवति ॥५०१॥

कोई एक वेदनीय, मनुष्यायु, उच्चगोत्र और नामकर्मकी नौ प्रकृतियाँ; इस प्रकार इन बारह प्रकृतियोंका अयोगिजिन उत्कृष्ट रूपसे वेदन करते हैं। तथा जघन्य रूपसे तीर्थङ्कर प्रकृतिके विना ग्यारह प्रकृतियोंका वेदन करते हैं। क्योंकि सभी अयोगिजिनोंके तीर्थङ्करप्रकृतिका उदय नहीं पाया जाता है ॥५०१॥

अब आचार्य अयोगिजिनके उदय होनेवाली नामकर्मकी उपरि-निर्दिष्ट नौ प्रकृतियोंका नामोल्लेख करते हैं—

[मूलगा०६७] मणुयगई पंचिंदिय तस बायरणाम सुभगमादिज्जं।
पज्जत्तं जसकित्ती तित्थयरं णाम णव होंति[1] ॥५०२॥

ताः का नवेति प्राह—['मणुयगई पंचिंदिय' इत्यादि।] मनुष्यगतिः १ पञ्चेन्द्रियं १ त्रसं १ बादरनाम १ सुभगं १ आदेयं १ पर्याप्तं १ यशस्कीर्त्तिः १ तीर्थकरत्वं १ चेति नाम्नः नव प्रकृतयो भवन्ति ॥५०२॥

मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रस, बादर, सुभग, आदेय, पर्याप्त, यशःकीर्त्ति और तीर्थंकर-प्रकृति नामकर्मकी इन नौ प्रकृतियोंका उदय अयोगिजिनके होता है ॥५०२॥

अयोगिजिनके मनुष्यानुपूर्वीका सत्त्व उपान्त्य समय तक रहता है, या अन्तिम समय तक? आचार्य इस बातका निर्णय करते हैं—

[मूलगा०६८] मणुयाणुपुव्विसहिया तेरस भवसिद्धियस्स चरमंते।
संतस्स दु उक्कस्सं जहण्णयं बारसा होंति[2] ॥५०३॥

